माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 183, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 16
फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 02


## फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

## आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या का एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार को राज्य के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद किसानों की 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए हरियाणा अर्धसैनिक बल के जवानों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए। पंधेर ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब सरकार इस घटना के सिलसिले में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज करे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मांग की कि पंजाब सरकार शुभकरण को शहीद का दर्जा दे।

### आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के कई एसकेएम नेताओं ने इस बैठक में हिस्सा लिया। इन सीमा बिंदुओं पर हजारों किसान 'दिल्ली चलो' आह्वान के तहत डेरा डाले हुए हैं। किसान नेताओं ने एक किसान की मौत हो जाने के बाद बुधवार को यह मार्च दो दिन के लिए रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि वे शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।

### एक नजर

#### सीयूईटी-यूजी में खत्म की जा सकती है अंक सामान्यीकरण व्यवस्था

**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्येक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास रहता है, लेकिन संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, किसी पाली में कुछ कठिन प्रश्न मिलें। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें। इसे दूर करने को प्रतिशत स्कोर के आधार पर अंकों की सामान्यीकरण व्यवस्था की जाती है।

#### तीन राज्यों में साथ चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और आप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिलकर लड़ने की तैयारी में हैं और दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों दलों के बीच दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों दल जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकते हैं।

## सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

**दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच**

**केंद्रीय जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची**

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

**किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।



नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।

### मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं



मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।

**संदेशखालि मामला**

### पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखालि की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

### ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

## राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।



### विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

## गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत, 6 को बचाया

- नेशनल कान्फ्रेंस के नेता उमर भी यहां कर रहे थे स्कीइंग

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के गश्ती दल बचाव-सह-तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन में फंसे लोगों को निकालने और प्रभावी बचाव अभियान के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पर्यटन विभाग के गुलमर्ग स्की गश्त और पुलिस के बीच समन्वित अभियान की वजह से छह रूसी स्कीयर और एक स्थानीय गाइड को हिमस्खलन के बाद गुलमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके से सफलतापूर्वक बचाया गया। गुलमर्ग के इस ऊंचाई वाले इलाके को आर्मी रिज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि बचाव टीम की तमाम कोशिशों के बावजूद एक रूसी स्कीयर की हिमस्खलन के कारण दर्दनाक मौत हो गई। प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने कहा कि गुलमर्ग में चल रहे 'चौथे खेलो इंडिया' शीतकालीन खेल में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला स्वयं बुधवार को गुलमर्ग में स्कीइंग कर रहे थे। उन्होंने सभी स्कीयर की सलामती की प्रार्थना की है।

### 25 मई को खुलेंगे गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इस वर्ष 25 मई को खोले जाएंगे तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाएंगे।

यह जानकारी गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गुरुवार को सचिवालय में मुलाकात के दौरान दी। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा घोषित की गई तिथियों को राज्य सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

## मुनस्यारी, पिथौरागढ़ व चंपावत को हेली सेवा शुरू

**देहरादून से मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअल रूप से किया लोकार्पण, हल्द्वानी से होगी उड़ान**

- आवागमन सुविधा के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी मिलेगी सहायता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी से तीन स्थानों के लिए हवाई सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों में भी मदद मिलेगी।

राज्य में लंबे समय से हेली सेवा की मांग चल रही थी। गौलापार स्थित हेलीपैड से 7 सीटर हेलीकॉप्टर प्रतिदिन 2-2 उड़ानें हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ व मुनस्यारी को चलाई गई हैं। हेरिटेज एविएशन कंपनी ने इसका किराया भी तय किया है। हल्द्वानी से चंपावत 2500 रुपये, हल्द्वानी से पिथौरागढ़ 3000 रुपये व हल्द्वानी से मुनस्यारी 3500 रुपये का टिकट है।



वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस हवाई सेवा की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने व लोगों को आवागमन के लिए सुविधा प्रदान करने में यह सेवा सक्षम होगी। आपात समय में राहत व बचाव कार्यों में भी प्रभावी होगी। विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन के साथ लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी।

दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पर्यटन व हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना (उड़े देश का हर नागरिक) के तहत हवाई सेवा शुरू की गई थी। इस सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ होगा। बताया कि पिथौरागढ़ व चंपावत के विकास के लिए केंद्र ने 140 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यक्रम को विधायक विशन सिंह चुफ़ाल, अपर सचिव नागरिक उड्डयन सी रवि शंकर के साथ ही मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत तथा हल्द्वानी से जुड़े जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगिंदर सिंह रौतेला, गिरीश जोशी, गणेश भंडारी, दीपिका बोरा, धन सिंह, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।




# टेस्ट के बाद अब मोहम्मद शमी आईपीएल से भी बाहर

## पिछले साल नवंबर में अंतिम बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था, लंदन में होगा टखने का ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट से अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह 3 सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह ऑपरेशन के लिए जल्द ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट लिए थे। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस गेंदबाज का अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक फिट होना होगा। शमी की चोट से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है।

### आईपीएल का पहला मैचः चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स से भिड़ेगी

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद होगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। 10 टीम को 5-5 के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप चरण में हर टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से 1-1 बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे का सामना करेंगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। 2014 में आम चुनाव से स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में इसे आयोजित किया गया था, लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में कराए गए थे।

# बशीर इंग्लैंड की एकादश में शामिल

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए पिच का मिजाज परखते हुए अपनी एकादश में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को शामिल किया है तथा तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मौका दिया है।

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले चौथे टेस्ट के लिए जो मार्क वुड और रेहान अहमद की जगह इनको टीम में जगह दिया गया है। इंग्लैंड को बशीर से शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने बशीर के चयन को लेकर कहा कि हम पिच देखकर एकादश चुनना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पिच को देखते हुए मुझे लगता है कि यहां अतिरिक्त उछाल मिलेगा और यह स्पिन के लिए सहायक होगी। इसीलिए हमने बशीर को टीम में लिया है। उन्होंने ओली रॉबिन्सन पर कहा कि मैं वास्तव में उसे मौका देने के लिए उत्साहित हूं। वह एक अविश्वसनीय पेशेवर है, जिस तरह से उन्होंने काम किया है। पहले तीन गेम नहीं खेलना बेहद निराशाजनक है, विशेषकर किसी ऐसे व्यक्ति के लिए, जिसने पिछले दो वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिस तरह से उन्होंने सब कुछ जारी रखा, जा रहा है और आगे बढ़ रहा है। नहीं खेलने की स्पष्ट निराशा से निपटना काम करने का एक शानदार तरीका है। अब मौका आ गया है। उसने वह सब कुछ किया है जो उसे करना था और मैं वास्तव में उसे फिर से पार्क में देखने के लिए उत्सुक हूं।

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

## खेल डायरी

### रोनाल्डो का गोल, अल नासर क्वार्टरफाइनल में



**रियाद।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।

एशियाई चैंपियंस लीग


### स्वियातेक, रयबाकिना और गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को हराया। इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला क्वीनवेन झेंग से होगा।

### पूनाचा ने एटीपी चैलेंजर में नागल को हराया

**पुणे।** भारत के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा ने गुरुवार को शीर्ष वरीय और हमवतन सुमित नागल को हराकर उलटफेर करते हुए एटीपी चैलेंजर 100 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पूनाचा ने नागल को शिकस्त दी और क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुकुंद के साथ शामिल हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में डेविस कप में पदार्पण करने वाले पूनाचा का सामना आस्ट्रेलिया के डेव स्वीनी से होगा जिन्हेंने पोलैंड के माक्स कासिनोवस्की को हराया। भारत की दो जोड़ियों ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी ने जर्मनी के जैकब श्नैटर और मार्क वॉलनर को हराया।

### फोनसेका ने रियो ओपन में एटीपी टूर मैच जीता



**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थस फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी, जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया। गुरुवार को बारिश के कारण खेल रोक दिया गया।

# भारत जीत तो इंग्लैंड वापसी को करेगा संघर्ष

## भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे, घर में करती आ रही बेहतर प्रदर्शन

रांची, एजेंसी

तेज गेंदबाज बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर 5 मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने खेले 47 टेस्ट में 38 जीते हैं। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हारना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक हैं। सरफराज ने नागपुर में पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अब तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। संभावना है कि भारत 2 तेज गेंदबाज और 3 स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर कायम रहता है या नहीं। हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच में उसकी यह शैली सही साबित हुई थी लेकिन अगले दो मैच में उसके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज टीम को भारी पड़ा था।





राची स्टेडियम में पिच की जांच करते भारतीय टीम के सदस्य। (ऊपर) मैदान पर अभ्यास के दौरान आपस पर विचार विमर्श करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

**मैच सुबह 9 .30 बजे ।**

### मैंने ऐसी पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स



**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं। स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी। ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है। इसमें कुछ दरारें नजर आती हैं।

### स्टोक्स ने अपनी गेंदबाजी पर संदेह रखा

**रांची।** बेन स्टोक्स ने नेट पर गेंदबाजी के कड़े अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी हैं लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना सही समझा। घुटने की समस्या से स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बाद से बतौर बल्लेबाज ही खेल रहे हैं। लेकिन भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हें पूरी शिद्दत से गेंदबाजी करते हुए देखा गया। मैच में उनके गेंदबाजी की संभावना के बारे में पूछने पर स्टोक्स ने कहा कि ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नहीं भी। इंग्लैंड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है, जिससे उन्हें लंबी कद काठी के ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरों के मददगार होने की उम्मीद है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा हि विशेष रूप से इस विकेट को देखते हुए रोबो (रोबिन्सन) को लाने से हमें अच्छे विकल्प मिलेंगे।

# डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवाओं पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी



मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में हुआ था लेकिन इस बार बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजन होगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।

# शुरू में ही सफलता हासिल कर रहे हैं भारतीय युवा : राठौड़

रांची, एजेंसी



यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया।

मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। राठौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में विराट कोहली नहीं खेल रहे हैं जबकि केएल राहुल भी एक मैच खेलने के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हैं। राठौड़.ने कहा कि हमारा शुरू से ही मानना था कि हमारा घरेलू क्रिकेट काफी मजबूत है और जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आएगा वह अच्छा प्रदर्शन करके ही आएगा। मैं नहीं जानता कि जब केएल राहुल और विराट कोहली वापसी करेंगे तो तब क्या होगा। यह अभी चिंता का विषय नहीं है। भारतीय बल्लेबाजी कोच ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं हाशमी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है ।शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।

### 'शैतान' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन,आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है ।फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।



## फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका

रसिका दुग्गल मनोरंजन जगत के प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं और उन्होंने सिनेमा और छोटे परदे पर अपनी जगह बनाई है। वह अब निर्देशक करण गौर की फिल्म 'फेयरी फोल्क' में अभिनय कर रही हैं, जो 1 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई), और मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता, और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। यह पहली बार है जब रसिका पति मुकुल चड्ढा के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में ये दोनों अजीबोगरीब स्थिति में फंस जाते हैं जब एक लिंगहीन व्यक्ति उनके जीवन में प्रवेश करता है और उसे उलट-पलट देता है। रसिका कहती है कि फिल्म में 'मैजिक रिअलिस्म' का अंश है और वो एक असामान्य दृष्टिकोण से मानव संबंधों का अन्वेषण करती है। ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए शूट किया। कहानी के अनुसार ही हर दृश्य फिल्माया गया, आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और अभिनेता को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से दृश्य में क्या हुआ था। बहुत बार, आपको बाद के दृश्य पहले फिल्माने पड़ते हैं, लेकिन 'फेयरी फोल्क' में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीजें घटित हुईं और इसलिए अभिनेत्री के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। अपने चरित्र को समझने के नए, दिलचस्प तरीके ढूंढने में भी मदद मिलती है। वे कहती हैं, ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं कि आप अभिनय के साथ नए प्रयोग करें। आपको कलाकार के रूप में नई शैलियों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ काम करने के बारे में, रसिका कहती हैं कि मुकुल और मैं पहले भी एक दूसरे की प्रतिभा और शैली से अवगत थे , इसलिए हमें पता था कि हम कैसे साथ में काम करेंगे। 'फेयरी फोल्क' का निर्माण इम्पाथिया फिल्म्स, अनुकम्पा हर्ष के बलावला सिनेमा, और टिम्बक्टू फिल्म्स द्वारा किया गया है (नायक नकुल मेहता, अलेख संगल और फिल्मकार अजय सिंह द्वारा समर्थित)। फिल्म का पार्श्व संगीत निर्देशक ने ही रचा है. उन्होंने 'तितली,' 'हरामखोर,' 'डियर डैड,' और 'आगरा' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।



## फिल्म रंगीला का गाना 'हाया रामा' उर्मिला के दिल के करीब



**मुंबई।** अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। उर्मिला मतोडकर ने हिट गीत 'हाय रामा' के बारे में बताया, यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे। यह संगीतकारों, गायकों, रचनाकारों और एक्टरों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है जो इस तरह के जादू को जीवन में लाते हैं।

### होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फिल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फिल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फिल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फिल्म आगामी होली पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फिल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फिल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फिल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फिल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर ग्यारहवीं की छात्रा की मौत

**पुखरायां।** ट्रेन की चपेट में आकर ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के परेहरापुर गांव निवासी पप्पू की लड़की शालिनी (18) कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा थी। वह गुरुवार को परेहरापुर से पुखरायां की तरफ जा रही थी। तभी झांसी-कानपुर रेलवे लाइन के परेहरापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास शालिनी की ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** भोगनीपुर निवासी इस्तकार मैजिक चलाता है और बुधवार की भोर सवारी छोड़कर वापस आ रहा था। वह जैसे ही मावार गांव के पास पहुंचा। तभी मैजिक पोल से टकराते हुए पलट गई। जिससे वह दबाकर बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक होने के कारण उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। भोगनीपुर कोतवाल जीतेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूरी नहीं देने पर की पुलिस से शिकायत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के डगराहा गांव निवासी अंकित ने पुलिस को बताया कि सरगांव खुर्द में हो रही पानी टंकी निर्माण मे ठेकादार द्वारा निर्धारित की गई मजदूरी कार्य पूरा होने के बावजूद नहीं दी जा रही है। जब उसने डेरापुर पुलिस से शिकायत की तो दस्तमपुर चौकी प्रभारी दस हजार रुपये ठेकेदार उसे उसके खाते में दिला लिए। साथ ही शिकायती पत्र भी वापस दिला दिया है। पीडित ने अब थाना रूरा में कुल डेढ़ लाख रुपये ठेकेदार से भुगातन कराने की गुहार लगाई है। एसएसआई देवनारायण दुबे ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### खंभे गिराने का विरोध करने पर मारपीट

**रूरा।** भटौली निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसके मकान के पीछे कंक्रीट के बने खंभे खडे थे। जिसे पड़ोस के युवक ने जबरदस्ती खोद कर तोड़ दिए है। विरोध करने पर उससे मारपीट की गई। एसएसआई देवनारायण ने बताया कि मामला न्यायालय मे विचाराधीन होने के कारण मौके पर पुलिस को भेज कर दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

### सगे भाईयों पर दुकान कब्जाने का आरोप

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव निवासी निसर्तुम ने बताया कि उसकी मां ने अपने हिस्से की जमीन का बैनामा किया था। जिस पर उसने दुकान बनवाकर किराए पर उठा दिया था। आरोप है कि उसके दो भाईयों ने दुकान पर जबरजस्ती कब्जा कर लिया है। उसने जब विरोध किया तो भाईयों ने उसके साथ मारपीट कर दी। चौकी प्रभारी सिठमरा जसवीर सिंह ने बताया कि पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

### आयकर कटौती को लेकर कार्यशाला में दी जानकारी

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में आयकर विभाग के सहयोग से स्त्रोत पर आयकर कटौती के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयकर आयुक्त (टीडीएस) कानपुर आरके गुप्ता एवं उपायुक्त आयकर दीपक यादव ने आहरण एवं वितरण अधिकारियों के स्तर से स्रोत पर आयकर कटौती के संबंध में प्रचलित नियमों एवं अद्यतन व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया। इस मौके पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दो साल बाद महिला जिंदा मिली

## लापता महिला के बारे में दहेज हत्या और गुमशुदगी की दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- साले ने बहनोई और पति ने मौसेरे भाई के खिलाफ तहरीर देकर बनाया था आरोपी
- लापता महिला कानपुर नगर के जरौली प्रथम में दोस्त के घर पर की गई बरामद

**अमृत विचार:** दहेज हत्या और महिला की गुमशुदगी के दोहरे मुकदमे में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। करीब दो साल पहले जिस महिला की दहेज के लिए हत्या और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी, उसे पुलिस ने जिंदा बरामद कर लिया है। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने लापता महिला को जिंदा पेश किया। इस मामले में महिला के भाई और पति ने अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डेरापुर थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव निवासी अमित पाल ने 30 जुलाई 2021 को थाने में बहन नीलम पाल के ससुरालीजनों के विरुद्ध अतिरिक्त दहेज की मांग करने, शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और बहन को षड़यंत्र के तहत 13 जून 2021 को विदा कराकर ले जाने और रास्ते में उसकी हत्या कर लाश गायब करने की तहरीर दी थी, जिस पर दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान दहेज हत्या की धारा हटाकर गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई गई थी।

इसी प्रकरण में नीलम पाल के पति राजू पाल निवासी ककोर, थाना दिबियापुर जिला औरैया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 13 जून 2021 को पत्नी नीलम पाल को विदा कराकर बाइक से लौट रहा था, तभी रूरा थाना क्षेत्र में पत्नी परहुल देवी मंदिर में दर्शन के लिए चलने को कहने लगी। रूरा नहर पुल की दुकान से प्रसाद लेकर मंदिर में चढ़ाने के बाद पत्नी ने मोबाइल फोन प्रसाद वाली दुकान पर भूल जाने की बात कही और लेने चली गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस पर उसने पत्नी नीलम पाल के मौसेरे भाई जयनरायन निवासी ग्राम टिढ़वा थाना रूरा के विरुद्ध पत्नी व उसकी चार वर्षीय बेटी को ले जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी।

डेरापुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य, सर्विलांस सेल व मुखबिर की सूचना पर अपहृत नीलम पाल को 21 फरवरी को कानपुर नगर से बरामद कर लिया गया। महिला ने सुरेश बाबू उर्फ गुड्डू निवासी नोनारी थाना डेरापुर से जान-पहचान व दोस्ती होने और उसी के साथ बेटी के साथ जाकर कानपुर नगर के जरौली प्रथम निवासी देवेंद्र दीक्षित के मकान में किराये पर रहने की बात बताई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार पीड़िता के भाई अमित पाल की ओर से अपनी बहन के पति, देवर व चचिया ससुर के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे और पति राजूपाल की ओर से दर्ज कराई गई एनसीआर के आरोप सही नहीं पाए गए हैं। फिलहाल महिला नीलम पाल का चिकित्सीय परीक्षण कराकर बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### झूठी सूचना देने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई

दो साल से महिला की तलाश में जुटी पुलिस जिंदी बरामदगी के बाद अब झूठी सूचना देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। डेरापुर थाने के इंसपेक्टर (अपराध) अब्दुल कलाम ने कहा कि इस मामले में झूठी सूचना देने वालों की अदालत में रिपोर्ट भेजी जाएगी और फिर अदालत के आदेशानुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## काम में लापरवाही पर अध्यापक को नोटिस

**कानपुर देहात।** सरकारी स्कूलों का हाल बेहाल है। कुछ चुनिंदा शिक्षक कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। लापरवाही पर चितरिया प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक को बीईओ ने नोटिस जारी किया है।

सरवनखेड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चितरिया में कार्यरत सहायक अध्यापक सुलभ मिश्रा पर आरोप है कि वह पढ़ाने के बजाय अपने विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक से रौब झाड़ते रहते हैं। बोर्ड परीक्षा में इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय तिवारी की ड्यूटी लगाई गई तो सहायक अध्यापक ने विरोध शुरू कर दिया और विद्यालयी दायित्वों का कार्यभार लेने से मना कर दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बीईओ को अवगत कराया। उन्होंने इस प्रकरण में बीईओ से कार्रवाई का अनुरोध किया था। बीईओ मामले का संज्ञान लेते हुए सहायक अध्यापक सुलभ मिश्रा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

# बचाव पक्ष के प्रार्थना पत्र पर टली सुनवाई

**बलवंत हत्याकांड**

- मामले की सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख नियत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलवंत हत्याकांड की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। गुरुवार को मामले में बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र अदालत में पेश कर समय की मांग की गई। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख नियत की है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। मामले में आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद अब गवाही चल रही है। पूर्व में मामले के वादी मुकदमा अंगद सिंह की गवाही हो चुकी है।

अब अभियोजन के दूसरे गवाह बलबीर सिंह के बयान दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, सिपाही दुर्गेश कुमार, अनूप कुमार व विनोद कुमार की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में स्थगन प्रार्थना पत्र पेश कर अभियोजन गवाह से जिरह के लिए समय की मांग की। इसपर अदालत ने अब सुनवाई को 28 फरवरी की तिथि मुकर्रर की है।

# हरी खाद का ज्यादा प्रयोग करें किसान

संवाददाता, राजपुर



ब्लाक स्तरीय मेले में किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक स्तरीय कृषक मेला व रबी की फसल में अधिक पैदावार के लिए क्षेत्रीय किसानों को उत्पादकता के गुर बताए गए। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती के तौर तरीके सिखाए।

गुरुवार को राजपुर ब्लॉक सभागार कक्ष में किसान मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राकेश कटियार ने फीता काटकर किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक आरएल आर्या ने किसानों को उन्नति खेती के लिए बारीकियां समझाई। उन्होंने बताया कि रासायनिक खाद्य से खेतों की मिट्टी जहरीली हो गई है। उसे उपजाऊ बनाने के लिए अधिक से अधिक हरी खाद का प्रयोग करने पर जोर दिया। साथ ही फसलों को कीटाणुओं से कैसे बचाएं। इसकी भी जानकारी दी गई। कहा कि शासन द्वारा जल्द ही ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे किसानों को फसलों पर दवा छिड़काव करने में आसानी होगी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओमनारायण पाल ने बताया कि गोबर को आधा मटके के अंदर पानी मिलाकर दो हफ्ते के लिए मिट्टी के अंदर गड्ढा करके बंद कर दें। इसके बाद उसको फसल में छिड़काव करें। यह कीटाणुओं को मारने में उपयोगी रहेगी। उन्नतशील प्रजाति के बीजों के अलावा संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के लिए जोर देते हुए कहा कि आवश्यक है कि अधिक से अधिक मृदा नमूने प्राप्त कर परीक्षण रिपोर्ट में दी गई रिपोर्ट के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने रबी फसल गेहूं, जौ, आलू, चना, मसूर, अलसी, मटर व सरसों आदि का रखरखाव व अधिक पैदावार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

फसल बीमा के सत्य प्रकाश पांडेय ने किसानों को फसल बीमा के लाभ की जानकारी दी। राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी विनय कुमार ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में बताया कि इस दौरान प्रगतिशील किसान मुलायम सिंह, एरिया मैनेजर कुलदीप वर्मा, नीरज यादव, तकनीकी सहायक ऋषि यादव, उपेंद्र कुशवाहा, सुशील कुमार, धीरेंद्र कुमार, दिलीप यादव, प्रवीण अग्निहोत्री समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# पिकअप लूटकांड में पांच लुटेरे हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पिकअप के साथ गुटखा और तंबाकू बरामद, 15 फरवरी को बारा गांव के पास हुई थी लूट

**अमृत विचार:** अकबरपुर क्षेत्र से पान मसाला के लदे हुए पिकअप की लूट की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए पांच अभियुक्तों को पकड़ा है। उनके से एक लोडर व दो बाइकें बरामद की हैं। वही तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के पास बीती 15 फरवरी की रात को कानपुर से झांसी की ओर जा रहे एसएनके पान मसाला लदे पिकअप को बाइक सवार बदमाश पिकअप चालक और कंपनी के कर्मचारी से जबरन लूट ले गए थे। घटना की जानकारी पर डीआईजी कानपुर रेंज डीआईजी जोगेंद्र कुमार व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था और पुलिस टीमों को खुलासा करने के निर्देश दिए थे।

अकबरपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को सफलता मिली। पुलिस ने लूटे गए माल के साथ सिकंदरा थाना क्षेत्र के गुरदही खुर्द निवासी शिवम, डेरापुर थाना क्षेत्र के अंतापुर निवासी राजपाल सिंह उर्फ लाला, मंगलपुर थाना क्षेत्र के आसलनापुर निवासी अंकित व उत्तम सिंह तथा सिकंदरा क्षेत्र के पटेल नगर निवासी प्रतीक चक को धर दबोचा। वहीं तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटे गए 50 झाल एसएनके गुटखा मसाला, 10 झाल एसएनके तंबाकू और पिकअप को बरामद किया है। साथ हीघटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पुलिस टीम फरार अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है। पुलिस टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



भेवान गांव के पास अवैध तरीके से खोदी गई रजबहा पटरी। अमृत विचार

### माफिया ने खोद डाली रजबहा की पटरी

**शिवली।** मैथा तहसील क्षेत्र के भेवान गांव के पास बुधवार रात खनन माफिया ने रजबहे की पटरी खोद कर एक प्लाट में भर दी। सुबह तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच पर सिंचाई विभाग को अवगत कराया है और ही खनन की रिपोर्ट भेजी है। बलुई मिट्टी की डिमांड ज्यादा होने से खनन माफिया दिन-रात ट्रैक्टर व मशीन लगाकर खनन कर रहे है। शिवली क्षेत्र के भेवान स्थित लगभग दस मीटर चौड़ी भेवान-शिवली रजबहा की पटरी को खोदकर रजबहे के बराबर ही दूसरा रजबहा सा बना दिया है। मिट्टी को पास के ही एक खाली पड़े प्लाट में भर दिया है। सूत्रों के मुताबिक भेवान गांव के पास के ठेकेदार ने रजबहे की पटरी को ट्रैक्टर ट्राली से अवैध रूप से खोदाई कर मिट्टी की बिक्री की है। इस बावत सिंचाई विभाग के एक्सईन सुरेश कौशिक ने बताया कि मामले की जानकारी है। खनन माफियाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।



धर्मगढ़ बाबा मंदिर में पूजन करते निकलते पूर्व कैबिनेट मंत्री सतीश पाल।

### तिरंगा यात्रा में पहुंचे पूर्व मंत्री सतीश पाल

**रसूलाबाद :** रसूलाबाद विधानसभा में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वावधान में रामराज्य सामाजिक न्याय तिरंगा यात्रा आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा नेता सतीश पाल का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। रसूलाबाद विधानसभा में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वाधान में गुरुवार को रामराज्य सामाजिक न्याय तिरंगा यात्रा में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री सतीश पाल ने धर्मगढ़ बाबा मंदिर में जाकर कर पूजा अर्चना की और माथा टेका। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्हें फोन कॉल पर टिकट दावेदारी को लेकर देख लेने की धमकी दी गई है। लेकिन वह धमकियों से नहीं डरते है और जनता के हित के कार्यों के लिए वह न्याय की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस मौके पर विपिन पाल, विवेक पाल, प्रीत पाल, अभिनाश पाल, शिवम पाल, आशीष पाल मौजूद रहे।

### बच्चों को लेकर जा रहा युवक बेहोश होकर गिरा

**रूरा।** थाना के पास दो छोटे बच्चों को लेकर जा रहा युवक अचानक बेहोश होकर गिर गया। दोनों बच्चों की उम्र करीब एक व दो वर्ष है। पिता के बेहोश होने पर बच्चे रोने बिलखने लगे। तभी मौके से निकल रहे राहगीरों ने युवक पर पानी डालकर चेतना लाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठा। राहगीरों ने दरियादिली दिखाते हुए बच्चों को बिस्किट, फल व पानी दिया। मौके पर पहुंचे एसएसआई देवनारायण ने युवक को अस्पताल भेजा। सीएचसी के डॉ. प्रतीक पांडेय ने बताया कि युवक के मुख से अल्कोहल की महक आ रही है और पेशाब से खून निकला रहा है। हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### समाजसेवी ने कथा व्यास का किया सम्मान

**रूरा।** क्षेत्र के भिखनापुर गांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में व्यास पंडित नंदकिशोर द्विवेदी ने सातवें दिन कंस वध की कथा सुनाई। जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। मौके पर पहुंचे क्षेत्र के युवा समाजसेवी शुभ त्रिवेदी ने कथा व्यास को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विवेक त्रिवेदी, राहुल त्रिवेदी, शिवम, आदेश आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 86 अभ्यर्थियों को दिए गए ऑफर लेटर

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक के निर्देश पर कौशल विकास मिशन, आईटीआई व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय वृहद रोजगार मेला संदलपुर विकाससखंड परिसर में आयोजित किया गया। जिसमे कौशल विकास मिशन, आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में आरएम मैन पावर, राकन स्टील, शिवशक्ति प्रालि समेत पांच कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कुल 146 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी का साक्षात्कार लेकर 86 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर दिए गए। संदलपुर ब्लाक प्रमुख राहुल तिवारी ने दस अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए। इस मौके पर देवेंद्र कुमार वर्मा, कौशल विकास मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष कुमार पाल, आईटीआई अनुदेशक सुशील कुमार, ज्योति कुशवाहा, जिला सेवायोजन कार्यालय से रामकिशोर, सोनेलाल, अश्वनी चौबे आदि मौजूद रहे।

### युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव बने अनुराग बाथम



**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठन में पदाधिकारी की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। समाजवादी पार्टी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ से कार्यालय प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया गया कि युवा नेता शक्ति अनुराग बाथम को समाजवादी पार्टी युवजन सभा में कानपुर का राष्ट्रीय सचिव बनाया है।

### स्टेशनरी की दुकान का ताला तोड़कर रुपये चोरी

**मूसानगर।** थाना से महज सौ मीटर दूर कॉपी किताब की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने तीन हजार रुपये की नकदी पार कर दी। मूसानगर निवासी प्रसून ओमर की गजनेर तिराहा में कॉपी किताब की दुकान है। उन्होंने बुधवार की रात रुपये कैश काउंटर में रख दिए और घर चले गए। गुरुवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो ताला टूटा था और रखे तीन हजार रुपये गायब थे। सीसीटीवी फुटेज में चोर कैद हुआ है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चोर की तलाश की जा रही है।

# धधक रही मावा भट्ठियां जिम्मेदार लोग बेखबर

संवाददाता, रसूलाबाद



रसूलाबाद क्षेत्र में भट्ठी पर बनता खोवा।

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मिलावटी खोया बनाने वाली मावा भट्ठियां बड़े पैमाने पर संचालित हो रही है। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई न किए जाने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। भट्ठियों में रिफाइंड ऑयल और कास्टर्ड पाउडर से मिलावटी खोया बनाकर बाजारों में खपत कर लोगों के स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ किया जा रहा है।

रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के असालतगंज, नैला, बादशाहपुर, बरिगौं, सिकंदरपुर, पलिया बांसखेड़ा, मुर्री, ताजपुर तरसौली आदि जगहों पर मिलावटी खोया बनाने वाली मावा भट्ठियां बड़े पैमाने पर संचालित हो रही हैं। भट्ठी संचालकों द्वारा मिलावटी खोया बनाकर मार्केट में खपत कर लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है। इसके बावजूद अधिकारी कार्रवाई करने से कतराते हैं।

अनदेखी के कारण मिलावटी खोया बनाने वाली भट्ठियों के अवैध संचालन पर अंकुश नहीं लग रहा है। मावा भट्ठियों संचालकों द्वारा मिलावटी खोया कानपुर शहर ले जाकर बाजारों में भारी मात्रा में खपत किया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराग सिंह ने कहा वह जवाब देने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

# पहले दिन 3546 परीक्षार्थी नदारद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



बोर्ड परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

- जिले के 82 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से जिले के 82 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गई। केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दोनों पालियों में पंजीकृत कुल 52714 परीक्षार्थियों में से 3546 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सचल दल परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

गुरुवार सुबह जिले के 82 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा शुरू हुई। गेट पर सघन तलाशी ली गई। अकबरपुर इंटर कालेज, अहिल्याबाई होल्कर इंटर कालेज समेत अन्य केंद्रों पर अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम से निकाले गए। राजपुर क्षेत्र के भारतीय विद्यालय इंटर कालेज में गेट पर कड़ी तलाशी हुई। सुबह हाईस्कूल की हिन्दी विषय परीक्षा में पंजीकृत 288 में 278 ने परीक्षा दी। इंटरमीडिएट की हिंदी समान्य व हिंदी साहित्य की परीक्षा में भी तलाशी लेने के बाद परीक्षार्थियों को कक्षों में प्रवेश दिया गया। इंटर की परीक्षा में पंजीकृत 221 में 12 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्र व्यस्थापक सुशील यादव ने बताया कि कैमरे की निगरानी में परीक्षा हुई।

डीआईओएस अचल कुमार मिश्र ने बताया कि गुरुवार को पहली पाली हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 25172 के सापेक्ष 2192 बालक-बालिका अनुपस्थित रहे हैं। इसी पाली में इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान परीक्षा में पंजीकृत एक परीक्षार्थी भी अनुपस्थित रहा। इसी तरह दूसरी पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य परीक्षा में पंजीकृत कुल 114 के सापेक्ष तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**निर्देश** अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# आवारा पशुओं को गौशालाओं में करें संरक्षित

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात




अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम प्रशासन अमित कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाईवे पर अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। यह निर्देश गुरुवार को सड़क सुरक्षा की बैठक में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में करते हुए एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने दिए।

इस दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि एनएच पर अनधिकृत कट के बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। जिसके संबंध में आरआई के साथ संयुक्त जांच कर सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने हाईवे पर छोटे-बड़े वाहनों के लिए लेन निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों को लेकर विशेष नाराजगी जताई और अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी रोड जंक्शन पर रंबल स्ट्रिप लगाया जाए। हाईवे पर जगह-जगह स्पीड सेंसर व नबीपुर हाईवे पर क्रॉस बैरियर लगाया जाए। जिससे अनाधिकृत रूप से कोई सड़क पार न करें।

एडीएम ने हाईवे पर पैदल पुल बनाने के निर्देश भी एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त सड़क व हाईवे पर झाड़ियों की कटाई, हाईवेज के सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने अवैध पार्किंग की समस्या निस्तारण के लिए अतिरिक्त ट्रक ले-बाय का निर्माण नियमानुसार किए जाने को कहा। बैठक में एएसपी राजेश पांडेय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, परिवहन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लंबित वाद प्राथमिकता पर करें निस्तारित

**कानपुर देहात।** एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट व गंभीर अपराध से जुड़े मामलों में संवेदनशील होकर कार्रवाई कराएं। सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को स्पीड ट्रायल से संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने को कहा। एएसपी राजेश पांडेय ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# महिला से दुराचार के दोषी को मिली उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- साढ़ क्षेत्र में साढे. तीन साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र में करीब साढ़े तीन साल पहले घर लौट रही अनुसूचित जाति की महिला से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय एससी-एसटी ने गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी करते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।


सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के साढ़ क्षेत्र के एक गांव की अनुसूचित जाति की महिला ने एफआईआर में बताया था कि 14 अगस्त 2020 की शाम वह खेत घर लौट रही थी, तभी गांव के हलीम ने उसे रास्ते में दबोच लिया और गमछे से मुंह बंद कर दुष्कर्म किया था। शोर मचाने पर ननद दौड़ कर आई तो हलीम जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी हलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना कर पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एससीएसटी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को आरोपी को दोषी ठहराया था। गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# 37,890 युवा मतदाता डालेंगे पहली बार वोट

## ○ बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में बढ़े सबसे ज्यादा युवा मतदाता ○ लैगिंक अनुपात में भी आया उछाल

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- घाटमपुर विस. में सबसे कम बढ़े युवा मतदाता
- मतदाताओं की संख्या और लैंगिक अनुपात बढ़ा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद नगर की दसों विधानसभाओं में 18-19 आयुवर्ग के 37,890 मतदाता बढ़े हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। युवा मतदाताओं की सबसे ज्यादा बढ़ोतरी बिल्हौर विधानसभा में हुई है, वहीं बढ़ने वाले युवा मतदाताओं की सबसे कम संख्या घाटमपुर विधानसभा में हैं। ईपी रेशियो (जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं का प्रतिशत) महाराजपुर, कल्याणपुर और कैंट का बेहतर है।

दसों विधानसभा की तुलना की जाए तो जेंडर रेशियो के मामले में कल्याणपुर और किदवईनगर विधानसभा उच्चतम हैं। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में न केवल महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है, बल्कि लैंगिक अनुपात में भी बढ़ोतरी हुई है। कल्याणपुर और किदवईनगर में लैगिंक अनुपात बेहतर हुआ है। कल्याणपुर में लैंगिक अनुपात 902 और किदवईनगर में 901 है। जिले की फरवरी माह में जारी मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में दसों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3576785 मतदाता हैं।

सूची की बात करें तो अंतिम प्रकाशन में दसों विधानसभा में 87,556 महिला मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बिठूर में 11369, कल्याणपुर में 10157, गोविंदनगर में 11732 और कैंट में 10038 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। इन चारों विधानसभा में महिलाओं ने जागरुकता दिखाते हुए अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाए हैं। वहीं सीसामऊ और आर्यनगर विधानसभा में महिला मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी का आंकड़ा सबसे कम है। महाराजपुर में 8670, बिल्हौर में 9565 और घाटमपुर में 6530 महिला मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

### जेंडर रेशियो (लैंगिक अनुपात)

अंतिम प्रकाशन सूची में लैंगिक अनुपात में भी सुधार हुआ है। बिल्हौर में 875, बिठूर में 859, गोविंदनगर में 883, सीसामऊ में 882, आर्यनगर में 859, कैंट में 863 का लैंगिक अनुपात सामने आया है।

### मतदान केंद्र व मतदेय स्थल

सूची के अंतिम प्रकाशन में नगर में कुल मतदान केंद्र 1411 और मतदेय स्थल 3614 हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के हिसाब से देखें तो बिल्हौर में मतदान केंद्र 329, मतदेय स्थल 433, बिठूर में मतदान केंद्र 271, मतदेय स्थल 416, कल्याणपुर में मतदान केंद्र 67, मतदेय स्थल 340, गोविंदनगर में मतदान केंद्र 73, मतदेय स्थल 350, सीसामऊ में मतदान केंद्र 48, मतदेय स्थल 275, आर्यनगर में मतदान केंद्र 64, मतदेय स्थल 293, किदवईनगर में मतदान केंद्र 78, मतदेय स्थल 350, कैंट में मतदान केंद्र 79, मतदेय स्थल 339, महाराजपुर में मतदान केंद्र 147, मतदेय स्थल 452 और घाटमपुर में मतदान केंद्र 255, मतदेय स्थल 366 हैं।

### विधानसभावार ईपी रेशियो

अंतिम प्रकाशन सूची में देखा जाए तो ईपी रेशियो (मतदाता और आबादी के बीच का अनुपात) में भी बीते लोकसभा चुनाव को देखते हुए बढ़ोतरी हुई है। कुल ईपी रेशियो 68.86 प्रतिशत है। विधानसभावार महाराजपुर का 79.59 प्रतिशत, कल्याणपुर 75.91 प्रतिशत, कैंट 752.73 प्रतिशत, बिल्हौर 70.02 प्रतिशत है। सबसे कम आर्यनगर का 62.88 प्रतिशत है।

### बढ़े विकलांग मतदाता

23 जनवरी को जारी (विकलांग मतदाता) आंकड़ों में एक माह बाद 12 फरवरी को जारी आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अंतिम प्रकाशन सूची में काफी अंतर आया है। बिल्हौर में 3790 से बढ़कर ये आंकड़ा 4413 पर पहुंच गया। इसी प्रकार बिठूर में 3611 से 4188, कल्याणपुर में 1687 से 2084, गोविंदनगर में 1135 से 1279, घाटमपुर में 4319 से 4540 पर पहुंचा है। कुल 23017 से बढ़कर आंकड़ा 25981 पहुंच गया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथों पर युवा चौपाल लगाएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




आगामी अभियानों को लेकर क्षेत्रीय बैठक को संबोधित करते प्रकाश पाल।

- भाजपा की क्षेत्रीय बैठक में कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा
- 25 फरवरी से 5 मार्च तक बूथ चलो बूथ जीतो अभियान

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को प्रणाम एवं पत्र के माध्यम से कुशल क्षेम जानी है। यह संदेश सभी घरों तक भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर जाना है और उनका हालचाल भी लेना है। इसके साथ उनको योजनाओं की भी जानकारी देनी है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को बूथों पर युवा चौपाल भी करनी है। यह बात गुरुवार को भाजपा की क्षेत्रीय बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों से कही।

बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ पर जाकर सक्रियता एवं गतिविधि को बढ़ाना है। लाभार्थी संपर्क अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाने के साथ ही बूथ चलो बूथ जीतो अभियान भी चलाना है। अभियान में जिला स्तर पर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी को अभियान के संयोजन की जिम्मेदारी देनी है। प्रकाश पाल ने कहा कि सभी बूथों पर युवा चौपाल आयोजित की जाएंगी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी और मन की बात के क्षेत्रीय प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि लाभार्थी चलो अभियान 25 फरवरी को मन की बात सुनने के बाद शुरू कर दिया जाएगा। 23 फरवरी को लोकसभा संचालन समिति की बैठक व 24 फरवरी को विधानसभा संचालन सभी 10 लोकसभा व 52 विधानसभाओं में करना सुनिश्चित कर दिया गया है। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनिता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, अनूप अवस्थी, जय प्रकाश कुशवाहा, बॉबी पाठक, हर्ष द्विवेदी, आलोक शुक्ला, मोहित सोनकर, अचल गुप्ता, पवन पांडेय सहित क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नहर में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घाटमपुर से ईंटें उतार कर लौट रहे थे घर
- बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलट गई। इससे पीछे बैठे श्रमिक की दबकर मौत हो गई। वहीं चालक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

भौंती के प्रतापपुर निवासी 48 वर्षीय रामचंद्र अपने चालक के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से ईंट लेकर घाटमपुर गए थे। जहां अनलोडिंग करने के बाद लौटते समय रामपुर और उदयपुर के बीच बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली बगल की नहर में पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबकर रामचंद्र और चालक घायल हो गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रॉली को निकलवाया। इसके बाद दोनों को हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान बुधवार देर रात रामचंद्र की मौत हो गई। वहीं चालक को परिजन दूसरे अस्पताल ले गए। परिजनों ने बताया कि रामचंद्र के भाई हीरालाल की भी पिछले वर्ष ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर मौत हो गई थी।

# गुजैनी में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा तोड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को सही करवाकर लगाया गया। अमृत विचार

- प्रतिमा तोड़कर माहौल खराब करने का किया प्रयास
- सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात अराजकतत्वों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को तोड़ दिया। गुरुवार सुबह लोग उठे तो प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिली। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। इसके बाद मूर्तिकार को बुलाकर प्रतिमा सही कराई गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे तो एक व्यक्ति पत्थर से प्रतिमा तोड़ते नजर आया है। उसकी तलाश की जा रही है।

गुजैनी क्षेत्र में बसंत पेट्रोल पंप के पास सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई। गुरुवार सुबह प्रतिमा स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना पाकर एडीसीपी अंकिता शर्मा, एसीपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को कार्रवाई की बात कह मामला शांत करवाया गया।

एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि प्रतिमा को सही कराया गया है तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रतिमा के पास कैमरा लगवाया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने हाल ही में महापुरुषों की प्रतिमाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे।

शहर से जुड़े आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ माह के भीतर अराजकतत्वों ने अंबेडकर की कई प्रतिमाओं को तोड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। सचेंडी में एक कॉलेज के पास लगी और सजेती में भी बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी गई थी। जिससे माहौल खराब होते होते बचा था। जनवरी में मेस्टन रोड बीच वाला मंदिर में पर्चे चिपका कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी।

# मजदूरों, कर्मचारियों के हितों पर होगी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय मजदूर संघ का 36वां त्रैवार्षिक अधिवेशन

**अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ के 36वें त्रैवार्षिक अधिवेशन की तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं। संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 23, 24 व 25 फरवरी को आगरा में होना है। तीन दिवसीय अधिवेशन में प्रदेश के मजदूरों व कर्मचारियों, पेंशन, कृषकों, उद्यान विभाग के मजदूरों के हित संबंधी और मीडियाकर्मियों को संघ से जोड़ने के प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश की नई कार्यकारिणी के गठन के साथ नए प्रस्ताव पारित होंगे। अधिवेशन का उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री रवींद्र हिमते करेंगे। अनिल उपाध्याय ने बताया कि इस बार संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन आगरा में आयोजित हो रहा है। अधिवेशन में मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय महामंत्री होंगे और मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। यूपी के 75 जिलों के 1000 से अधिक कार्यकर्ता और संघ से जुड़ी 200 मजदूर यूनियन भाग लेंगी।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा। अमृत विचार

# पोस्टमार्टम कूड़ा अड्डा बनेगा ट्रांसफर स्टेशन

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार दोपहर को हैलट अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम कूड़े अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मुख्य मार्ग का कूड़ा अड्डा होने के कारण इसे कूड़े अड्डे से परिवर्तित कर ट्रान्सफर स्टेशन के रूप में बदल दिया जाये। नगर आयुक्त ने पोस्टमार्टम कूड़े अड्डे को तत्काल ट्रान्सफर स्टेशन में तब्दील किये जाने के निर्देश रफजुल रहमान डिपो इंचार्ज को दिये।

नगर आयुक्त ने यहां बने रैन बसेरा को भी चुस्त दुरुस्त किये जाने के लिये अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि रैन बसेरा के बगल में अवैध निर्माण के सम्बन्ध में जोनल अधिकारी को निर्देश दिये कि तत्काल निर्माण से सम्बन्धित अभिलेखों की जांच करें, यदि अवैध है तो तत्काल हटाया जाये।

# महिला से टकराया ट्रॉली पलटने से खुला पहिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटी को स्कूल से लाते वक्त हुआ हादसा




**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर मछरिया इलाके में गिट्टी लदी ट्रैक्टर पलटने से ट्रॉली का पहिया अलग होकर बेटी को स्कूल से लेकर जा रही महिला से टकरा गया। इससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद भीड़ लग गई। आनन- फानन महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। उसका पैर टूट गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।

हनुमंत विहार नारायणपुरी निवासी नंद किशोर की पत्नी रीना गुरुवार को बेटी को स्कूल से घर लेकर आ रही थीं। काली मठिया से मछरिया की ओर चलने पर रास्ते में गिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। इससे ट्रॉली का पहिया निकल कर पास से गुजर रही महिला से जा टकराया। हादसे में महिला घायल हो गई। बेटी बाल-बाल बच गई। ट्रैक्टर चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली किदवईनगर के ब्लॉक के रहने वाली की बताई जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को डेढ़ लाख घरों की छतों पर लगाएगा सोलर पैनल
- एक किलोवाट के सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत शहर के एक लाख 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। आपको आवेदन करने के लिए योजना की आधिकारिक वेबसाइट(https://pmsuryaghar.gov.in/) पर जाना होगा है। कुछ लोगों ने आवेदन करना शुरू भी कर दिया है। योजना का लाभ सबसे अधिक एक व दो किलोवाट के पैनल लगाने पर होगा।

शहर में केस्को के करीब सात लाख उपभोक्ता हैं। लोगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसलिए सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए देश के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की घोषणा की थी। तब इस योजना का नाम सूर्योदय रखा गया था लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना' कर दिया गया है। इस योजना के तहत कानपुर शहर के करीब एक लाख 50 हजार घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर आवेदन कर पंजीकरण कराना होगा। एक किलोवाट में 60 हजार रुपये की जगह 15 हजार रुपये और दो किलोवाट में एक लाख 20 हजार की जगह 30 हजार रुपये ही लगेंगे। सब्सिडी उपभोक्ता के बैंक खाते में सीधे जाएगी। जरूरत से ज्यादा पैदा हुई बिजली ग्रिड के माध्यम से बिजली निगम ले लेगा। एक किलोवाट के पैनल पर 45 हजार सब्सिडी मिलेगी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि कुछ आवेदन आए हैं, अन्य लोग भी वेबसाइट में आवेदन कर सकते हैं। केस्को को डेढ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य मिला है।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

- https://pmsuryaghar.gov.in/ में इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी चुनें
- फिर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यून नंबर चुनकर मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भरें।
- इसके बाद कंज्यूमर नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें।
- लॉगिन होने के बाद आपको रूफटॉप सोलर के लिए अप्लाई करें।
- उसके बाद अप्रूवल के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।
- अपने डिस्कॉम में किसी भी पंजीकृत विक्रेता से प्लांट लगवाएं।
- इंस्टॉलेशन पूरा होने पर प्लांट का विवरण जमाकर नेट मीटर के लिए आवेदन करें।
- आवेदन के लिए और डिस्कॉम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से कमीशनिंग प्रमाणपत्र मिलेगा।
- कमीशनिंग रिपोर्ट मिलने पर बैंक खाते की जानकारी दर्ज करना होगा।

सख्ती | बाइक और कार धुलाई सेंटरों की एनओसी जांचेगा भूगर्भ जल विभाग

# गर्मी से पहले वाहन धुलाई सेंटरों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




लाखों लीटर पानी बर्बाद करते हैं धुलाई सेंटर वाले। अमृत विचार

**500** से अधिक वाहन सर्विस सेंटर हैं

**250** लीटर एक कार धुलाई में खर्च

**60** लीटर टू-व्हीलर की धुलाई पर पानी खर्च

**10,000** वाहनों की शहर में रोजाना धुलाई

**5.50** लाख लीटर पानी की रोज बर्बादी

- नगर निगम ने जोनवार कार्रवाई करने को कहा, जल दोहन पर होगी रोक

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होने से पहले कार व बाइक धुलाई सेंटरों की जांच होगी। भूगर्भ जल विभाग हर जोन में सेंटरों की एनओसी जांचेगा। इसके साथ हर सेंटर पर कितना भूगर्भ जल दोहन किया जा रहा इसका आंकलन भी करेगा। नगर निगम ने जोनवार धुलाई सेंटरों पर कार्रवाई करने को कहा है।

शहर में भूगर्भ जल-दोहन की वजह से हर बार पेयजल का संकट गहरा जाता है। कई क्षेत्रों में पानी का स्तर घटने से समस्या खड़ी हो जाती है। अवैध रूप से चल रहे वाहन धुलाई सेंटर धरती की कोख को खाली करते रहते हैं। शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहन धुलाई सेंटर पर रोजाना करोड़ों लीटर पानी बह रहा है। एक आंकड़े के अनुसार एक कार की धुलाई में औसतन 250 लीटर पानी बहाया जा रहा है।

वहीं, बाइक धोने में लगभग 55-60 लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। जिससे समस्या बढ़ती जा रही है। अधिशाषी अभियंता जोन-4 ने बताया कि 80 फीट रोड पर कई लोगों द्वारा धुलाई सेंटर खोलकर सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण लगाकर जल दोहन हो रहा है। विभागीय निरीक्षण में पाया गया है कि सेंटरों पर जलकल विभाग की ओर से पानी का कनेक्शन नहीं लिया गया है और बोरिंग के जरिये भूगर्भ जल दोहन किया जा रहा है। रतनलाल नगर नाला रोड पर एक किलोमीटर सड़क पर सात धुलाई सेंटर हैं। ऐसे ही कई अन्य जगह भी सेंटर चल रहे हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भूगर्भ जल विभाग को लिखा गया है।

### कागजों में दो महीने बंद रहते हैं सेंटर

शहर में रोजाना औसतन साढ़े पांच लाख लीटर पानी बर्बाद होता है। धुलाई सेंटर पर प्रेशर पानी से वाहनों की धुलाई होती है। अधिकतर जगह सबमर्सिबल से ही पानी लिया जाता है ऐसे में भूमिगत जल लगातार घटता जा रहा है। नगर निगम के निर्देश पर मई और जून में धुलाई सेंटर्स को बंद किया जाता है। लेकिन, कई जगह फिर भी धड़ल्ले से सेंटर चलते हैं।

### 500 से ज्यादा वाहन धुलाई सेंटर चल रहे

जलकल विभाग की जांच के मुताबिक शहर में 500 से ज्यादा वाहन धुलाई सेंटर हैं। इसमें सबसे ज्यादा धुलाई सेंटर बकरमंडी, रामबाग, नौबस्ता, शास्त्री नगर, 80 फीट रोड, नयापुरवा, बारादेवी, गौशाला, जूही, बर्रा, किदवई नगर, लालबंगला, रतनलालनगर, कल्याणपुर, मसवानपुर में हैं। गली मोहल्ले में छोटे-छोटे धुलाई सेंटर हैं वह अलग हैं। सर्विस सेंटर वालों को पानी का कामर्शियल कनेक्शन लेना होता है, इसके साथ ही कामिर्शयल मीटर भी लगाना पड़ता है। इसके बाद भी बिना एनओसी के संचालन गैर कानूनी है।

# अवैध विज्ञापनों पर 40 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में अवैध रूप से की जा रही वॉल पेंटिंग व पोस्टर-बैनर चस्पा करने पर नगर निगम की कार्रवाई जारी है। नगर निगम ने कई संस्थाओं और शहर के प्रतिष्ठानों पर 40 लाख रुपये जुर्माने की कार्रवाई की है। धनराशि जमा न करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी है। डीएम राकेश कुमार सिंह के आदेश पर इससे पहले भी नगर निगम ने एक दर्जन फर्म के खिलाफ एक करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया था।

नगर निगम ने शहर की सुंदरता, मौलिकता और वास्तविक स्वरूप से खिलवाड़ कर रहे संस्थाओं, कंपनियों, प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई शुरू की है। रमेश अवस्थी की संस्था, राज रतन टेक्सटाइल नयागंज, मम्मी लहंगे वालों पर अवैध रूप से विज्ञापन करने पर जुर्माना लगाया है। सभी प्रतिष्ठानों पर 5 हजार रुपये प्रति विज्ञापन की दर से जुर्माना लगाया गया है। मम्मी लहंगे पर कुल दस लाख, रमेश अवस्थी की संस्था पर 20 लाख, राज रतन टेक्सटाइल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि शहर में अवैध रूप से बड़ी संख्या में पोस्टर और बैनर लगाने का कारोबार किया जा रहा है। डीएम के आदेश के बाद नगर निगम विज्ञापन विभाग ने जुर्माना लगाया है।

### पेड़ों पर भी लगाए विज्ञापन

नगर निगम नियम नियमावाली के अलावा एनजीटी ने भी पेड़ों पर विज्ञापनों को प्रतिबंधित किया हुआ है। बावजूद इसके अवैध विज्ञापनकर्ता पेड़ों पर कील ठोंककर अपने पोस्टर लगा रहे हैं। नगर निगम विज्ञापन प्रभारी राजेश कुमार के मुताबिक विज्ञापन फर्मों को चिह्नित कर कार्रवाई की गई है। एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# बहू ने फंदा लगाया ससुरालवाले फरार

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में विवाहिता को फांसी के फंदे पर लटकाकर मार डालने का आरोप मायकेवालों ने लगाया है। घटना के बाद ससुरालीजन फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पनकी के गोपालपुर निवासी राधेलाल ने पुलिस को बताया कि उनकी 27 वर्षीय बेटी अंजना यादव का दादानगर निवासी लल्लू यादव के बेटे रामू यादव से करीब छह वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। दोनों के एक बेटा है। पिता ने आरोप लगाया कि दामाद बेटी के साथ मारपीट करता था। उसके पिता और जेठ से शिकायत की, लेकिन किसी ने भी नहीं सुना। विवाद ज्यादा बढ़ने पर वह बेटी को अपने घर ले गए थे। चार माह रहने के बाद डेढ़ माह पूर्व थाने में समझौता होने के बाद बेटी को वापस ससुराल भेजा था। गुरुवार को बेटी के जेठ संतोष यादव ने सूचना दी कि बेटी ने फांसी लगा ली है। वह वहां पहुंचे तो बेटी का शव घर के बाहर रखा था।

# डॉक्टर तक पहुंचने के लिए मरीजों के बीच धक्कामुक्की

## एक हजार से अधिक मरीज पहुंचे अस्पताल, मौसम बदलने से उखड़ रहे पुराने दर्द

संवाददाता, फतेहपुर



परीक्षण के बाद दवा लिखते डॉक्टर। अमृत विचार

- स्वास्थ्य कर्मी समझाते रहे, पर नहीं माने मरीज
- ओपीडी से लेकर पर्चा काउंटर तक पर भीड़

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज जो बदला है उससे पुराने दर्द उखड़ रहे हैं। बुजुर्गों के घुटने कमजोर हो रहे हैं। चलने फिरने में उन्हें दिक्कत हो रही है। ओपीडी में मौसमी बीमारी के सबसे ज्यादा मरीज आ रहे हैं। गुरुवार को ओपीडी में जबरदस्त भीड़ रही। करीब 11 सौ पर्चे बने। डाक्टर को दिखाने के लिए मरीजों में धक्का मुक्की होती रही।

सदर अस्पताल की ओपीडी में फिजीशियन के पास लंबी लाइन लगी हुयी थी। जल्द दिखाने के लिए मरीज आपस में धक्का मुक्की कर रहे थे। कई बार स्वास्थ्य कर्मी ने समझाया पर मरीज नहीं माने। हृदय रोग विशेषज्ञ के पास भी मरीजों की भीड़ भाड़ थी। कई बार हृदय रोग के डाक्टर उठे। इसके चलते बीमारों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। हड्डी के डाक्टर के पास भी मरीजों की भीड़ थी। कई बुजुर्ग ऐसे भी दवा लेने आये थे जिन्हें घुटनों में दिक्कत थी। चलने फिरने में वह परेशान थे। बुजुर्गो से कहा गया कि डायविटीज में और भी दिक्कत रहती है इसलिए खान पान सही रखें और डायविटीज पर भी नियंत्रण रखें। कई बुजुर्गो ने पुराने दर्द को लेकर जानकारी देकर दवा मांगी। इस पर ऐसे बुजुर्गो का इलाज किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ के पास भी मरीजों की भीड़ थी।

ओपीडी से लेकर पर्चा काउंटर तक मरीजों की जबरदस्त भीड़ रही। धक्का मुक्की के बीच बीमारों को इलाज मिला। अस्पताल की ओपीडी में डाक्टर देर से बैठते हैं ।

### मौसम बदलने से बढ़े जुकाम-बुखार के मरीज

दिनरात में चल रही ठंडी हवाओं के साथ कभी धूप तो कभी बारिश की कसमकस के बीच तापमान में उतार चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में लोगों को बीमारियों ने जकड़ना शुरू कर दिया है। लोगों को खासकर खांसी, जुखाम, बुखार के साथ पेट दर्द और त्वचा संबंधित समस्याएं हो रही हैं। दो दिनों से जिला अस्पताल में मरीजों का हुजूम पहुंचा रहा है। ओपीडी के बाहर मरीजों को इलाज के लिए घंटो इंतजार करना पड़ा है। मरीजों को इलाज के लिए ओपीडी के बाहर घंटो खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। अस्पताल में मरीजों की सबसे अधिक भीड़ फीवर हेल्प डेस्क पर इलाज कराने पहुंची। वहां तैनात डाक्टर ने मरीजों की बीमारियों से संबंधित जांचे कराकर दवाएं दी।

### बदलते मौसम में बरतें विशेष सावधानी

ओपीडी में अधिकतर मरीजों को खांसी, जुखाम, बुखार की समस्या रही। कई मरीजों ने पेट व त्वचा संबंधित बीमारियों का भी इलाज कराया। मौसम में बदलाव होने से मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में मरीजों को बचाव करने की जरूरत है। मरीजों को सुबह-शाम पर्याप्त गरम कपड़े पहनने चाहिए। फ्रीज में रखे पानी व सामान का सेवन बिल्कुल न करें। बाहर का कुछ न खाएं-पीएं। धूल से बचकर रहें।

-डॉ. एनके सक्सेना
फिजीशियन

### खांसी-जुकाम में भी डॉक्टर लिख रहे एंटीबॉयटिक

**फतेहपुर।** सरकारी और निजी क्लीनिकों में डाक्टर बेधड़क एंटीबायोटिक मरीजों को लिख रहे है। खांसी-जुकाम जैसी मामूली बीमारी में भी ज्यादातर डाक्टर एंटीबायोटिक दवा लिख रहे है। अकेले जिला अस्पताल से ही रोजाना औसतन एक हजार टेबलेट एंटीबायोटिक मरीजों को पहुंच रही है। महानिदेशक स्वास्थ्य ने पिछले दिनों सभी सीएमओ को निर्देश दिए थे कि जरूरी होने पर ही एंटीबॉयोटिक दवा लिखी जाए। इन दवाओं को लिखने के पहले अन्य विकल्प रखें। जो मरीज के हित में होगा। लेकिन जिले में सरकारी और निजी अस्पताल सभी जगह डाक्टर मामूली सर्दी-जुकाम में भी एंटीबॉयोटिक दवा लिख रहे हैं। इन दिनों करीब एक हजार से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे है। यही वजह है कि जिला अस्पताल में उपलब्ध मुख्य तौर पर एमॉक्सी 625 एमजी, सिफेक्जिन 200 एमजी व एजी थ्रो माइसिन 500 एमजी बड़ी संख्या में निकल रही हैं।

#### शारीरिक क्षमता को कमजोर करती है एंटीबायोटिक दवा

जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा राजीव तिवारी कहते हैं कि एंटीबायोटिक दवाएं केवल जरुरत पर ही लिखी जानी चाहिए। क्योंकि एंटीबायोटिक अधिक खाने से जरुरत के दौरान वह दवा फायदा भी नहीं करती। कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से शारीरिक क्षमताएं कमजोर हो जाती है। हर एक एंटीबायोटिक की सेंस्टीबिटी होती है, इसकी जानकारी होनी चाहिए, तभी संबंधित एंटीबायोटिक मरीज को दी जाए। इंजेक्शन के रुप में कुछ एंटी बायोटिक रिएक्शन भी करते है।

#### बिना डाक्टर की सलाह के ही मेडिकल स्टोर संचालक बेंच रहे

मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश हैं कि अनायास एंटीबॉयोटिक न बेचें। फिर भी वह मनमानी करने से नहीं मान रहे है। इसका फायदा मेडिकल स्टोर वाले उठाते है। क्योंकि वह बिना डाक्टर की सलाह के ही एंटीबायोटिक दवाएं दे देते है।

मेडिकल साइंस में बताया गया है कि जरुरत के समय ही एंटीबायोटिक मरीजों को लिखें। इसके लिए महानिदेशक स्वास्थ्य के भी निर्देश है। लेकिन कुछ लोग नहीं मानते है। मरीजों को अनावश्यक एंटीबायोटिक नहीं दी जानी चाहिए। मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना डाक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक न दिए जाने के सख्त निर्देश है।

-डा इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

# खतरा : हथगाम-आंबापुर मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त



रजाबाद गांव के पास पुलिया में बाउंड्रीवाल नहीं। अमृत विचार

संवाददाता, थरियांव

- पुलिया में बाउंड्री वाल न होने से बढ़ा खतरा
- रात के अंधेरे में पुलिया न दिखने से रहता हादसे का डर

**अमृत विचार।** हथगाम-आंबापुर मुख्य मार्ग में पुलिस की बाउंड्री वाल न होने से आने जाने वालों पर खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों में चिंता का विषय बन हुआ है। यह खतरा आस-पास के गावों के ग्रामीणों के लिए भी सुरक्षा का मुद्दा बन गया है।

हथगाम-आंबापुर मार्ग स्थित रजाबाद गांव के पास की पुलिया की बाउंड्री लाइन टूट जाने से राहगीरो को परेशानी उठानी पड़ रही है। पुलिया की बाउंड्री वाल टूटने से बाइक वा चार पहिया वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। इससे राहगीरों को निकलने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वही पुलिया में मोड़ होने के साथ किसी तरह की बाउंड्री वाल न होने से रात के अंधेरे चालकों को पुलिया का पता नहीं चल पाता है। जिससे कई मोटर साइकिल वाले नीचे नहर में गिरकर घायाल हो चुके हैं। आयदिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। राहगीरों ने बताया कि यह पुलिया एक साल से अधिक समय से टूटी पड़ी है। अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि, इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, खागा



राहुल।



घटनास्थल पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार की रात खखरेरु थाना क्षेत्र के दरियामऊ नहर पुल के पास तेज रफ्तार मोरंग लदे ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। देखते ही देखते घटना स्थल पर भीड़ जुट गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के दरियामऊ गांव निवासी राहुल कुमार पुत्र महतू पाल दिल्ली में रहकर कमाता था। परिजनों ने बताया कि राहुल घर का इकलौता बेटा था। कुछ दिन पहले घर आया था। बुधवार की रात निजी कार्य के लिए बाइक से रक्षपालपुर गया था काम निपटा कर रात दस बजे घर आ रहा था। तभी विजयीपुर से धाता की तरफ जा रहा मोरंग लदा ट्रक कस्बा के नहर पुलिया के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राहुल की मौके पर मौत हो गई। वह तीन बहनों के बीच अकेला था। वह मां के साथ रहता था, पिता से अनबन होने के कारण कुछ दिनों से राहुल परेशान चल रहा था। राहुल की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की ट्रक को कब्जे में लिया गया है। चालक मौके से फरार है।

# सड़क हादसों में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत

संवाददाता, फतेहपुर

- हुसेनगंज और राधानगर थाना क्षेत्र में हुए हादसे

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसों से परिजनों का हाल बेहाल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मूधनपुर गांव निवासी विनोद कुमार रैदास (44) हथगाम ब्लाक के सुरजीपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थे। वह रात में किसी काम से सातमील तिराहा गए थे। रोड किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। पीछे से ट्रक शिक्षक को टक्कर मारकर भाग निकला। घायल शिक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक की तलाश की जा रही है। इधर, राधानगर थाना क्षेत्र के जखनी निवासी मखलू उर्फ सचिन कुमार पासवान (22) घर के बाहर रोड किनारे खड़ा था। पिता मोतीलाल पासवान ने बताया कि तेज रफ्तार डंपर गड्ढा बचाने में पुत्र को टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चार भाई अंकित कुमार, अंकुश कुमार, आशीष में दूसरे नंबर का था। हादसों की जानकारी पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चुनाव जीतने को झूठ बोल रही भाजपा

संवाददाता, फतेहपुर



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने सदर विधानसभा में बूथ सेक्टर जोन स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए झूठ, बेईमानी पर उतर आई है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, कर्मचारी, कारोबारी, व आम जनता परेशान हैं। किसी की भी सुनवाई नहीं हो रही हैं। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर मुकदमा लिखें जा रहे हैं। भाजपा सबसे पहले मतदाता सूची से नाम कटवाती व जोड़वाती है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को ख़तम करना चाहती हैं। सभी लोगों को एकजुट होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि सपा का कार्यकर्ता ईमानदार और मेहनती हैं इसी का नतीजा हैं कि जिले में दो विधान सभा, नगर पालिका और नगर पंचायतो में सपा का कब्ज़ा हैं। इस बार सबकी मेहनत से लोकसभा में भी सपा का प्रत्याशी विजई होगा। तैयारियों में जुट जाएं। जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को गिनायें। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विषम्भर प्रसाद निषाद रहे। कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह यादव, चौधरी मंजर यार आदि उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर गर्भवती से दुष्कर्म, एक साल बाद केस

संवाददाता फतेहपुर

- शिकायत करने पर पुलिस ने नहीं लिया एक्शन
- कोर्ट के आदेश पर थरियांव पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** गर्भवती महिला से जबरन दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोसी युवक ने विरोध करने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट के माध्यम से मामला दर्ज कराया है। मामला एक साल पहले का है।

थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहनी वाली 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल 2023 को वह अपने घर पर अकेली थी। तभी पड़ोसी युवक अनीस उर्फ ननबुद घर के अंदर घुस आया। पीछे से पकड़कर जबरन मेरे साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जमकर पिटाई की। मुझे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। दुष्कर्म और मारपीट करने से मेरे गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। जब इस बात को युवक के परिजनों से कहा गया तो उसके परिजनों ने गालीगलौज किया।

अस्पताल से इलाज कराने के बाद जब पुलिस में प्रार्थना दिया तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट के शरण में जाना पड़ा। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अनीस उर्फ ननबुद, पिता सुरजबली समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में मामला सही मिलने पर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# जानलेवा हमले में चार को चार-चार साल की कैद

**फतेहपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट प्रथम ने प्राणघातक हमले के चार आरोपियों को दोषी करार दिया। सभी को चार-चार साल की साधारण कैद और प्रत्येक को तीन हजार 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर गांव के दो पक्षों के बीच 2016 में मारपीट हुई थी। मारपीट में एक पक्ष के सुरेंद्र कोरी, विपिन कोरी, सरला पुत्री रामेश्वर कोरी, अनीता पत्नी सुरेंद्र के खिलाफ ही प्राणघातक हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। एडीजीसी कल्पना पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने अंतिम सुनवाई की। कोर्ट ने आरोपियों को चार साल की कैद और प्रत्येक को 35 सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# गृहस्थ में भी संन्यास की प्राप्ति संभव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




संत सम्मेलन में जुटे संत-महात्मा। अमृत विचार

- संत समागम समारोह में प्रवचन व भजन कीर्तन

**अमृत विचार।** अवधेश नगर में चल रहे संत सम्मेलन, संत समागम के दूसरे दिन गुरुवार को भी भजन-कीर्तन व प्रवचन संतों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों समेत क्षेत्र के तमाम भक्त पहुंच कर भक्ति में गोता लगा रहे हैं। गुरुदेव स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी महाराज, स्वामी महेशानन्द महराज द्वारा संदर्भ में बताया कि गीता के आत्मसंयम योग में छठवां अध्याय का पहला सूत्र व्यापक है। गृहस्थ में भी संन्यास की प्राप्ति संभव है। उन्होंने भजन के माध्यम से संदेश प्रसारित किया कि दरिया का हो ये आलम और दूर किनारा है, चाहो तो जान लो यह अधिकार तुम्हारा है। उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति अनासक्त हो तो अनर्थ हो ही नहीं सकता, जरूरत है हमें आसक्ति का त्याग और अनासक्ति का अभ्यास करना। गंधर्व कलाकार लल्लू भैया ने भजन के माध्यम से गाया कि यही हरि भक्त कहते हैं यही सद्ग्रंथ गाते है, न जाने कौन से गुण पर दयानिधि रिझ जाते हैं। वहीं साध्वी चेतना जी ने गाया कि यह सन्तों का प्रेम नगर है, आना जरा सम्भलकर। कार्यक्रम में साध्वी अर्चना वृन्दावन धाम, गन्धर्व कलाकार नन्ना भैया चान्दपुर, चन्दूभैया इटावा, अय्याज भाई जहानाबाद, रज्जन लाल बाजपेई द्वारा स्वर लहरी बिखेरी गई। इस मौके पर व्यवस्थापक स्वामी सेवानन्द महराज, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, अजय राज सिंह चौहान, चैन सिंह राठौर, आरती देवी, पूजा देवी, डाक्टर दिनेश सिंह, राजा सिंह कछवाह, डा. अनुराग श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राहुल सिंह, दिनेश शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विवेचनाओं का गुणवत्तापुर्ण निस्तारण के निर्देश

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा गुरूवार को थाना कल्यानपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द की सलामी लेने के बाद थाना परिसर का भ्रमण करते हुए बैरक, मेस, शौचालय, प्रशासनिक भवन के तहत थाना कार्यालय हवालात को चेक कर सम्बन्धित को समुचित साफ-सफाई व रख रखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना मालखाना का भौतिक निरीक्षण करते हुए शस्त्रों का रख-रखाव एवं उनके साफ-सफाई का चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्थानीय चौकीदारों से उनकी समस्याओं आदि के सम्बन्ध में वार्ता कर समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना कल्यानपुर को समय समय पर चौकीदारों की गोष्ठी आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण कराने के लिए निर्देश दिए। थाने पर लंबित विवेचनाओं के सम्बन्ध मे सम्बन्धित विवेचकों से वार्ता कर विवेचनाओं का जल्द व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

### विधिक परामर्शदाताओं की सूची का पोस्टर जारी

**फतेहपुर।** 22 फरवरी को वर्ल्ड सोशल जस्टिस डे के रूप में मनाएं जाने के क्रम में गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली परिसर स्थित महिला डेस्क पर समाज के गरीब व कमजोर वर्ग सहित महिला एवं बालिकाओं से सम्बन्धित अपराध में निशुल्क विधिक सहायता प्रदान कर न्याय सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक परामर्श दाताओं की सूची विषयक पोस्टर जारी किया गया। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय एवं जनपद के सभी थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर फ्री लीगल ऐड के पोस्टर लगवाये गये। जिससे आम जनमानस के लोग सुविधाओं की जानकारी लेकर लाभ प्राप्त कर सकें।

### पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि युवक ने प्रेम जाल में फंसाया, इसी दौरान फोटो भी खींची और शादी का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**असोथर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ गांव का ही विमल उर्फ भूरे पुत्र कुंभकर्ण ने 14 फरवरी की रात्रि में घर पर कूदकर महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर मिली है, रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

चिकित्सीय परामर्श | जिला अस्पताल में माताओं को किया जा रहा जागरूक

# दूध की कमी से नवजात की बिगड़ सकती सेहत

संवाददाता, फतेहपुर



- जानकारी के अभाव में माताएं कर जाती हैं अक्सर लापरवाही और बच्चा हो जाता बीमार

**अमृत विचार।** नवजात शिशु के लिए मां का दूध अमृत के समान होता है, लेकिन शरीर में दूध की कमी से नवजात को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। जबकि स्तनपान न कराने वाली महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। डाक्टरों के अनुसार शिशु दिन में सिर्फ तीन से चार बार टॉयलेट कर रहा है। तो यह बीमारी के लक्षण हैं। ऐसे में तत्काल डाक्टर से सलाह लें।

शिशुओं की सेहत को लेकर अक्सर लोग चिंतित रहते हैं। खासकर नई महिलाएं जिनको पहला बच्चा हुआ होता है। कई बार जानकारी के अभाव में वह बच्चे पर ध्यान नहीं दे पातीं। जिससे बच्चा गंभीर बीमारी का शिकार हो जाता है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचन्द्रा का कहना है कि कई बार बच्चों के शरीर में दूध की कमी से गंभीर बीमारी हो जाती है। लेकिन अक्सर महिलाएं यह बात नहीं समझ पाती। बच्चों की पेशाब गाढ़ी हो जाती है। जिसका रंग खून जैसा दिखाई देने लगता है। ऐसे में माताएं चिंतित हो जाती हैं। यह लक्षण शरीर में दूध की कमी से हो जाते हैं। इसलिए नवजात को छह माह तक सिर्फ मां का दूध सेवन कराना चाहिए। मां का दूध बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम होता है। शरीर में पानी की कमी को भी दूध पूरा करता है। बच्चों के टॉयलेट के लिए साफ सुथरा कपड़ा व अच्छी कंपनी का डायपर प्रयोग करें। स्तनपान कराने के दौरान महिलाएं खाने पीने का विशेष ध्यान रखें।

### महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर का खतरा

जन्म के बाद बच्चे को सिर्फ मां का दूध ही दिया जाता है। जिससे उसका शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सीएमएस डा. रेखारानी ने बताया कि मॉडर्न युग में कई महिलाएं बच्चों को दूध पिलाना पसंद नहीं करती हैं। बच्चों को दूध ना पिलाने वाली अधिकांश महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा बना रहता है। इसलिए महिलाओं को शिशु को स्तनपान अवश्य करना चाहिए। दूध कम बनने की स्थिति में पौष्टिक आहार व अन्य उपाय अपनाएं। यदि कोई समस्या है तो डाक्टर से संपर्क करें।

### स्वस्थ शिशु करता 8-10 बार टॉयलेट

बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि छह महीने तक शिशु सिर्फ मां के दूध पर निर्भर रहता है। स्वस्थ शिशु दिन में करीब 8 से 10 बार टॉयलेट करता है। इसलिए मां बच्चे का डायपर चैक करती रहें। इसके कम यानी बच्चा दिन में सिर्फ 3-4 बार ही डायपर गीला करता है। तो डाक्टर को दिखाकर सलाह लें। कभी भी लापरवाही नहीं करे।

# प्रापर्टी कारोबार का झांसा देकर शिक्षक से हड़पे 40 लाख

संवाददाता, फतेहपुर

- तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** प्रापर्टी कारोबार में मुनाफे के साथ रकम लौटाने का झांसा देकर शिक्षक का रिश्तेदारों ने 40 लाख रुपये हड़प लिया। साले समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के वीआईपी रोड ओमकार नगर निवासी प्रकाशचंद्र महाराजगंज जिले में सरकारी अध्यापक है। उन्होंने बताया कि कानपुर नौबस्ता थाना क्षेत्र के हंसपुरम निवासी साले अरविंद कुमार मित्र लक्ष्मण के साथ प्रापर्टी का कारोबार करता है। लक्ष्मण बिंदकी के सेलावन निवासी है। वह साले के साथ हरिहरगंज स्थित प्रापर्टी को देखने गया था। उसके बैग में खाते की चेक और चार लाख रुपये थे। उसने बैग साले को दिया था। बातचीत के बाद बैग लेकर साला चला गया। उसने बाद में फोन कर बैग सुरक्षित होने की जानकारी दी। कुछ दिन बाद चेक से साले ने 15 लाख रुपये निकाल लिए। रुपये किसी महेंद्र कुमार सिंह के खाते में ट्रांसफर हुए। कुछ दिन बाद पता लगा कि साले और उसके मित्र लक्ष्मण सिंह ने प्रापर्टी का खरीदने का अनुबंध किया है। कुछ दिन बाद ससुराली बोले कि पूरी प्रापर्टी खरीदने में 21 लाख 50 हजार रुपये और लगेंगे। उसने 22 जुलाई 2021 को रुपये दे दिए। करीब 40 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी मनौटी, विकास खंड खुजुहा, फतेहपुर**

पत्रांक: मीमों / निविदा

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत टिकरी मनौटी वि0 खण्ड खजुहा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज- 2 के अन्तर्गत कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु-निविदा आवंटित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23/02/2024 से 01/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय टिकरी मनौटी में प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक निविदा सील बंद लिफाफे के साथ जमा करें। दिनांक 02/03/2024 को 11 बजे निविदायें खोली जायेंगी।

| क्र0सं0 | कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1 | एकीकृत ठोस अप0शि0प्र0 केन्द्र | 4.31 लाख |
| 2 | हैण्ड पम्प पर सोख्पिट | 66000/- |
| 3 | सामुदायिक सोख्पिट | 22000/- |
| 4 | कचरा वाहन | 1.50/- |
| 5 | सामुदायिक नाडेप | 35000/- |
| 6 | सामु0 एवं संस्थागत खाद गडढा | 10.000/- |

श्रीमती सोनी देवी, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- टिकरी मनौटी
विकास खंड- खजुहा, फतेहपुर

प्राची मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- टिकरी मनौटी
विकास खंड- खजुहा, फतेहपुर

# हाईस्कूल में हिंदी की परीक्षा में दो हजार अनुपस्थित

## इंटर में 1046 परीक्षार्थी गैरहाजिर, कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुईं बोर्ड परीक्षा, नहीं मिला कोई नकलची

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए की गई खासी व्यवस्थाओं के बीच गुरुवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिन्दी की परीक्षा कराई गई। पहले दिन हाईस्कूल की परीक्षा में 2068 तो द्वितीय पाली इंटरमीडियट की हिन्दी और सामान्य हिन्दी की परीक्षा में 1046 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षार्थियों को गहन तलाशी के बाद केन्द्र में प्रवेश दिया गया। हाईस्कूल में हिन्दी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 38182 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 36114 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2068 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। ऐसे ही इंटरमीडियट की द्वितीय पाली में हिन्दी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा में पंजीकृत 29449 परीक्षार्थियों में 28403 ने परीक्षा दी और 1046 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के लिए बनाए गए 30 सचल दल इस केन्द्र से उस केन्द्र का भ्रमण करते रहे।


परीक्षा केन्द्रों के बाहर तालाशी के लिए खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार


ग्रामीणांचलों के परीक्षा केन्द्र परीक्षा देकर निकलते छात्र। अमृत विचार

### ओएमआर शीट पर परीक्षा देने का मिला अनुभव

- इस बार भी हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 20 अंकों का वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। जिसके उत्तर ओएमआर शीट में भरा गया। पहली बार परीक्षार्थियों द्वारा दी गई परीक्षा पर थोड़ी असमंजस की स्थिति रही। हालांकि परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि ओएमआर शीट भरने की व्यवस्था अच्छी है। पहले थोड़ी झिझक हुई लेकिन अनुभव अच्छा रहा।

### सीसीटीवी कक्ष में बैठे अधिकारी

- नकल विहीन परीक्षा के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगे रहे। केन्द्रों में जाकर सीसीटीवी कक्ष की पड़ताल की। कैमरों के माध्यम से केन्द्रों के सभी कक्षों की निगरानी की। साथ ही अदंर जाकर सेंटर को भी चेक किया। जहां सब कुछ सामान्य स्थिति में पाया गया।

### केन्द्रों में सख्ती से हुई तलाशी

- डीएम स्तर से सभी केन्द्रों में स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में परीक्षाएं कराई गईं। छात्राओं की तलाशी के लिए महिला शिक्षिकाओं को लगाया गया। एक एक कर प्रवेश दिया गया। गेट के बाहर जमा अभिभावकों की भीड़ को पुलिस कर्मियों ने दूर खड़े होने की नसीहत देते रहे।

### जीआईसी में गहन तलाशी के साथ प्रवेश

- शहर के राजकीय इंटर कालेज में सुबह साढ़े सात बजे से परीक्षार्थियों का गेट में जमावड़ा रहा। निर्धारित समय पर गेट खोला गया और एक एक परीक्षार्थी की गहन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। इस दौरान कई परीक्षार्थी पेन-पेंसिल के लिए इधर उधर भागदौड़ करते नजर आए।

### सरस्वती कॉलेज में खुश दिखीं छात्राएं

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में इंटर की द्वितीय पाली में हिन्दी की परीक्षा देकर निकली छात्राओं के चेहरों में खुशी थी। सहपाठियों के साथ प्रश्नों पर चर्चा करते हुए बोली कि पेपर तो बहुत अच्छा रहा। मस्त रहा यार। वहीं छात्रों की टोली भी परीक्षा को लेकर आपस में चर्चा करते नजर आए। यहां पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए सेंटर दिया गया है।

### मुस्लिम कॉलेज में कई छात्र प्रवेश पत्र लाना भूले

सदर क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कालेज में हाईस्कूल एवं इंटर मीडियट की दोनों पालियों में निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षार्थी गेट पर जमा रहे। केन्द्र प्रशासन ने एक एक की तलाशी लेकर केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया। इस दौरान कई परीक्षार्थी प्रवेश पत्र ही लाना भूल गए थे। जिन्होंने साथ आए अभिभावकों के साथ वापस घर जाकर प्रवेश पत्र लेकर आए। केन्द्र के अंदर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

### परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित रहीं अवांछित सामग्री

नकल सामग्री, उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वाच, कैलकुलेटर, ब्लूटुथ, लैपटाप, टैबलेट, पेजर, कैमरा सहित कोई भी सामग्री जिसका प्रयोग नकल के लिए किया जा सके। अनुचित ढंग से परीक्षा केन्द्र के अंदर परीक्षार्थी नहीं ले जा सके। परीक्षार्थी मोबाइल लेकर परीक्षा केन्द्र के अंदर नहीं जा सके। केन्द्र प्रशासन ने ऐसी सारी सामग्री को जमा करा लिया।

### सीसीटीवी कैमरे की निगाहबानी में स्ट्रांगरूम

परीक्षा केन्द्रों में जिस कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वह कक्ष चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगाहबानी है। चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे आनलाइन रहे, इसके लिए बिजली का बैकअप रखने का भी इंतजाम किया गया है। परीक्षा केन्द्र में जेन सेट या फिर इनवर्टर की व्यवस्था की गई है।

### क्या बोले परीक्षार्थी

बोर्ड परीक्षा पहली बार देने का अवसर मिला है। ओएमआर शीट में बहु विकल्पीय के 20 प्रश्न आए थे। जिनका जवाब शीट में गोला काला करके दिया है। कुल मिलाकर पहला प्रश्नपत्र काफी अच्छा रहा।

**-मीनाक्षी, हाईस्कूल छात्रा**

पहली बार बोर्ड परीक्षा को लेकर मन में भय था लेकिन प्रश्नपत्र हाथ में आया तो झिझक दूर हो गई। हिन्दी की परीक्षा अच्छी हुई है। पहली बार ओएमआर शीट पर भी उत्तर दिए गए हैं। पहला दिन अच्छा रहा। नया अनुभव मिला।

**-खुशी वर्मा, हाईस्कूल छात्रा**

तैयारी के मुताबिक पहले दिन की परीक्षा काफी अच्छी रही। पहले थोड़ा डर लग रहा था लेकिन परीक्षा कक्ष में पहुंचने पर सब सामान्य रहा। प्रश्नपत्र में आए सभी प्रश्न हल किए हैं। अब आगे की विषयों की भी पूरे तैयारी करनी है।

**-राजेश यादव, हाईस्कूल छात्र**

## एक नजर

### महिला ने जहर खाया

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के टिकरी मनौटी गांव में घरेलू विवाद के चलते पूजा देवी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मं भर्ती कराया गया। जहां काफी देर चले उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ तो परिजन वापस घर ले गए।

### छत से गिरकर घायल

**बिन्दकी।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव में कल्ला देवी पत्नी राम आसरे अपने घर की छत में काम कर रही थी। तभी अचानक पैर फिसल गया और नीचे जा गिरी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया है।

### 49 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 49 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। पुलिस के चिकंग के दौरान उधर से गुजरने से लोग हिचकते हैं।

# बारिश और ओले गिरने से बरबाद हो गया किसान

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

**अमृत विचार।** हर दिन बिगड़ते मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी। रातों दिन हो रहीं तेज बारिश व ओलावृष्टि से चना गेहूं समेत कई तरह की फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। बुधवार के दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद तेज हवाओं ने फसलों को जमीदोज कर दिया। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्षेत्र के किसानों में डॉक्टर हेमराज पटेल, करन सिंह, ब्रजेन्द सिंह, अजीत सिंह, अजय सिंह, भानु प्रताप, अकरम खान आदि किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश के बीच ओलावृष्टि से गेहूं, सरसो व चना की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। इन किसानों ने कहा लगातार बिगड़ रहा मौसम का मिजाज फसलों पर आफत बनकर टूटा है। मंगलवार की रात से गुरुवार दिन तक क्षेत्र के चारों तरफ कई बार बारिश ने दस्तक दिया। साथ में आंधी के साथ ओला गिरने से किसानों को तगड़ा नुकसान हो रहा है। बेबस किसान सिर्फ परमात्मा की तरफ सिर उठाकर रहम की भीख ही मांग सकता है। अब हम किसानों के पास कोई रास्ता बचा ही नहीं जिससे फसलों को बचा सकें।


ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई सरसों की फसल। अमृत विचार

- **ओलावृष्टि व तेज हवाओं के कारण जमींदोज हो गईं गेहूं की फसलें**

क्षेत्रीय लेखपाल को जांच के लिए आदेशित किया गया है। नष्ट हुई फसलों का आंकलन कराया जाएगा। इसके बाद सरकार को आंकलन रिपोर्ट भेजी जाएगी। जिससे किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।

**-नंद प्रकाश मौर्य, खागा एसडीएम**


तेज हवाओं के साथ बारिश से जमींदोज हुई गेहूं की फसल।

### क्या बोले किसान..


किसान करन सिंह, निवासी तारापार मजरे सूदनपुर ने बताया कि रातों दिन हो रहीं बारिश से फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। इस मौसम में फ़सल को धूप की जरूरत होती है। फ़सल का पकने का समय होता है पर बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया।


किसान अजीत सिंह, निवासी कछरा मजरा मलूकबारी ने बताया कि इस समय किसान अपनी फ़सल को बहुत मुश्किल से बचा पा रहा है। क्षेत्र में अन्ना पशुओं की मार से किसान पहले ही परेशान है। जो बची कसर थी वो बेमौसम बारिश ने बिगाड़ दिया।


किसान ब्रजेंद्र सिंह, निवासी घरवासीपुर ने एक कहावत के साथ अपनी बात रखी कि सिर मुडवाए नहीं कि ऊपर से गिरे ओले, ज़ब जरूरत थी पानी की तो बिजली की किल्लत से किसान जूझ रहा था, फ़सल सूख रहीं थी, अब फ़सल फूल व फल में है तो भगवान की मार से फ़सल चौपट हो गई।


किसान हेमराज सिंह निवासी दौलतपुर मजरा कोट ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि से फ़सलों को भारी नुकसान पहुंचा है। फूल पर आई सारी फसलें नष्ट हो चुकी हैं और बारिश के बाद तेज आंधी से गेहूं की फ़सल खेत पर ही लेट चुकी है। जिसका उठ पाना अब बहुत मुश्किल है।

## सार-संक्षेप

### 760 के सापेक्ष 360 को मिली नौकरी, खिले चेहरे

**फतेहपुर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहक गुरुवार को कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं सेवायोजन, कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 700 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। शहर के राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में कौशल विकास एवं आईटीआई के प्रशिक्षित 700 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। सेवायोजित करने के लिये 9 कम्पनियों ने प्रतिभाग करके 360 से अधिक को नियुक्ति किया है। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि मुखलाल पाल भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा 35 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित करके शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही कौशल विकास के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके नौकरी में जाने के लिए अभ्यर्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यकम में अमित शिवहरे, भाजपा, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष एवं स्मिता सिंह द्वारा अभ्यर्थियों को आर्शीवचन दिया गया। रोजगार मेले में प्रधानाचार्य आशीष केशरवानी, कौशल विकास मिशन, जिला कौशल प्रबन्धक, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### घरेलू कलह में महिला ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** मलवां कस्बा में गुरूवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी करने करने का प्रयास किया। समय पर जानकारी होने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मलवां कस्बा निवासी अनिल चौरसिया की पत्नी वंदना ने गुरूवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। इसी दौरान परिजनों की नजर उस पर पड़ गई और तत्काल फांसी के फंदे से उतारकर निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के कुछ ही समय बाद महिला ने दम तोड़ दिया, वहीं परिजन शव को घर वापस ले गए।

### शव बरामद, पहचान नहीं

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा मोड़ के पास हाईवे में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव बरामद करते हुए पोस्टमार्टम भेजा है। पुलिस के अनुसार किसी वाहन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हुई है। बताया कि शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी।

# ट्रक की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से पैदल जा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के मीरखपुर मोहल्ला निवासी शिवा सैनी पुत्र पप्पू सैनी गुरुवार गांधी चौराहे के पास टहल रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके चलते युवक शिवा सैनी गंभीर घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर आसपास के लोगों ने उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां शव देख कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

बिंदकी। कस्बे के ललौली रोड जाफराबाद मोड़ में गुरुवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महेश पुत्र जागेश्वर निवासी गौरी कोतवाली बिंदकी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल महेश को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# सीएचसी में एक्स-रे मशीन हुई जनता को समर्पित

**जहानाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में वर्षों से आधुनिक एक्स-रे मशीन की मांग की जाती रही है। विभाग ने दो माह पूर्व सीएचसी को 11 लाख की लागत से डिजिटल एक्स-रे मशीन मुहैया कराई थी। जिसे चिकित्सा अधीक्षक को सौंप दिया गया।

गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल ने आधुनिक एक्स-रे मशीन का उद्घाटन कर आमजन को इसकी सौगात दी। इस मौके पर विधायक से क्षेत्रीय लोगों ने महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, चीफ फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय की मांग की। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से मोबाइल पर बात की।

# श्रीराम की जन्मकथा सुन भावविभोर हुए श्रोता


कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में मा गायत्री मंदिर परिषर पर श्रीराम कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा वाचिका देवी निहारिका के मुखारबिन्दु से राम जन्म की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। कथा परीक्षित सत्यनारायण ओमर व राधा ओमर ने सर्व प्रथम ब्यास जी व ब्यास पीठ का पूजन किया। तत्पश्चात कथा प्रारम्भ की गई। कथा वाचिका ने राम जन्म की कथा में कहा कि भगवान राम का सातवां अवतार माने जाने वाले प्रभु श्रीराम ने हमेशा ही अधर्म पर धर्म की विजय के लिए अवतार धारण किया है। दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ किया। दशरथ ने श्यामकर्ण घोड़े को चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वाने का आदेश दिया। समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को बुलावा भेजा। वह चाहते थे कि सभी यज्ञ में शामिल हों। यज्ञ का समय आने पर दशरथ सभी अपने गुरु वशिष्ठ समेत अपने परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता ऋ्रंग ऋषि के साथ यज्ञ मण्डप में पहुंचे और यज्ञ शुभारंभ किया गया। यज्ञ की समाप्ति के बाद समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य, गौ आदि भेंट देकर विदा किया गया। यज्ञ के प्रसाद में बनी खीर को राजा दशरथ ने अपनी तीनों रानियों को दी। प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों गर्भवती हो गईं। सबसे पहले महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया।

# नहर में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के इदरीस चौकी चौराहा के पास गंगा नहर में एक युवक के शव को बहता देख ग्रामीण लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिससे मौके पे पहुंची हथगांव थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी। मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि युवक ने कैंपस के जूते, नीली जींस व काली इनर पहन रखी है। युवक की उम्र करीब 28 साल है। आस पास के सभी थानों व सभी जिलों के युवक की फोटो भेजी गई है। जिससे पहचान हो सके।

**व्यवस्था** | जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निर्देश

# अस्पतालों में आई कार्ड के साथ ड्रेस में रहें कर्मी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने एमओआईसी से कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को संवेदनशीलता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए।

स्वास्थ्य विभाग के सभी पैरामीटर्स की उन्होंने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे समय से कराए साथ ही हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को गंभीरता के साथ सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए। गर्भवती महिलाओं, बच्चो का टीकाकरण समय से कराएं, साथ ही फीडिंग भी सम्बंधित पोर्टल पर समय से करें। जिससे जनपद की रैंकिंग सही रहे। बीएचएनडी दिवस पर की जाने वाली जांचों को संवेदनशीलता के साथ कराए और सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी बीएचएनडी सत्र पर उपयोग होने वाले उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर लें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा आदि योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार कार्यवाही करके लाभन्वित किया जाए। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करके नागरिकों को जागरूक भी करे। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के जिन लाभार्थियों के भुगतान शेष रह गए है, कार्यवाही कर जल्द से जल्द भुगतान कराया जाये। 108, 102 एम्बुलेंस की सेवाएं तत्परता के साथ नागरिको को मुहैया कराई जाए। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि अपने स्तर से चिकित्साधिकारियो, कर्मचारियों की समय समय पर बैठक करें, साथ ही अपना पर्यवेक्षण बनाए रखे। आरसीएस पोर्टल पर फीडिंग समय से पूरी करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों ड्यूटी के दौरान आई कार्ड और निर्धारित ड्रेस में रहे। इस मौके पर सीएमओ डा अशोक कुमार, सीएमएस महिला, पुरुष, डीपीएम, सहित सभी एमओवाईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक लेते सीडीओ। अमृत विचार

- **विभाग के सभी पैरामीटर्स की विस्तार से हुई समीक्षा**

# बसों में बाडी कोड अनिवार्य, अन्यथा लगेगा एक लाख जुर्माना

**फतेहपुर।** 3 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान जिले में संचालित होने वाली बसें कान्ट्रैक्ट कैरिज, स्टेज कैरिज, सिटी बस, स्लीपर आदि बस बाडी कोड के अनुरूप नहीं हैं। जिसके कारण ऐसी बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों का जीवन खतरें में रहता है। शासन द्वारा कई बार बसों को बस बाडी कोड के अनुरूप परिवर्तित कर संचालित करने के लिये निर्देश जारी किया जा चुका है। अतः ऐसे सभी वाहन स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि अपनी बसों को बस बाडी कोड के अनुरूप परिवर्तित करा लें तथा जब तक वाहन बस बाडी कोड के अनुरूप नहीं हो जाती है, संचालन में न लाएं। यदि वाहन बस बाडी कोड के अनुसार नहीं पायी जाती है तो न्यूनतम एक लाख का शमन शुल्क देय होगा।

# सड़क हादसों में बच्चे समेत पांच घायल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बरईखुर्द गांव निवासी रामराज का पुत्र शैलेंद्र बाइक से किसी काम से आ रहा था जैसे ही वह थरियांव थाना क्षेत्र के उसरैना के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे बाइक सवार सागर कुमार निवासी छीमी पुरइन खागा की भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसी तरह थरियांव कस्बा निवासी रामबाबू का छह वर्षीय पुत्र शिवम घर के बगल में दुकान से सामान खरीदने गया था तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर ललौली थाना क्षेत्र के दूलापुर गांव निवासी सोनू व सुरेश बाइक से शहर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग कस्बा से कुछ दूर पहुंचे तभी जेसीबी ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। जहानाबाद कस्बा के आशा देवी मंदिर के मोड़ के पास संदीप कुमार अपनी बाइक से गांव अनूपपुर थाना सजेती से कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के देवपुरा जा रहे थे। जैसे ही दारागंज के पास पहुंचे तो विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही लोडर ने बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

- **अगुरुवार को जनपद में हुए कई सड़क हादसे, घायलों को अस्पताल भेजा गया**

### ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बा के समीप बुधवार की देर शाम कार में बैठे एक अधेड़ को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हथगाम कस्बा के मोहल्ला तेहीपारा वार्ड नम्बर पांच निवासी रूद्र दत्त पांडेय का पुत्र संजय कुमार पांडेय बुधवार की शाम कस्बे के पास कार में बैठे थे। जैसे ही उसने मसाला थूकने के लिए गेट खोला इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार मौरंग लदे ट्रैक्टर ने दरवाजे में टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन घायल

फतेहपुर। गाजीपुर थाने के शाह कस्बा के भैसापुर मंदिर के पास गुरूवार की सुबह मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भैसापुर मंदिर के पास स्थित पीपल के पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता लगा है। गुरुवार सुबह कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पूजा-अर्चना कर रही थी। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे रामलखन, अमर सिंह, अनुज, शिवम व शारदा जख्मी हो गए। जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# 49 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों का काटा वेतन

## अधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद बीएसए ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक से 20 के बीच प्रेरणा पोर्टल पर हुए निरीक्षण में मिले थे गैरहाजिर

**अमृत विचार।** जिला टॉस्क फोर्स की ओर से हर महीने परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है। अधिकारियों को इसका लक्ष्य दिया गया है। फरवरी में विद्यालयों से 23 सहायक अध्यापक, 17 शिक्षामित्र और नौ अनुदेशक गैरहाजिर मिले। उनका अनुपस्थित दिन का वेतन-मानदेय काटा गया है।

एक से 20 फरवरी तक अधिकारियों की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर निरीक्षण हुए थे। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

साक्ष्य समेत जवाब न देने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उसी के तहत सभी अनुस्थित लोगों का वेतन व मानदेय काट लिया गया है।

### इन्होंने किया निरीक्षण

डायट प्राचार्य हरी सिंह शाक्य, बीएसए उपासना रानी वर्मा, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, बीईओ विश्वनाथ पाठक, बीईओ सर्वेश सिंह, बीईओ शिवेंद्र वर्मा, विपिन कुमार, रमेश चंद्र चौधरी, संजय कुमार, विमल तिवारी, बीडीओ, डीसी सिविल पीयूष कांत श्रीवास्तव, डीसी एमडीएम आदिल नियाज, एडीओ पंचायत यशकरन, नायब तहसीलदार, एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया।

### यह रहे अनुपस्थित

अनुराधा दीक्षित, मधुबाला, कृष्ण पाल सिंह, रमाकांती, सरोज कुमारी, राजीव सिंह, संजीव कुमार, अनीता, उमेश कुमार, रविंद्र कौशल, संतोषी द्विवेदी, प्रीती त्रिपाठी, शैलजा तिवारी, संगीता यादव, रचना दुबे, दुष्यंत सिंह, अल्का रानी, अतुल कुमार, किस्मत अवस्थी, प्रियंका, सृष्टि यादव, रजनी सिंह, संजय सिंह, विद्या राम, उमा देवी, सुषमा चौहान, अभिषेक कुमार, भगवती देवी, प्रिया, अनीता सिंह, मीना कुमारी, प्रतीक रमन, अरुणा राठौर, वैभव शुक्ल, अमित यादव, पूजा, सीता देवी, बबिता, अनुज प्रताप सिंह, शैलेंद्र कुमार, रूमा, राजकुमारी, सीमा कटियार, ज्योति कटियार, नीलम यादव, कंचन तोमर, मौलश्री, मुन्नी देवी व पूनम दुबे स्कूलों से गैरहाजिर मिलीं।

# बारिश-ओला से फसलों को कितना नुकसान, जानेंगे कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने दिए निर्देश- कृषि व राजस्व विभाग करेंगे जिले भर में सर्वे
- तिर्वा व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में दो दिन पहले फसलों को अधिक क्षति

**अमृत विचार।** जनपद में बेमौसम बारिश व ओला गिरने से फसलों को कितना नुकसान हुआ है, इसकी हकीकत परखने के लिए टीमों के गठन का निर्देश हो गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही क्षतिपूर्ति का मुआवजा मिलेगा।



20 व 21 फरवरी को बारिश व ओलावृष्टि से सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं से गेहूं, सरसों समेत अन्य फसलों नीचे गिर गईं। साथ ही सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में खड़ी फसल में जलभराव भी हो गया है। बताया जा रहा है कि तिर्वा व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में नुकसान अधिक हुआ है। इन दोनों तहसीलों में कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया जनपद की सीमा से लगे गांव शामिल हैं। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि कृषि व राजस्व विभाग की टीमें सर्वे कर तीन-चार दिनों में रिपोर्ट देंगी। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि उन्होंने भी सर्वे के लिए पत्र भेज दिया है। उन्होंने बताया कि बारिश के 72 घंटे के अंदर उनको या टोल फ्री नंबर पर सूचना देना जरूरी होता है। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, उनको कंपनी की ओर से लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा राजस्व विभाग अलग से सर्वे कर पीड़ितों की रिपोर्ट तैयार करेगा। बताया गया है कि 30 फीसदी से अधिक नुकसान होने पर ही लाभ मिलता है। दूसरी ओर सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया गुरुवार को डीएम से मिले और पीड़ित किसानों को राहत देने की मांग की।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत, साथी गंभीर घायल

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज



मृदुल।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन शाम की पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गये। एक छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। साथी अस्पताल में जिंदगी मौत से जूझ रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खल्लारूप मंगदपुर के रहने वाले हृदेश दुबे का बड़ा बेटा मृदुल दुबे शहर के जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कालेज में कक्षा 12 का छात्र था। इसी कालेज में पड़ोस के गांव नौगाई के रहने वाले बृजमोहन का बेटा अजय भी पढ़ता था। इनका परीक्षा केन्द्र सार्वजनिक सनातन धर्म इंटर कालेज, उधरनपुर था। पहले दिन दोनों एक साथ पेपर देने गये थे।

- फर्रुखाबाद रोड पर डंपर ने बाइक में मार दी टक्कर

वहां से लौटते वक्त रसीद कोल्ड स्टोरेज के पास सामने से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में मृदुल की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं लहूलुहान अजय को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गये। वहीं हादसे के भाग रहे डंपर को पुलिस ने चालक सहित कब्जे में लिया है।

### बिछुड़ गयी लव-कुश की जोड़ी

खल्ला गांव के रहने वाले हृदेश दुबे खेतीबाड़ी कर परिवार का भरणपोषण करते हैं। इनके मृदुल व हर्षित दो बेटे थे। दोनों बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए संघर्ष कर रहे थे। मृदुल की सड़क हादसे में मौत से लवकुश जैसी जोड़ी टूट जाने से बदहवास हो गये।

# प्रदर्शन कर मांगा ओलावृष्टि से फसलों की क्षति का मुआवजा

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह के नेतृत्व में तहसील में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** दो दिन पहले अचानक बदले मौसम के बाद बारिश व ओलावृष्टि से सैकड़ों किसानों की फसल नष्ट हो गई। इससे किसान तबाह हो गए। गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की।

मंगलवार की रात तेज आंधी, बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र के कई किसानों की फसलों में नुकसान हो गया। स्थिति यह है कि किसानों की लागत तक निकलती नहीं दिखाई दे रही है। दैवी आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में पहुंचे पीड़ित किसानों ने तहसील में विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम अशोक कुमार को ज्ञापन देकर 10 हजार रुपये बीघा की दर से मुआवजे की मांग और कर्ज वसूली रोकने की मांग रखी। विनोद यादव, रघुनंदन, बीरभान, बलबीर सिह, विजय कुमार, राधेश्याम सुरेद्र कुशवाहा, सुरजीत याजशदव भूरि जयवीर सिह सुरेश चंद्र समेत अन्य किसान मौजूद रहे।



तहसील परिसर में नवाब सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार



एंबुलेंस चालकों को जानकारी देतीं सीओ तिर्वा व यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई व अन्य ट्रेनर। अमृत विचार

# एंबुलेंस चलाते समय बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- क्लस्टर ट्रेनिंग से प्रशिक्षित किए गए एंबुलेंस कर्मी

**अमृत विचार।** क्लस्टर ट्रेंनिंग के माध्यम से एंबुलेंस कर्मी प्रशिक्षित किये गये। सीओ तिर्वा व यातायात ने ट्रेनिंग दी। यातायात के नियम के साथ ही सावधानी से एंबुलेंस चलाने को कहा।

क्षेत्राधिकारी तिर्वा व यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई ने मेडिकल कॉलेज में एम्बुलेंस सेवा 102 व 108 के चीलकों व ईएमटी को ड्यूटी के दौरान उनके कर्तव्यों, दायित्व, भूमिका व गोल्डन आवर के महत्व के बारे में समझाया। कहा कि एम्बुलेंस चलाते समय अपना ध्यान ड्राइविंग पर रखें। मोबाइल पर बात न करें। इमरजेंसी के दौरान सायरन का प्रयोग करते रहें। गोल्डन आवर के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। एक्सीडेंट में घायल मरीजों को कम रिस्पॉन्स टाइम में अस्पताल पहुंचने पर जोर दिया। यह भी बताया कि एंबुलेंस कर्मियों को स्वयं के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रशिक्षण ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस संस्था की ओर से एंबुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए ट्रेनर हरिकिशोर शाक्य, क्वालिटी ऑडिटर धनंजय सिंह ने दिया। एंबुलेंस जिला प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल ने जानकारी दी। जिला प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल, जिला प्रभारी रूपेश तिवारी, सुरेंद्र गंगवार, हेल्पडेस्क प्रभारी डा. शिव सिंह भी मौजूद रहे।

# सड़क किनारे लापता दिव्यांग का शव मिला

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम बमरौली निवासी संतोष यादव (42) वर्ष हाथ से दिव्यांग था। वह बुधवार की शाम घर से चला गया और नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। गुरूवार की सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उनका शव तालग्राम छिबरामऊ मार्ग स्थित गधईया ऊसर से रनवा संपर्क मार्ग किनारे पड़ा मिला। दिव्यांग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके भाई कमलेश यादव, विमलेश और दिलीप को दी। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई और परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मृतक के भाई कमलेश यादव ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष देवेश कुमार, उप निरीक्षक कृष्ण वीर सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई कमेलश व दिलीप ने बताया कि संतोष भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।

# गुजरात में युवक व गोवा में महिला की मौत

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** जीवन यापन करने के लिए देश के अलग-अलग प्रदेशों में रह रहे महिला और युवक की मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन पुलिस कार्रवाई पूरी कराने के बाद शव घर लाये। शव घर आते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

ग्राम खाड़ेदेवर निवासी रंजीत दोहरे ने बताया कि वह पत्नी मनीषा (20) वर्ष के साथ गोवा में रहकर वर्फ का व्यापार करता था। तीन दिन पहले उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजनों को सौपा। परिजन महिला के शव को गांव लाए। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इसी तरह ग्राम रौतामई निवासी अमरीश कुमार कश्यप गुजरात के कच्छ स्थित कंपनी में कार्य करता था। वह 20 फरवरी की शाम लगभग पांच बजे काम समाप्त कर घर लौट रहा था। तभी कार ने उसके टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पहचान पत्र से युवक की शिनाख्त कर पुलिस ने अमरीश की पत्नी को सूचना दी गई। गुरुवार की सुबह गांव रौतामई में शव आते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन अजय ने बताया कि मृतक 15 वर्ष पहले गुजरात गया था। उसके दो बच्चे हैं।

# शौच के लिए गई विवाहिता हुई लापता

संवाददाता सौरिख, कन्नौज।

**अमृत विचार।** सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता बुधवार की रात लगभग 11 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। काफी समय गुजरने के बाद जब नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजना शुरू किया लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। युवती के सास ने थाने पहुंच कर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

# बिना चेसिस नंबर के बिक रहे ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सरायमीरा जीटी रोड पर बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भरते ई-रिक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग की लापरवाही से ई रिक्शा मालिकों को गुमराह कर एजेंसी मालिक चूना लगा रहे हैं। कुछ रुपये लेकर वह अवैध ई रिक्शा थमा देते हैं। इनमें चेसिस नंबर नहीं होता है जिससे एआरटीओ के यहां रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है। वह खुद भी रजिस्ट्रेशन करा कर नहीं देते हैं। ऐसे ई रिक्शे पुलिस पकड़ती है तो चेसिस व नंबर प्लेट न होने से चालान भी नहीं हो पाता।

जिले की यातायात व्यवस्था ई रिक्शा के मकड़जाल में उलझ गई है। इसके पीछे बड़ी वजह जगह-जगह अवैध रुप से संचालित ई रिक्शा एजेंसी हैं। इन पर बैठे एजेंट चंद रुपये के लालच में भोलेभाले लोगों को फंसा कर आधे पैसों में ई रिक्शा दिला देते हैं। खरीददार रिक्शा लेकर जाता है। जब वह एजेंसी पर पहुंच कर रजिस्ट्रेशन मांगता तो बाकी पैसा जमा करे तभी हो सकेगा। ई रिक्शा मालिक किसी तरह पैसा जुटा कर जमा करता है। इसके बाद भी रजिस्ट्रेशन के प्रपत्र नहीं दिये जाते हैं। इस तरह के सैकड़ों ई रिक्शा जिले में चल रहे हैं। इनको जब यातायात पुलिस पकड़ती है तो नंबर प्लेट दूर चेसिस नंबर भी नहीं मिलते हैं। इस कारण चालान नहीं काट पाती। सीज कर थाना कोतवाली में खड़ा करा दिया जाता है तो वह रिलीज नहीं होता है। टीआई आरपी सिंह ने कहा कि ऐसी एजेंसियों पर कार्रवाई हो।

# पालिका ने तीन दिन में अतिक्रमण हटाने की दी चेतावनी

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ तक फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने मुनादी कराकर तीन दिनों का समय दिया है।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पालिका द्वारा मुनादी कराई जा रही है। जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, फर्रुखाबाद रोड, रेलवे रोड आदि स्थानों पर तीन दिनों में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है। ऐसा न होने पर पालिका व पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# 'बिचौलियों के बजाय खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचें'

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

- खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक ने किसानों को किया जागरूक
- फसल का मूल्य 48 घंटे के अंदर खाते में भेजा जाएगा

**अमृत विचार।** भारतीय खाद्य भंडारण निगम खड़नी की तरफ से आयोजित किसान गोष्ठी में मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम कानपुर के नितिन वर्मा ने किसानों से कहा कि वे दलालों और बिचौलियों की जगह अपनी फसल क्रय क्रेंद्रों पर ही बेचें। किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि रजिस्ट्रेशन करवा और टोकन लेकर केंद्र पर जाकर सीधे गेहूं की तौल कराएं।

फसल का मूल्य खाते में 48 घंटे के अंदर पहुंच जाएगा। किसी किसान का गेहूं खरीद केंद्र से दूर है तो मंगवाने की व्यवस्था केंद्र से ही की जाएगी।




गोष्ठी को संबोधित करते मंडल प्रबंधक नितिन वर्मा। अमृत विचार

मंडल प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव ने किसानों को बताया कि फसल की सफाई करके केंद्र पर लाएं। उन्हें उनकी फसल का सरकार द्वारा निर्धारित दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। डिपो प्रबंधक जेपी भारती ने किसानों को बताया कि रजिस्ट्रेशन करने में कोई परेशानी हो तो निगम इसमें भी मदद करेगा। प्रमुख व्यवसायी महेंद्र बाबू मिश्रा ने भी किसानों की समस्या बताई। डिपो प्रभारी अनिरुद्ध त्रिपाठी और मोहित चौरसिया ने बताया कि सरकार का यह प्रयास है कि किसानों के साथ कोई भेदभाव या धोखाधड़ी न हो।

इस अवसर पर खड़नी डिपो के प्रबंधक विजयपाल सिंह ने सभी का स्वागत किया। गोष्ठी में प्रधान अवनीश कुमार सिंह, सत्येंद्र पाल, दिनेश पाल, रत्नेश शर्मा, वीर प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान, अरविंद सिंह, मुनेश सिंह, सर्वेंद्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

गौरव की बात

**अभिनेत्री सिम्मी ने निभाया इंस्पेक्टर मनीषा जाट का किरदार, टी-सीरीज की फिल्म 'यारियां-2' में भी हैं**

# जी टीवी के 'रब से है दुआ' धारावाहिक में कन्नौज की बेटी

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



इंस्पेक्टर मनीषा जाट के रूप में सिम्मी।



'रब से है दुआ' धारावाहिक के एक दृश्य में सिम्मी दीक्षित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इत्र और इतिहास की नगरी के बेटियां लगातार बुलंदियों को छू रहीं हैं, इनमें एक नाम सिम्मी दीक्षित का भी जुड़ गया है। छोटे पर्दे पर अपने सशक्त अभिनय की छाप छोड़ने वाली इस अभिनेत्री ने कम उम्र में ही सफलता के नए आयाम प्रस्तुत किए हैं। दूरदर्शन के धारावाहिक 'कारपोरेट सरपंच' से धमाल मचाने वाली सिम्मी अब जी टीवी के धारावाहिक 'रब से है दुआ' में महिला इंस्पेक्टर मनीषा जाट का किरदार निभाकर सुर्खियों में हैं।

मायानगरी मुंबई में रुपहले पर्दे पर यूं तो कन्नौज की कई बेटियों ने नाम रोशन किया है। नौटंकी की विधा में पद्मश्री गुलाब बाई तो लोकगायिका के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी के नाम से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन कम उम्र में अपने अभिनय से सिम्मी दीक्षित मुंबई में धाक जमा रही हैं। तहसील छिबरामऊ के छोटे से गांव रामपुर बैजू से निकलकर मुंबई पहुंची सिम्मी ने मराठी फिल्म 'आंकड़ा' से पहचान बनाई।

अब वह 22 फरवरी से जी टीवी पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'रब से है दुआ' में महिला पुलिस इंस्पेक्टर मनीषा जाट का किरदार निभा रहीं हैं। प्रतीक शर्मा द्वारा निर्देशित इस धारावाहिक में अभिनेत्री अदिति शर्मा, करनवीर शर्मा, ऋचा राठौर, यशा रूघानी, सीरत कपूर, धीरज धूपर, अंकित रायजादा, मेलानी नाजरथ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सिम्मी ने अमृत विचार को दूरभाष पर बताया कि टी-सीरीज के बैनर तले उनकी फिल्म 'यारियां-2' भी जल्द रिलीज हो रही है, जिसमें वह दिव्य खोसला व मीसान जाफरी के साथ बड़े पर्दे पर दिखेंगी।

### मां के हौसले ने दिए पंख

सिम्मी को बचपन से ही अभिनय का शौक था। उनकी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मां रीता दीक्षित ने हौसला बढ़ाया और एक्टिंग स्कूल में दाखिला करवा दिया। पढ़ाई पूरी करने के बाद सिम्मी ने धारावाहिकों में छोटे रोल और विज्ञापन फिल्में भी की। अभिनय क्षमता को देख निर्माता-निर्देशकों ने लीड रोल ऑफर किए। आज उनके पास सीरियल और फिल्मों की कमी नहीं है।



कथा का रसपान कराते ब्यास आदेश अवस्थी। अमृत विचार

# कथा श्रवण से होता जीवन का उद्धार

**तेराजाकेट, कन्नौज।** गांव के बाजार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आदेश अवस्थी ने प्रभु कृष्ण की 16 हजार शादियों, सुदामा और कृष्ण की मित्रता और परीक्षित मोक्ष की कथा का प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही। कहा कि कथा का श्रवण करने से जीव का उद्धार होता है। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात तक भंडारा में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान सुरेश चन्द्र द्विवेदी, कृष्णकांत, निर्भय द्विवेदी, अनमोल, अवनीश, आलोक, अजीत, सतीश, राकेश, वासु, राजू, सुखदेव, त्रिभुवन त्रिपाठी सहित सनातनी रक्षक मंडली के लोग मौजूद रहे।

# हादसे में मौत की 13 दिन बाद रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना सौरिख के बासबारी गांव निवासी अंकित पाल पुत्र देवेंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि नौ फरवरी को उसके बुआ का पुत्र आकाश पुत्र लालाराम बहन दीपिका को बाइक से लेकर जा रहा था। जैसे ही कोतवाली के लिलुइया गांव के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दोनो घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां आकाश की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एक अन्य मामले में तालग्राम के बैसापुर गांव निवासी रूमा देवी पत्नी राजकिशोर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 15 जनवरी को पति बाइक से रिश्तेदारी जा रहे थे। वह ईशन नदी पुल पास आए तो अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से खाई मे गिरने से उसकी मौत हो गई।

# पहले दिन हिंदी की परीक्षा से दूर हुए 4396 परीक्षार्थी

## बोर्ड परीक्षा : सुबह हाईस्कूल में 2690 व दोपहर की दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की 1706 छात्र-छात्राएं रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

जिले के 100 केंद्रों पर शुरू हुईं बोर्ड परीक्षाएं, गुरुवार को नहीं पकड़ा गया कोई नकलची

**अमृत विचार**। जिलेभर के 100 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन हिन्दी की परीक्षा में कुल 4396 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। हालांकि कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। हाईस्कूल में 2690 व इंटरमीडिएट में 1706 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 27,137 परीक्षार्थियों में से 24,447 शामिल हुए। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत 23,092 परीक्षार्थी थे, जिसके सापेक्ष कुल उपस्थिति 21,386 रही। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ से पौने 11 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम सवा पांच बजे तक संपन्न हुई। यूपी बोर्ड परीक्षा का पहला दिन होने की वजह से केंद्रों पर सख्ती रही। प्रवेश से पहले मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की तलाशी हुई। सीसीटीवी कैमरों से डीआईओएस के कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की निगरानी हुई। यहां चरणवार कई शिक्षकों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यहां के प्रभारी का दायित्व पीसीएस नवनीता राय को दिया गया है।

**दावे की पोल खुली, कई जगह नहीं मिला पुलिसबल:** राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के प्रेक्षागृह में 19 फरवरी को यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई थी। इसमें एएसपी संसार सिंह ने दावा किया था कि पुलिसबल की कमी नहीं है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दल के साथ ही सुरक्षाकर्मी रहेंगे। इस दावे की पोल उस समय खुल गई जब सेक्टर मजिस्ट्रेट आवेश सिंह सुबह की पाली में बिना सुरक्षाकर्मियों के केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। सरायमीरा स्थित केकेसीएन इंटर कॉलेज में सुबह पौने नौ बजे तक कोई पुलिस कर्मी नहीं था। इसी तरह विशुनगढ़ के श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज में कोई नहीं पहुंचा। केंद्र व्यवस्थापक सियाराम ने बताया कि उनके यहां स्ट्रांग रूम की सुरक्षा करने के लिए पुलिस नहीं आई।


कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से जिलेभर के परीक्षा केंद्रों की होती निगरानी।


बीडी तिवारी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर लगी छात्र-छात्राओं की कतार। अमृत विचार

### मजिस्ट्रेट की अनुपस्थिति में खोला गया प्रश्न पत्र

पहले दिन तालग्राम क्षेत्र के रसूलाबाद में बने कल्याण सिंह इंटर कॉलेज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट व निजामपुर के डॉ. प्रदीप कुमार नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल नंबर भी स्वीच ऑफ रहा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की गैर मौजूदगी में पहली व दूसरी पाली का प्रश्न पत्र खोला गया। उसके बाद ही परीक्षाएं शुरू हो सकीं। नियम मुताबिक केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के संयुक्त हस्ताक्षर से ही परीक्षा की पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। बताया गया है कि दो दिन पहले दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट बदले गए हैं। रसूलाबाद के इस स्कूल में पहले पीडब्ल्यूडी के जेई रमाकांत की ड्यूटी थी। दूसरी ओर सेक्टर मजिस्ट्रेट अनुपम राय ने मौके पर पहुंचकर प्रश्न पत्र खुलवाए और वितरण कराया। उन्होंने इसको गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस और सीएमओ डॉ. पूरन सिंह को चिट्ठी लिखी है।

### गश खाकर गिरी परीक्षार्थी

तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज में दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा दे रही प्रिया राजपूत अचानक गश खाकर गिर गई। मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों की टीम बुलाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। उसके बाद ही वह परीक्षा में शामिल हो सकी।


शहर स्थित केके इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### जेल से निकलकर हाईस्कूल का पेपर देने आया

जिला जेल अनौगी में बंद नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी नमन प्रताप कन्नौज में हाईस्कूल का पेपर देने आया। उसका परीक्षा केंद्र माया देवी इंटर कॉलेज शिवाजीनगर में है। बताया गया है कि पॉक्सो व दुष्कर्म की धाराएं लगीं हैं और वह विचाराधीन बंदी है। जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में एक ही परीक्षार्थी पेपर देने बाहर गया है। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा गया है। कोर्ट ने परीक्षा देने के लिए आदेश दिए हैं। जेल के अंदर कोई परीक्षा नहीं दे रहा है।

### नकलविहीन परीक्षा हुई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का अधिकारी जायजा लेते रहे। अफसरों ने केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखीं और कुछ कमियां मिलने पर मौके पर सुधार कराया गया। प्रथम पाली में सुबह बीडी तिवारी इंटर कॉलेज जलालाबाद, मां शीतला देवी इंटर कॉलेज डिगसरा, पंचम लाल इंटर कॉलेज सियरमऊ, डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज जसोदा, एचएम इंटर कॉलेज डुडवांबुजुर्ग व गुरसहायगंज के सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, एबी बालिका इंटर कॉलेज, विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग, एसईएन इंटर कॉलेज तेराजाकट, महर्षि निशंक इंटर कॉलेज नवादा में भीड़ देखी गई।

# 16 से शुरू होंगी परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनपद में कक्षा एक से आठ तक के करीब 1.40 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे
- 21 मार्च तक दो पालियों में चलेंगे इम्तिहान, सचिव ने जारी किया कार्यक्रम

**अमृत विचार**। जिलेभर के 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में वार्षिक गृह परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू हो जाएंगी। 21 मार्च तक दो पालियों में चलने वाले इम्तिहान में करीब 1.40 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बेसिक शिक्षा परिषद ने कार्यक्रम जारी कर दिया है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा व मूल्यांकन के संबंध में गाइड लाइन आ गई है। उन्होंने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह सवा नौ बजे से पौने 12 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर सवा 12 से पौने तीन बजे तक चलेगी। कक्षा एक के परीक्षार्थियों की मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा दो में गणित, अंग्रेजी व हिन्दी, तीन में गणित, संस्कृत, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विषय, कला, संगीतव कार्यानुभव, नैतिक शिक्षा, कक्षा चार में हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, गणित, कला, संगीत, कार्यानुभव, नैतिक शिक्षा की मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसी तरह कक्षा पांच में भी सभी विषयों की परीक्षा होगी। कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राओं में लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। प्रश्न पत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तैयार करेगा। बीईओ की ओर से विद्यालय स्तर पर प्रश्न पत्रों का वितरण 14 मार्च तक किया जाएगा। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा 50-50 अंकों की होगी। कक्षा चार व पांच में लिखित परीक्षा 70 प्रतिशत व मौखिक 30 फीसदी अंक रहेंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन संकुल यानि न्याय पंचायत स्तर पर किया जाएगा। इसमें अन्य विद्यालयों के शिक्षक कॉपियां जांचेंगे। कक्षा एक, दो, तीन, चार, छह व सात की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन स्कूल के ही शिक्षक करेंगे। कक्षा आठ के परीक्षार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन ब्लॉक स्तर पर संकुल शिक्षकों से कराया जाएगा। 31 मार्च तक परीक्षाफल घोषित हो जाएगा।

### 28 परीक्षार्थियों ने छोड़ी संस्कृत बोर्ड की परीक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उ.मा. विद्यालय में चल रही संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ बोर्ड की परीक्षा में गुरुवार को पूर्व मध्यमा द्वितीय हिंदी में 64 में 60 परीक्षाथी मौजूद रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम के हिंदी विषय में 80 में 60 तथा द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय हिंदी विषय में 35 में 31 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। शिवमोहन सिंह कुशवाहा प्रधानाचार्य व अल्का शर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ ने निरीक्षण किया।

# कोतवाली की बैरक में रहेंगे 40 कर्मी

कार्यालय संवाददाता

**कन्नौज।** सदर कोतवाली में एसपी ने बैरक का जीर्णोद्धार कराया। गुरुवार को फीता काट व शिलापट का अनावरण कर उद्घाटन किया। यहां 40 पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने नवीनीकृत बैरक का उद्घाटन किया। कोतवाली प्रभारी को नियमित सफाई, पानी की नियमित आपूर्ति के साथ ही संबंधित ठेकेदार बचा काम पूरा करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस बैरक का जीर्णोद्धार हो जाने से पुलिस को रहने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। कुछ पुलिस कर्मियों का कहना है कि लाइन के कर्मचारियों को यहां रहने में दिक्कत होगी क्योंकि उनको सुबह और शाम के समय गणना करानी होती है।

- सदर कोतवाली में बैरक के जीर्णोद्धार के बाद एसपी ने किया उद्घाटन

बहरहाल, बैरक की हालत सुधरने से रहने वाले को आराम मिलना तय है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी मौजूद रहे।


जीर्णोद्धार बैरक का उद्घाटन करते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

## छेड़छाड़ की शिकायत पर दबंगों ने की मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** छेड़छाड़ की शिकायत करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने नहीं सुनी तो न्यायालय की शरण ली और फिर ठठिया पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना ठठिया के गांव निवासी महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थनापत्र मे उल्लेख किया कि वह दवा लेकर 22 जनवरी को घर जा रही थी। हरेईपुर गांव निवासी ओमप्रकाश ने उसे स्कूल के पास पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। वह किसी तरह जान छुड़ाकर भाग निकली। जब उसके घर पर शिकायत करने गई तो ओमप्रकाश, श्याम सिंह, गोलू, सुभाष, मिलन, मोनू ने मारपीट शुरू कर दी।

# अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुलिस अधीक्षक ने मातहतों की बैठक में दिए निर्देश
- संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर रखें कड़ी नजर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैयारियों व कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस लाइन सभागार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एसपी ने अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बुधवार की देर रात एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन में पुलिस की बैठक लेते हुए समीक्षा की। इस दौरान कहा कि चुनाव के लिए आने वाले पुलिस बल के ठहरने, बिजली, जनरेटर एवं मूलभूत व्यवस्थाओं पहले से ही दुरुस्त करा लिया जाये। पूर्व में हुए विधानसभा, लोकसभा चुनाव के दौरान पंजीकृत रिपोर्ट से सम्बन्धित आरोपियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जाये। आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, गुंडाएक्ट, जिला बदर की वृहद स्तर पर कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना क्षेत्रों के सभी हिस्ट्रीशीटरों पर निरोधात्मक कार्रवाई, ड्रग व शराब माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई के साथ ही संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों वाले क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बलों के साथ रूट मार्च कराया जाए। जहां शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को विशेष कार्य योजना बनाकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आने वाली सूचनाओं, घटनाओं पर त्वरित संज्ञान में लेते हुये तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। अवैध शस्त्रों, कारतूसों तथा अवैध शस्त्र फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। सीसीटीएनएस प्रणाली से शस्त्र लाइसेंस धारकों का आपराधिक इतिहास प्राप्त कर चुनाव प्रभावित करने वालों के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।


चुनाव से संबंधित पुलिस की बैठक लेते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

# सूची में 691 डुप्लीकेट वोट, अब काटने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कई मतदाताओं के निकले डबल वोट, बीएलओ से मांगी रिपोर्ट
- भौतिक सत्यापन के बाद जारी होगी संशोधित मतदाता सूची

**अमृत विचार।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद जो संशोधित मतदाता सूची जारी की गई है, उसमें 691 डुप्लीकेट वोट मिले हैं। अब उन वोटों को काटने की तैयारी है। बीएलओ द्वारा भौतिक सत्यापन कराए जाने के बाद इनमें से एक वोट ही रखा जाएगा। इसके बाद संशोधित मतदाता सूची जारी की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था। इसके बाद 23 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची में फोटो और नामों का मिलान किया गया तो कई ऐसे मतदाता मिले, जिनका सूची में कई बार नाम था। ऐसी स्थिति में सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि जिनके सूची में डबल नाम हैं या मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो उसका नाम प्रारूप-7 के माध्यम से विलोपित किया जाए। इससे पहले बीएलओ द्वारा उस वोट का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और उसे प्रारूप पर लिखित रूप से आख्या ली जाएगी। किसी भी जीवित व्यक्ति का वोट नहीं कटना चाहिए। जिन युवतियों की शादी हो चुकी है तो उनका वोट स्थानांतरित किया जाएगा। सभी संशोधनों के बाद मतदाता सूची जारी की जाएगी।

**विधानसभावार डुप्लीकेट वोट**

| विधानसभा क्षेत्र | डुप्लीकेट वोट |
|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 266 |
| 197-तिर्वा | 201 |
| 198-कन्नौज | 224 |
| योग | 691 |



### 61 शिकायतों का हो चुका निस्तारण

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया मतदाता सूची को लेकर अब तक 61 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें सभी का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि छिबरामऊ में 21, तिर्वा में 15 तथा कन्नौज में 25 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनकी जांच उपजिलाधिकारी को सौंपी गई थी। सभी शिकायतों का निस्तारण कर आख्या भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी गई।

## महिला से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अतुल गुप्ता का कहना है कि 19 फरवरी की शाम लगभग 08 बजे मोहल्ला किदवई नगर निवासी प्रदीप ठाकुर ने नगर के रेलवे रोड स्थित मंदिर के पास उसकी पत्नी से गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

## सार-संक्षेप


व्यापारियों के साथ बैठक करते एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर । अमृत विचार

### प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं व्यापारी

**कन्नौज।** एएसपी ने पुलिस लाइन में व्यापारियों की बैठक ली। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे प्रतिष्ठानों पर लगवाने व प्रतिष्ठान पर वाहन न खड़ा करने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान सबसे पहले उनकी समस्याएं सुनी गईं। एएसपी ने पुलिस स्तर की समस्याओं का निस्तारण कराने का अश्वासन दिया। यही नहीं तत्काल संबंधित को समस्या का निस्तारण करने को कहा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एएसपी ने व्यापार मंडल के सभी लोगों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए सुझाव दिया। यातायात प्रभारी ने कहा कि वह अपने प्रतिष्ठानों पर वाहन न खड़ा करें। इससे जाम लगने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, यातायात प्रभारी आफाक खां व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भतीजे की शादी में शामिल होने गांव आ रहे वृद्ध को अकबरपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। हादसे की जानकारी होने पर शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतिराजपुर निवासी 65 वर्षीय अशोक कुमार दुबे पुत्र स्व. शम्भूदयाल दुबे जनपद पानीपत के टनकपुर वनवसा में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। 23 फरवरी को उनके भाई विनोद कुमार दुबे के बेटे सुमित दुबे की शादी होनी है। शादी में शामिल होने के लिए वह गांव आ रहे थे। ग्राम अकबरपुर से वह गांव जाने के लिए पैदल हाइवे पार कर रहे थे। तभी छिबरामऊ से कानपुर की तरफ जा रहे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उछलकर कर वह डिवाइडर पर जा गिरे, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर चौकी इंचार्ज सिकंदरपुर प्रमोद तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर परिजनों को सूचना दी। हादसे की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। अशोक कुमार की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### जरूरतमंदों में वितरित किए वस्त्र

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ताजपुर रोड स्थित ईंट भट्ठा पर कृष्णा फाउंडेशन की तरफ से वस्त्र वितरित किए गए। फाउंडेशन के बैनर तले रंजू सिंह ने ताजपुर रोड स्थित दयाराम शाक्य, हिमांशु शाक्य के ईंट भट्टे पर कपड़े वितरित किए।

**समीक्षा** जेल में बंदियों को भी विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित करने के दिए आदेश

# बंदियों को ट्रेनिंग न देने पर कंपनी होगी ब्लैक लिस्टेड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाधिकारी ने की कौशल विकास मिशन की समीक्षा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जब कौशल विकास मिशन की समीक्षा की तो बताया गया कि कंपनी ने कुछ दिन प्रशिक्षण देने के बाद बंद कर दिया, जिस पर डीएम ने कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस कंपनी को आगामी सभी प्रशिक्षणों से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे में भी जानकारी ली और इसमें अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए।

गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा की। उन्होंने जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी से जिला जेल में संचालित कौशल विकास केंद्र के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणदाता कंपनी द्वारा पहले झालर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था, अब एलईडी बल्ब बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले कई दिन से प्रशिक्षण बंद है। इस पर डीएम ने उस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि प्रवीण योजना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय योजना में 3,547 के सापेक्ष 1,259 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी प्रकार राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में भी लाइनमैन टेक्नीशियन, सहायक सर्वेयर, डाटा इंट्री ऑपरेटर का कोर्स कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए अभी तक 6,439 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया है। कहा कि यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जो प्रदेश के मात्र 9 जनपदों में संचालित की जा रही है। बैठक में जिला जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र धनंजय कुमार सिंह, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन आदि उपस्थित थे।


कलक्ट्रेट सभागार में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

# खास बेल्ट बांध, आईकार्ड लेकर निकलेंगे चौकीदार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**50** चौकीदारों को पहले चरण में मिलेगी साइकिलें

**अमृत विचार।** ग्राम चौकीदारों का हाल सुधारने की कवायद एसपी ने शुरू की है। इनको साइकिल, टार्च, पगड़ी, बेल्ट टार्च, जूते, सीटी के अलावा आई कार्ड दिया जायेगा। यह कार्य पुलिस लाइन व सर्किल स्तर पर करने की तैयारी है।

एसपी अमित कुमार आनन्द गांव की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले चौकीदारों की वेशभूषा में सुधार कर रहे हैं। लंबे समय से कई महत्वपूर्ण वस्तुओं की मांग कर रहे इन चौकीदारों की दूर से पहचान की जा सके इसके लिए साइकिल, टार्च, लाल साफा, बेल्ट, जूते, सीटी के अलावा आई कार्ड दिया जायेगा। 50 चौकीदारों को साइकिलें दी जाएंगी। बताया जाता है कि कई वर्ष पहले चौकीदारों को साइकिल व अन्य सामान दिया गया था। वर्षों सुध नहीं लिए जाने से इनके पास यह कोई सामान नहीं बचा। इससे यह भी पता नहीं चलता कि संबंधित व्यक्ति चौकीदार है या थाना कोतवाली में फरियाद लेकर आने वाला व्यक्ति। अब एसपी चौकीदारों के लिए वर्दी का सामान खरीदवा रहे हैं। यह कार्य 12 से 15 दिन के बाद किया जायेगा। चौकीदारों को माह में चार दिन वर्दी में थाना आकर सूचनाएं देनी होंगी। चौकीदार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ ही जुआ, शराब आदि की जानकारी देंगे।

# बेटे ने ईंट से कूंचकर मां-बाप को मार डाला

## पत्नी की तहरीर पर पति पर रिपोर्ट दर्ज, पिता कैंसर से पीड़ित था, इलाज के लिए बेटे से पैसे मांगे थे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार



जांच पड़ताल कर रहे एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में गुरुवार को बेटे ने अपने पिता व सौतेली मां की ईंट के कुचल कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए है।



बहू नम्रता।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाला जी पुरम कोठा के रहने वाले ओम प्रकाश पाल (70) और उनकी दूसरी पत्नी बबली (55 )की उनके बेटे मनोज ने ईंट से कुचल कर हत्या कर दी। मनोज पेशे से वकील है। घटना की सूचना मनोज की पत्नी नम्रता ने पुलिस को दी। घटना की पृष्ठभूमि में बताया गया है कि ओमप्रकाश कैंसर से पीड़ित था। उसका इलाज चल रहा था। पिता ने बेटे से इलाज के लिए पैसे मांगे थे। जिस वजह से उसने मां-बाप दोनों की हत्या कर दी। ओमप्रकाश मूल रूप से पड़ोसी जिला हरदोई के भौंरापुर का रहने वाला था। पिछले 10 साल से वह बालाजी पुरम कोठा में मकान बना कर रह रहा था। घटना की सूचना पर मौके पर एसपी था अन्य पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। थांनाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मनोज की तलाश की जा रही है। दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है।

घटना स्थल पर पहुंचे एसपी विकास कुमार ने बताया कि नम्रता की तहरीर पर उसके पति मंनोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नम्रता का कहना है घटना वाली रात पति मंनोज यह कह कर ऊपर लेट गए कि वह मां-बाप के साथ लेटने जा रहा है। सुवह उसका पति नीचे आया उसने बताया कि उसने मां-बाप की हत्या कर दी है। चलो तुम्हे तुम्हारे मायके छोड़ देते है। वह मायके नही गई। एसपी विकास कुमार का कहना है कि नम्रता मायके नही गई। उसने कानून का साथ देते हुए पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाप-बेटे में आये दिन होता था झगड़ा

**फर्रुखाबाद।** मनोज की पत्नी नम्रता ने बताया कि उसके ससुर ओमप्रकाश को कैंसर था। जिसका इलाज कानपुर चल रहा था। पैसे को लेकर बाप बेटा में आये दिन झगड़ा होता रहता था। जिसमे उसकी सास बबली ससुर का पक्ष लेती थी। घटना वाले दिन भी ससुर से झगड़ा हुआ था।

### हत्या की यह भी हो सकती वजह

**फर्रुखाबाद।** ओमप्रकाश की दूसरी पत्नी बबली की रूबी और काजल दो बेटियां थी। रूबी की शादी बदायूं में हुई है। काजल की मौत हो चुकी है। ओम प्रकाश रूबी को बहुत प्यार करता था। मंनोज को शक था कि बबली व उसका पिता मिल कर रूबी को जायजाद व सम्पत्ति न दे दे। हत्या की यह भी बजह हो सकती है। पुलिस इन बिन्दुओ पर भी विवेचना कर रही है।

### नम्रता के वादी बनने में कही हत्यारोपी बेटे का ज्ञान तो नही

**फर्रुखाबाद।** सास ससुर की हत्या में बहू नम्रता के वादी बनने में हत्यारोपी मनोज का शातिर दिमाग हो सकता है। घटना स्थल पर परिवार वालों को यह कहते सुना गया। मनोज ने सुनियोजित ढंग से अपने मां बाप की हत्या की है। इस दोहरे हत्याकांड में पत्नी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए यह लोगो के गले नही उतर रही है। लोगो का कहना है कि इस हत्या कांड में पत्नी के वादी बनाने में हत्यारोपी वकील बेटे का ही दिमाग हो सकता है। जिस समय मुकदमा न्यायालय में पहुंचेगा पत्नी यदि बयान बदल गई तो मनोज के विरुद्ध कोई साक्ष्य नही बचेगा। लोगो का कहना है कि नम्रता मनोज के द्वारा तैयार की गई कहानी दोहरा रही है।

# 3 लाख रुपए वापस न मिलने पर सीएससी केंद्र प्रभारी ने फांसी लगा कर दे दी जान

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- मुबारिक नगर गांव का है मामला, नौकरी के लिए दिया था कैश
- कमरे में मिला साढ़े चार पेज का सुसाइड नोट, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** नौकरी के लिए 3 लाख रुपए वापस न करने पर मुबारिक नगर गांव में क्षुब्ध होकर सीएससी संचालक ने फांसी लगा ली। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के कमरे से साढे चार पेज का एक सुसाईड नोट मिला है।

गुरुवार सुबह क्षेत्र के गांव मुबारिक नगर निवासी 20 वर्षीय अरुण सुमन को गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव घर ले गए। परिजनों ने बताया उसका पुत्र अरुण जनसेवा केंद्र का संचालक था। बुधवार वह घर में ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में सोने गया था। सुबह नहीं उठा तो उसकी मां ने आवाज लगाई। आवाज न आने पर कमरे में पहुंची। गेट खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। इस पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का नजारा देख मां के होश उड़ गए। उसका बेटा फांसी के फंदे पर लटका था। उसने साड़ी से फांसी लगाई थी। मौत के बाद जब परिजनों ने उसके कमरे की तलाशी ली तो उसकी कापी में साढ़े चार पन्ने का एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने लिखा था उसने चार माह पहले अपने बड़े भाई अजय उर्फ अज्जू की नौकरी के लिए गांव के एक व्यक्ति के पिता को 3 लाख रुपए तीन किश्तों में दिए थे। जब उसके भाई की नौकरी नहीं लगी तो उसने रुपए वापस मांगे लेकिन उसने नहीं दिए। इससे वह परेशान है। उसका कहना है आरोपित व्यक्ति ही मेरी मौत का जिम्मेदार है। उसका यह भी कहना था उसके चाचा ने उसे एक लाख रुपए दिया था। वह रुपया उसने नौकरी लगाने वाले को दिया था। 20 हजार रुपए बचे थे वह आनलाइन गेम में हार गया। सुसाईड नोट में उसने कायमगंज बाजार के फाईनेंसर से 50 हजार रुपए लेने का भी जिक्र किया है। उसने कहा उसे 12 हजार रुपए दे दिए है जबकि 38 हजार रुपए देना बाकी है। उसका यह भी कहना है। जब आरोपित से 3 लाख रुपए मिले तो 19 हजार रुपए उसके दोस्त को दे देना। उसने उधार लिए थे। वही फाईनेंसर का भी बकाया दे देना। इसके अलावा 4605 रुपए उसके दूसरे दोस्त को दे देना। वही 11 हजार रुपए लखनपुर के एक ग्रामीण को दे देना। उसने सभी के नाम का उल्लेख किया है और जो रुपए बचे वह मां को दे देना। सुसाईड नोट में लिखा है 3 लाख रुपए के लिए उसने बुधवार को 50 बार काल की लेकिन आरोपित ने फोन नहीं उठाया। इससे परेशान होकर वह सुसाईड कर रहा है। मम्मी मुझे माफ कर देना।मृतक के भाई अज्जू ने बताया उसके भाई ने फांसी लगाई है। उसने सुसाईड नोट में एक व्यक्ति को 3 लाख रुपए दिए थे जिसमें उसने पुलिस में नौकरी लगवाने को कहा था। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। मौत पर मां मिथलेश, भाईयों, चाचा चाची व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के चाचा सुनील ने बताया समझौते का प्रयास चल रहा है। यदि समझौता नहीं हुआ तो पुलिस से शिकायत करेगे। प्रभारी निरीक्षक रामऔतार ने बताया अस्पताल से एक मेमो आया था। तहरीर नहीं मिली है।



अरुण सुमन।

## एक नजर

### कड़हर रोड पर बेहोश मिली इंटर की परीक्षार्थी

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के कड़हर रोड पर इंटर की परीक्षार्थी बेहोश पड़ी मिली। वहा से गुजरे एक व्यक्ति ने इसे पांचाल घाट पुलिस चौकी पहुंचाया।पुलिस ने इस परीक्षार्थी को डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। होश आने पर युवती ने अपना नाम मुश्कान( 18) पुत्री राम कुमार निवासी याकूतगंज बताया।

### सड़क हादसों में चार घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में क्षेत्र के गांव बरझाला निवासी राशिद, नरैनामऊ निवासी चमन का 11 वर्षीय पुत्र फैजान, जौरा निवासी विजय, कंपिल क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी विद्या सरन का 16 वर्षीय पुत्र सुमित घायल हो गया है।

### विद्यालय में तोड़फोड़, तहरीर

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** विद्यालय मे तोड़फोड़ से परेशान इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने अमृतपुर थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कुम्हरौर ग्राम पंचायत के मजरा पंचम नगला मे बने प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज ने अमृतपुर थाने मे तहरीर देकर बताया कि अराजक तत्व आए दिन विद्यालय मे तोड़ फोड़ कर रहे हैं।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए लगाया कैम्प

**फर्रुखाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में राज्य कर्मियों तथा सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों के कैशलेस चिकित्सीय सुविधा देने का प्रावधान है। यह सुविधा आयुष्मान योजना के अन्तर्गत आबद्ध समस्त निजी चिकित्सालयों तथा सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध होगी।

# आजादी की लड़ाई में था योगदान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में गुरुवार को प्रातःकाल यज्ञ किया गया। महर्षि दयानंद सरस्वती के प्रिय शिष्य स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत रूप से चर्चा की गयी, जिसमें गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना, नारी शक्ति, छुआ-छूत, भेद-भाव मिटाने, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती की प्रेरणा को प्राप्तकर स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ किया। भारत माता की स्वतंत्रता के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अमूल्य योगदान दिया। जो अपने भाई अपनों से बिछड़कर विधर्मी बन गए थे ।उन्हें शुद्धि का चक्र चलाकर स्वामी श्रद्धानंद ने पुनः घर वापसी की थी। स्वामी श्रद्धानंद ने एकता का संदेश देकर लाखों लोगों को आजादी के लिए प्रेरित किया और अंग्रेजो के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अपना सीना खोलकर खड़े होकर कहा कि हिम्मत है तो गोली चलाओ। अंग्रेजों की संगीनों को भी स्वामी श्रद्धानंद ने अपने आत्मबल से झुका दिया था। हैदराबाद में निज़ाम के अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने में स्वामी श्रद्धानंद और गुरुकुल कांगड़ी के बच्चों ने अमूल्य योगदान दिया था। कु. उदिता आर्या ने ऋषि महिमा भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महान क्रांतिकारी, महान शिक्षाविद, गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली के पुनरुद्धारक, आदर्श महापुरुष, ऋषि भक्त, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी की जयन्ती पर वैदिक क्षेत्र की ओर से शत-शत नमन। पण्डित रामवीर आर्य, पण्डित हरिओम शास्त्री आदि ने भजन प्रस्तुत किए। स्वामी महेन्द्रानंद जी ने मंच का संचालन किया।



प्रवचन करते आचार्य चंद्र देव।

# मछली मारते समय लापता अधेड़ का शव पानी में उतराता मिला

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मछली मारने के शौक ने अधेड़ की जान ले ली । गुरुवार को पांचवें दिन परतापुर कलां के सामने सोता नाला मे शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने बुलाकी के रूप मे की शव की शिनाख्त की।

जानकारी के अनुसार बुलाकी (50) निवासी बिलसड़ हिलन थाना पचदेवरा जिला हरदोई पिछले 10 वर्षों से थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर कलां मे रह रहा था। वह मछली मारने का शौकीन था। 17 फरवरी शनिवार को सोतानाला मे ट्रैक्टर के ट्यूब के सहारे मछली मारते देखा गया था। दो दिन तक घर न पहुंच पर रिश्तेदारों ने खोजबीन की। सोतानाल के पास मे बुलाकीके कपड़े रखे दिखाई दिए थे। और पानी मे जाल बंधा था। रिश्तेदारों ने सोमवार को अमृतपुर थाने मे सूचना दी थी।

थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव की खोजबीन कराई थी परंतु सफलता नहीं मिली थी। गुरूवार ग्रामीणों को सोतानाला मे शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने शव को बाहर निकलवाया। परिजनों शव की पहिचान बुलाकी के रूप मे की।

## सार-संक्षेप



बैठक करते शिक्षक वार्डन। अमृत विचार

### बा विद्यालयों की बालिकाओं की ऑनलाइन शिक्षा पर विचार

**फर्रुखाबाद।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बढ़पुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की वार्डनों व शिक्षकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बॉ की छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षित करने पर जोर दिया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा नागेंद्र सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि बालिकाओं को एमबाइव एप के माध्यम से पढ़ाया जाए। आईआईटी गांधी नगर की ओर से संचालित की जा रहीं ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी बॉ विद्यालयों से दो-दो बालिकाओं के नाम सुरक्षा ऑडिट के लिए दें। छात्राओं को मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जाए। फल व दूध का विशेष ध्यान रखें। छात्राओं को स्टाइपेंड समय से दें। डीबीटी का सत्यापन करने के निर्देश दिए। आवागमन रजिस्टर बनाने को भी कहा। इस अवसर पर वार्डन संध्या वर्मा, प्रभारी वार्डन शिवानी कटियार, रश्मि के अलावा शिक्षक रचना शाक्य, लेखाकार आरिफ, प्रियंका, राशि गुप्ता और नेहा आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते सपा नेता। अमृत विचार

### पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली पर सपा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**फर्रुखाबाद।** पुलिस भर्ती परीक्षा में हुई धांधली को लेकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा ने जिला मुख्यालय पहुंच राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौपा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सौरभ कटिहार ने कहा कि भाजपा सरकार के समय में सभी नौकरियो की परीक्षाएं गलत तरीके से कराई जाती हैं। अभी हाल में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर पहले ही लीक कर दिया गया और इसके बाद परीक्षा करवाई गई। सौरभ कटियार ने कहा कि वह दोबारा परीक्षा कराई जाने की मांग करते हैं ,और यदि दोबारा परीक्षा न हुई तो वह बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा अपने खास लोगों को परीक्षा में उत्तीर्ण करने के लिए यह कुचक्र काफी समय से रचती चली आ रही है। भाजपा ने युवाओं की कमर तोड़ दी है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जगह पर भाजपा फ्री राशन देकर उनकी आदत खराब कर रही है। इसके अलावा कई अन्य मांगे की गई। एसडीएम गजराज सिंह ने मांगों को जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को अवगत कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर शिवम यादव जिला अध्यक्ष यूनियन सभा ,अमन बाथम, कुलदीप आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एक्सरे मशीन को इंजीनियर की टीम नहीं कर सकी सही

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** सीएचसी में दो दिन से खराब एक्सरे मशीन को इंजीनियर की टीम सही नहीं कर सकी। मशीन के लिए नया पार्ट आएगा। बीते दो दिन से एक्सरे मशीन खराब होने पर टेक्नीशियन ने जानकारी अधीक्षक डा. शोभित कुमार को दी थी। उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था। इस पर कानपुर से इंजीनियर की टीम पहुंची। जहां तकनीकी खराबी चेक की। मशीन का एक पार्ट खराब पाया गया। इसको जोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन ठीक न हो सका। अधीक्षक ने बताया कि खराब मशीन पार्ट आने पर एक सप्ताह लग जाए। इसके बाद ही एक्सरे हो पाएगे।

# एफएसी क्लब टीम 106 रन पर धराशायी

**फर्रुखाबाद।** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चल रहे शहीद राजेश सिंह सब इंस्पेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को एफएससी क्लब व जितेंद्र इलेविन फतेहगढ़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। एफएससी क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जितेंद्र इलेविन को कमजोर टीम समझने वाली एफएससी क्लब महज 106 रनों पर ही धराशायी हो गई। विशाल छावड़ा ने सर्वाधिक 33 रनों की पारी खेली। विपिन और आशीष कुमार ने दस-दस रन बनाए। जितेंद्र इलेविन के गेंदबाज सौरभ कुशवाह ने चार, मयंक व अंकित कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने वाली एफएससी क्लब के खिलाड़ियों की धार कुंद नजर आई। जितेंद्र इलेविन के बल्लेबाजों ने शुरू से ही संभलकर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। हालांकि दसवें ओवर तक एफएससी क्लब ने विरोधी टीम के तीन विकेट 49 रनों पर गिराते हुए वापसी करने का मौका बनाया, लेकिन शिवमोहन ने 12वें ओवर में लगातार तीन चौके जड़कर टीम को फिर उबार लिया। शिवमोहन ने नाबाद 41 रनों से टीम को जीत दिलाई।

# आए रामायण सीरियल के श्रीराम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने बुधवार को देर रात पांडवों की कर्मभूमि रहे पंघाल घाट पहुंच मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा सुना अनूठा संदेश दिया। टीवी सीरियल के राम के यहां पहुंचते ही रामनगरिया राम मय हो गई।

इससे पहले सड़क मार्ग से आए अरुण गोविल का कमालगंज में भव्य स्वागत किया गया। भीड़ अरुण गोविल को एक झलक देखने के लिए उत्सुक दिखाई दी ।अभिनेता अरुण गोविल का काफिला जैसे ही कमालगंज पहुंचा भारी भीड़ फूल मालाओं से उनका स्वागत करने के लिए टूट पड़ी। कस्बा कमालगंज में भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों ने अरुण को गाड़ी से नीचे नहीं उतरने दिया। भाजपा नेताओं और महिलाओं ने गाड़ी के अंदर ही फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कस्बा वासियों ने अभिनेता के स्वागत में आतिशबाजी चलाई। अरुण गोविल का काफिला पांचाल घाट चौराहे पर पहुंचा। जहां उन्होंने स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद पांचाल घाट पहुंचे। उनके साथ आए गायक कलाकारों ने राम भजन गाकर श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। अरुण गोविल ने पूरी राम कथा सुनाई।



अरुण गोविल। अमृत विचार

इम्तिहान की घड़ी

जिलाधिकारी, पर्यवेक्षक व डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का घूम-घूम कर लिया जायजा, केन्द्र व्यवस्थापकों को दिए कई निर्देश

# यूपी बोर्ड परीक्षा : 10वीं में 1817 व 12वीं में 942 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



कमाल गंज में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते एडी बेसिक राजेश वर्मा। अमृत विचार



क्रिश्चियन इंटर कालेज में हो रही तलाशी अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 (यूपी बोर्ड) की परीक्षा गुरुवार को कड़ी निगरानी में शुरू हुई। जिलाधिकारी से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई केंद्रों पर अव्यवस्थाएं मिलीं। पहले दिन हाईस्कूल में 1817 व इंटरमीडिएट में 942 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जनपद के 79 परीक्षा केंद्रों पर सुबह की पाली में हाईस्कूल हिंदी विषय व दोपहर की पाली में इंटरमीडिएट हिंदी विषय और हाईस्कूल की वाणिज्य विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा देने को सुबह से ही केंद्रों पर परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया। रखा बालिका इंटर कालेज, जीजीआईसी, जीआईसी फतेहगढ़ और एमआईसी फतेहगढ़ में परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद प्रवेश करने दिया गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह और अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र ने डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम का जायजा लिया। डीएम ने कंप्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा केंद्रों को देखा।

सीसी कैमरे में कक्ष संख्या न देख उन्होंने डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के डीवीआर पर कक्ष संख्या भी अंकित कराएं। करीब दस मिनट रुकने के बाद वह चले गए। वहीं जनपद के पर्यवेक्षक एवं एडी बेसिक राजेश कुमार ने ब्लॉक कमालगंज के गंगा देवी इंटर कॉलेज, स्वराजवीर और फिरोज गांधी इंटर कॉलेज समेत पांच केंद्रों का जायजा लिया। पर्यवेक्षक की आख्या पर डीआईओएस ने एक कॉलेज का केंद्र व्यवस्थापक बदल दिया।

## पहले दिन बेहद सख्त रहा प्रशासन

कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हिंदी के पेपर में हाईस्कूल में पांच परीक्षा केंद्रो पर 110 ने परीक्षा छोड़ी। जबकि इंटरमीडिएट में 77 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा नहीं दी। यूपी बोर्ड 10वी की हिंदी पेपर की परीक्षाए के पहले दिन बेहद संख्ती देखी गई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही परीक्षार्थियों का आना शुरू हो गया। गेट पर शिक्षक शिक्षिकाओं की टीमों ने छात्र छात्राओं की तलाशी ली। मोबाइल को बाहर ही रखवा दिया गया। एसएनएम इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक वीरेश कुमार शर्मा, वाह्व केंद्र व्यवस्थापक राजेश शास्त्री, स्टेटिक मजिस्ट्रेट/खंड शिक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह व सेक्टर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 18 कक्षों में परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल में 454 परीक्षार्थी में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली इंटरमीडिएट हिन्दी के पेपर में 35 में 4 बच्चे अनुपस्थित रहे। जबकि सामान्य हिन्दी में 294 में 21 बच्चों परीक्षा छोड़ी।सीपी विद्या निकेतन इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक योगेश चंद्र तिवारी ने बताया हाईस्कूल में 761 परीक्षा दी जिसमें 32 अनुपस्थित रहे। यहां 30 कक्षों में परीक्षा हुई। वही इंटरमीडिएट में 12 कक्षों में 439 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यहां वाह्य केंद्र व्यवस्थापक सृद्वा शर्मा व स्टेटिक मजिस्ट्रेट शिवनरेश निगरानी करते रहे। रायपुर स्थित इनामुल हक शाह इंटर कालेज में 259 परीक्षार्थियों में 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इंटरमीडिएट में 222 में 11 अनुपस्थित रहे।

शकुंतला देवी बालिका कालेज में केंद्र व्यवस्था सुतीक्षण श्रीवास्तव व बाह्व केंद्र व्यवस्थापक किरन कटियार की मौजूदगी में परीक्षा हुई। हाईस्कूल में 14 कक्षों में परीक्षा हुई जिसमें 702 में 31 बच्चे गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली की इंटर की हिन्दी पेपर परीक्षा में 426 में 14 गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। कन्या विद्या पीठ इंटर कालेज परीक्षा केंद्र की केंद्र व्यवस्थापक डा. विश्व मोहिनी पांडेय ने बताया हाईस्कूल में 7 ने परीक्षा छोड़ी। जबकि दूसरी पाली इंटरमीडिएट में 5 ने परीक्षा छोड़ी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी, विकास खंड राजेपुर, जनपद -फर्रुखाबाद**

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत वर्ष 2023–2024 दिनांक 23.02.2024 से 29.02.2024 तक

| क्र0 | कार्य का नाम | सामग्री | कुल अनुमानित लागत | निविदा पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सी सी रोड से मुन्नू के खेत तक साइड बाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 294236 | 398428 | 7 दिन |

दीप्ती तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर,
जनपद- फर्रुखाबाद

अशोक कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर,
जनपद- फर्रुखाबाद

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ता : स : पिता यस्तु पोषक : ।
तन्मित्रं यत्र विश्वास : सा भार्या या निवृति : ॥

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन कर सकें। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखें।

## संपादकीय

# नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित कांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है, जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड, श्रम, खेत का किराया, चाहे अपनी है या किराये की है, उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए, परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा, तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता, परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रुप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस - चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके, किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम बिकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, आंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार में देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा, जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है, लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं, जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है, परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा, यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है, परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए, लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

## प्रसंगवश

# स्वच्छता आंदोलन के महामानव



भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास, रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि, मेरा स्मारक, मंदिर नहीं बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए, बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया, लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

# सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई, जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना, किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें, यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें, जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है, सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

## सोशल फोरम

# इतिहास का दुहराव

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे, कहीं सिख, कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर, सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया, लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।


हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है, लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं, लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

**-फेसबुक वॉल से**

# एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश



अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि, सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी, बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है, उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

# न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे, तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है, मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।



सुधाकर आशावादी
मेरठ

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना, कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए, तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय संकीर्ण सियासी चालों पर भारी पड़ गया जिससे स्पष्ट हुआ कि न्याय में अंधेर नहीं है। जितने कम समय में यह निर्णय हुआ उससे यह भी संदेश जनमानस को मिला कि यदि देश की न्यायपालिका चाहे तो न्यायालय के निर्णयों का अनुपालन भी अविलंब करा सकती है तथा सरकारी विभागों में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों को ठंडे बस्तों में डालने की लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई कर सकती है।

विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों में उच्च न्यायालय पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य अनेक मसलों पर निर्णय दे चुका है, किंतु उन निर्णयों के अनुपालन हेतु जिन विभागों पर दायित्व है। वे उन निर्णयों पर समय से उचित कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वादकारी निर्णयों के अनुपालन हेतु विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्याय के पुरोधा इस ओर भी समुचित ध्यान देकर त्वरित न्याय हेतु दिशा निर्देश जारी करके न्यायिक अनुपालन की अवधि भी सुनिश्चित कराने की पहल कर सकें?

# गेट पर तलाशी के बाद उड़नदस्तों ने की छापेमारी

## पहले दिन 2948 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा, सुबह समय से पहले ही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगे परीक्षार्थी

### यूपी बोर्ड परीक्षा

संवाददाता, इटावा



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीडीआर कानपुर राजू राणा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच गुरुवार से शुरु हो गई। नकल पर नकेल कसने के लिए सख्ती बरती गई। परीक्षा केन्द्र के गेट पर पहुंचते ही परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई और फिर परीक्षा के दौरान भी चेकिंग की गई। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और उड़नदस्तों ने भी छापेमारी की। पहली पाली में हाईस्कूल हिन्दी की परीक्षा में 1790 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे जबकि दूसरी पारी में इंटर की हिन्दी की परीक्षा में 1128 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। हाईस्कूल वाणिज्य के 392 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 362 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 69 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन पर हाईस्कूल और इंटर के परीक्षार्थियोंने परीक्षा दी। पहले दिन हिन्दी की परीक्षा होने के कारण लगभग सभी परीक्षार्थी पहुंचे। परीक्षा केन्द्रों के गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई इसके बाद ही उन्हे परीक्षा केन्द्र के अंदर जाने दिया गया। परीक्षा कक्ष में भी विद्यालयों केआंतरिक सचल दलो ने चेकिंग की। उड़न दस्तों ने कई परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की। डीडीआर राजू राणा, डीआईओएस मनोज कुमार ने परीक्षा केन्द्रों पर चेकिंग की। प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिन्दी एवं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा केंद्रों निर्धारित 69 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। आज हाईस्कूल की प्रथम पाली में 23534 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 21744 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1790 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट हिन्दी में 19897 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 18769 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 1128 परीक्षार्थी अनुपस्थित तथा हाईस्कूल वाणिज्य के 392 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 362 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2948 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राप्त कराए बेसिक अध्यापक एवं माध्यमिक अध्यापकों को संयुक्त रूप से परीक्षा सम्पन्न कराई गई।

● परीक्षा केन्द्र के गेट पर पहुंचते ही परीक्षार्थियों की ली गई सघन तलाशी

#### इस तरह रही हाजिरी

**प्रथम पाली**
पंजीकृत- 23534
उपस्थित- 21744
अनुपस्थित- 1790

#### द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट हिन्दी में

पंजीकृत- 19897
उपस्थित- 18769
अनुपस्थित- 1128 परीक्षार्थी

**हाईस्कूल वाणिज्य**
पंजीकृत- 392 पंजीकृत
उपस्थित- 362 परीक्षार्थी
अनुपस्थित- 30 परीक्षार्थी

#### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**इटावा।** शासन से इटावा के लिए नियुक्त राज्यस्तरीय पर्यवेक्षक राजू राणा उप शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल कानपुर के द्वारा प्रथम पाली में लोकमान्य रूरल महेवा, बिहारी जी अहेरीपुर, पं रमेश चन्द्र निवाड़ीकलां, रामअवतार निवाड़ीकलां इटावा तथा द्वितीय पाली में अतर सिंह शर्मा कालेज चितभवन, ज्ञान सिंह कालेज लोधेश्वरनगर किल्ली, एसडीडी कालेज सालिमपुर इटावा, एसएवी कालेज भरथना के साथ-साथ जनपद मुख्यालय पर बने कन्ट्रोल रूम एवं मानीटरिंग सेल का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, सचल दल प्रभारी नीता कटारिया, सचल दल प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, सचल दल प्रभारी बबिता के नेतृत्व में उड़नदस्तों ने छापेमारी की। परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में अधिकारियों तथा उड़न दस्तों ने लगातार चेकिंग की। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए थे और स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए अधिकारी पूरी परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहे तथा नामित सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट ने भी आवंटित परीक्षा का निरीक्षण किया।

#### सीसीटीवी के माध्यम से कंट्रोल रूम से की निगरानी

**इटावा।** परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी पर नजर रखी गई यह देखा गया कि कहीं किसी विद्यालय में सीसीटीवी बंद तो नहीं है और किसी परीक्षार्थी के द्वारा नकल का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया।

#### डीएम, एसएसपी पहुंचे

**जसवंतनगर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार सिंह लगातार भ्रमण कर रहे हैं। डीएम व एसपी ने पहले दिन द्वितीय पाली में बलरई में स्थित बच्चन सिंह तोमर इंटर कालेज, अशोक इंटर कालेज, मां नारायणी इंटर कालेज आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालयों में बारी-बारी से एक-एक परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरा कक्ष तथा परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को रखे जाने के लिए बनाए गए डबल लाक को जांचा। केंद्र व्यवस्थापक व कक्ष निरीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व नकलवीहिन होनी चाहिए।



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जज चवन प्रकाश। अमृत विचार

# लोक अदालत के प्रचार को गांव-गांव जाएगा वाहन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 05, 06 व 07 मार्च को आयोजित होने वाली लघु आपराधिक वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत एवं 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रचार के लिए वाहन को अध्यक्ष एवं जिला जज चवनप्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अपर जिला जज प्रथम रामचन्द्र यादव, अपर जिला जज / नोडल अधिकारी लोक अदालत श्री कुमार प्रशान्त व अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला जज चवनप्रकाश ने कहा कि लोक अदालत सरल, सुलभ एवं सस्ते न्याय का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होने प्रचार-प्रसार वाहन को दूरस्थ एवं ग्रामीण इलाकों में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं लोक अदालत के लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करने का अच्छा प्रयास बताया तथा पराविधिक सेवकों से आमजन से आह्वान किया कि वे लोक अदालत में आकर अपने लंबित मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर कोर्ट-कचहरी के चक्करों व मुकदमेबाजी आदि से छुटकारा पाएं। प्रचार-प्रसार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक रामप्रकाश व सुभाषचन्द्र लोगों को लोक अदालत के पंपलेट वितरित करेंगे।

# एक्सप्रेस-वे साथ जुड़ रही हैं गांवों की सड़कें

कार्यालय संवाददाता, इटावा




सड़क का लोकार्पण करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया।

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पाटी की डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता हर गांव को एक्सप्रेस वे से जोड़ना है। इसी के तहत सबसे अधिक एक्सप्रेसवे इटावा को मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इसमें कोटा इटावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस सहित बसरेहर बाईपास सहित तमाम सड़कों का निर्माण चल रहा है। यह बात सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कही।

उन्होने कहा कि इसी क्रम में कुछ गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए सड़कों को पक्कीकरण करने के लिए निर्माण कराया गया है जिससे सरकार की मशां पूरी हो सके। सदर विधायक सरिता भदोरिया ने विधायक निधि से बढ़पुरा के ग्राम नगला जगे में रेलवे लाइन से नरेश चंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने विधायक निधि से नगर के सिविल लाइन में ईसाई कब्रिस्तान में इंटरलॉकिंग सड़क शिवा कॉलोनी में राहतपुर रोड पर इंटरलॉकिंग, मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत बढ़पुरा एनएच फूफई से मेहताब सिंह के खेत तक सीसी रोड, मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत बढ़पुरा पृथ्वीपुर मार्ग से जोधपुरा तक कॉलोनी सराय दयानत में अरुणा दुबे के मकान से मंगला मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया।

● विधायक निधि से बनी सड़कों का किया लोकार्पण

## कार की टक्कर से दो छात्र घायल

**सैफई, इटावा।** थाना में इसी क्षेत्र के गांव नगला राठौर के पुष्पेंद्र कुमार ने नंबर सहित कार सवार महिला लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि बाइक सवार भाई अतुल कुमार चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैंवरा पर सड़क किनारे अपने छात्र साथी फिरोजाबाद के गांव कुडीना के अंकुल तथा मैनपुरी के गांव खिदरपुर के सूरजपाल के साथ 6 फरवरी को बातचीत कर रहे थे। महिला लेखपाल ने कार लापरवाही से चलाते हुए भाई तथा अंकुल को टक्कर मारकर घायल कर दिया। चीखपुकार पर अन्य छात्रों ने कार को रूकवाया तो फोन करके उसने अपने साथियों को बुलवा लिया। बातचीत के दौरान मौका पाकर लेखपाल कार सहित चली गई।

# हाफ एनकाउंटर में तीन बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार, पुलिस की गिरफ्त में घायल बदमाश।

**अमृत विचार।** बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला राम सुंदर के पास गुरूवार की सुबह पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में तीन लुटेरे पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक लुटेरा भाग जाने में सफल रहा। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकडे गए लुटेरों के पास से तमंचा कारतूस के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस भागे बदमाश की तलाश में जुटी है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 12 फरवरी को सेंट्रल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र नगला तौर के संचालक राजवीर के साथ 4 लुटेरों ने पाठक इंटर कालेज के पास लूट की घटना को अंजाम दिया था। लुटेरों ने तमंचे की नोक पर 80 हज़ार रुपये, लैपटॉप और बैंक के कागजात लूट कर लुटेरे फरार हो गए थे। लूट की इस घटना के बाद से पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी थी। गुरूवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक बलरई सुधीर कुमार सिंह अपनी टीम के साथ बदमाशों की तलाश में थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो बाइकों पर सवार चार लोग नगला राम सुंदर को जाने वाले रोड पर खडे हैं। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकते है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख बाइक सवार बदमाश भागने लगे पुलिस ने जब पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जबाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए। जबकि उनका एक साथी भाग जाने में सफल रहा। पकडे गए बदमाशों के पास से तीन तमंचा, कारतूस, लूट में प्रयोग की गई अपाचे बाइक, और लूटे हुए करीब 41 हजार रुपए बरामद हुए। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम लोकेंद्र प्रसाद उर्फ बंटी पुत्र भवानी प्रसाद जाटव निवासी ग्राम नगला तौर थाना बलरई, सतीश उर्फ सत्येंद्र पुत्र मानसिंह यादव निवासी गुदाऊ बालकराम की ठार थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद और राहुल उर्फ शैलेंद्र पुत्र सुघर सिंह यादव निवासी गुदाऊ बालकराम की ठार थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद बताया। इसके अलावा उक्त बदमाशों ने भागे साथी का नाम छोटू बताया।

● तमंचा, कारतूस के अलावा लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद

# स्वास्थ्य शिविर में पांच सौ मरीजों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, इटावा



उदघाटन करते सिटी मजिस्ट्रेट।

**अमृत विचार।** शहर के मुहल्ला शाहग्रान में मौलाना आजाद सामाजिक एकता समिति के तत्वावधान में देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब पांच सौ मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण भी हुआ।

शिविर का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजक समिति के अध्यक्ष जमील कुरैशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित, राम प्रकाश वर्मा, शमशुद्दीन अंसारी, अतुल आक्रोश ने सिटी मजिस्ट्रेट काअभिनंदन किया। डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ.राजेश कुमार वर्मा, डॉ. आशुतोष, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. विघारानी, डॉ. सौगंधी शर्मा, डॉ.अनुराधा, डॉ. शैलजा दीक्षित आदि ने सेवाएं दीं।

# विद्युत टीम को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पीटा

संवाददाता इकदिल, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली चोरी की सूचना पर चेकिंग करने गई विद्युत टीम को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इतना नही दबंगों ने टीम के पास जरूरी सरकारी दस्तावेज भी छीनकर फाड़ दिए। किसी तरह विद्युत विभाग की टीम ने भागकर अपनी जान बचाई। चितभवन बिजली उपकेन्द्र के अवर अभियंता महेंद्र कुमार ने उनके और टीम के साथ मारपीट तथा सरकारी दस्तावेजों को छीनकर फाड़ने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर 15 नामजद और 16 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

कहा गया है कि थाना क्षेत्र के गांव नगला प्राण में बिजली विभाग को खेतों पर अवैध रूप से विद्युत ट्रांसफ़ॉर्मर लगे होने की जानकारी मुखबिर से मिली थी। सटीक सूचना पर बुधवार शाम को अवर अभियंता अपनी टीम के साथ खेतों पर पहुंच गए। वहां खेतों पर दस किलोवाट का अवैध ट्रांसफ़ॉर्मर लगा पाया गया।

जिससे मोनो ब्लॉक तथा टिल्लू पम्प बिजली चोरी करके उन्हें चला कर खेतों की सिंचाई की करते थे। जब बिजली के कर्मचारियों ने खेतों पर लगे ट्रांसफ़ॉर्मर को उतरवाकर ट्रैक्टर ट्रॉली में रख लिया। उसी दौरान गांव के खेतों पर दबंग 15 नामजद और 16 अज्ञात लोगों ने विरोध किया। कर्मचारियों ने उनकी एक नही सुनी तो एकजुट होकर गालीगलौज कर विद्युत विभाग के टीम के लाइनमैन तथा अवर अभियंता के साथ मारपीट कर डाली। उनके पास से सरकारी दस्तावेजों को भी फाड़ दिया किसी तरह उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। विद्युत विभाग की टीम ने थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

● खेत पर लगा अवैध ट्रांसफार्मर उतारने गई थी टीम, दो दर्जन से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज

#### किसानों को उत्पादन में सुधार के तरीके सुझाये

**इटावा।** नाबार्ड के माध्यम से कृषक उत्पादक संगठन पर जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अरुण कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषकों को अपने कृषि उत्पादों की उत्पादन प्रक्रिया में सुधार करने, नवाचारों को अपनाने, और उनकी आय को बढ़ाने के लिए उन्हें अनुशासित और ताकतवर बनाने में मदद करना है। यह कार्यशाला कृषक उत्पादक संगठनों को बाजार और वित्तीय मामलों की बेहतर समझ बनाने में कारगर सिद्ध होगी और किसानों को स्वायत्तता और अनुकूलता के साथ सहकारिता के लिए तैयार करने में मददगार साबित होगी। कार्यशाला में सचिव जिला सहकारी बैंक दीपक गुप्ता, लीड बैंक प्रबंधक मयूर थेले, क्षेत्रीय प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक यादराम, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ .भूपेन्द्र सिंह चौहान, वरिष्ठ विपणन निरीक्षक सुशील कुमार, डायरेक्टर किसान प्रशिक्षण केन्द्र विपिन कुमार यादव, डायरेक्टर आर सेटी मिथलेश कुमार, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में पंचाली, यमुना चंबल, गायत्री, अवार्ड, चंबल वैली, इंगुरी, पंचनाडा व धनुवां फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जैसे करीब दो दर्जन एफपीओ प्रतिभागी रहे।

### सार-संक्षेप

#### परशुराम सेवा समिति की बैठक 25 को

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति की बैठक 25 फरवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित के आवास पर ग्राम सराय जलाल इकदिल में होगी। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ . सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

#### ससुरालियों ने घर पर आकर की मारपीट

**इटावा।** कोतवाली सदर में अंसारी कालोनी के नौशाद ने अपने ससुराली मोहल्ला मकसूदपुरा के इमरान, अरमान तथा जावेद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि घर पर भाई की मुसलमानी का कार्यक्रम चल रहा था। रात आठ बजे तीनों नामजद नशे की हालत में आकर गालीगलौज करने लगे, रोकने पर डंडों से मारपीट करने लगे जिसमें सुमित तथा वकील अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखपुकार सुनकर लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

#### बेटे पर संकट बता टप्पेबाज ले उड़े सोने की चूड़ी, चेन


**इटावा।** थाना सिविल लाइन में भरथना नगर के मोहल्ला शुक्लागंज की नीलम पत्नी विकास यादव ने दो अज्ञात टप्पेबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि शहर में दवा लेने आई थी, कृष्णा बेकरी के पास इन दोनों लोगों ने हाथ में पहनी सोने की चूड़ियों तथा गले में चेन को बेटे के लिए संकट बताकर गंगाजल से पाक करने को कहा। दोनों की बातों में आकर यह जेवरात दे दिए। दस कदम आंख बंद करके चलने को कहा, पीछे मुड़कर देखने पर दोनों भागकर गायब हो गए।

भक्ति-भावना

नीलकंठ मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद कैला माता की मूर्ति की हुई स्थापना

# करौली वाली कैला मैया के अब इटावा में भी करें दर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



मां कैला देवी की आरती करते धीरेंद्र राव चौबे, प्रशांत राव चौबे एवं अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजस्थान के करौली धाम में स्थित प्रसिद्ध राज राजेश्वरी श्री कैला माता के दर्शन अब इटावा में भी सुलभ हो गए हैं। शहर के नीलकंठ मंदिर परिसर में पूरे विधि विधान के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा के बाद कैला माता की मूर्ति की स्थापना हो गई।

कैला माई के भक्त इटावा निवासी फिल्म निर्माता एवं समाजसेवी धीरेंद्र राव चौबे ने सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल होकर कैला माता की दिव्य एवं भव्य मूर्तियों की इटावा में स्थापना कराई है। नीलकंठ मंदिर परिसर में तीन दिनों तक चले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहले दिन गौरी गणेश पूजन, वेदी पूजन, फिर कैला माता की मूर्तियों ( बड़ी बहन, छोटी बहन ) का जलाधिवास सहस्त्र स्नान आदि कराया गया। इसके बाद दूसरे दिन बस स्टेंड स्थित कैला माता मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लालपुरा स्थित नीलकंठ मंदिर तक मूर्तियों को विशाल रथ पर विराजमान करके भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। इसके बाद तीसरे दिन गुरुवार को विधिवत हवन पूजन के साथ कैला देवी की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस मौके पर छप्पन भोग लगा एवं माता की चौकी सजाकर भजनों की भेंट प्रस्तुत की गई, फिर सभी को प्रसाद वितरण हुआ। इस प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में यजमान परिवार के धीरेंद्र राव चौबे, भाजपा के जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अतुल राव चौबे, अंकुर राव चौबे, नरेंद्र राव चौबे, पल्लव राव चौबे, रोहन चौबे के अलावा अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेंद्र कुमार दीक्षित, राम कुमार दुबे, राजेश वाजपेई, व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य , पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, सीपू चौधरी, राजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट, लाल दिग्दर्शन सिंह, केके द्विवेदी, प्रशांत दीक्षित, देवेंद्र मिश्रा आदि विशेष सहयोगी रहे।

● नीलकंठ मंदिर में तीन दिन तक चला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

## कंपोजिट स्कूल में चोरों ने किया हाथ साफ

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव चक सलेमपुर के कम्पोजिट स्कूल में चोरों ने जंगला व ताले तोड़कर पंखे चोरी कर लिए। सुबह साढ़े आठ बजे जब विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका रजिया बानो स्कूल पहुंची तो पीछे का गेट खुला मिला। प्रधानाध्यापक सन्तोष कुमार शर्मा मैनगेट खोलकर अंदर पहुंचे तो वहां का नज़ारा देखकर दंग रह गए। चोर स्कूल परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के पिछले हिस्से के जंगले को तोड़कर अंदर घुसे और कमरों में टंगे तीन पंखे ले गए थे। वहीं चोर प्राथमिक विद्यालय के भवन के पिछले हिस्से के चैनल में लगे ताले को तोड़कर बरामदे का एक पंखा ले गए। चोरों ने अन्य कमरों के दरबाजों के ताले न टूटने पर कुंडी ही काट दी लेकिन उन्हें उसमें कुछ कीमती सामान नहीं मिला। अध्यापिका नंदासिंह ने बताया कि चोर दस हजार का माल ले गए। इससे पहले भी कई बार स्कूल में चोरियां हुईं लेकिन पुलिस किसी घटना का खुलासा नहीं कर सकी।



बैठक को संबोधित करते व्यापारी नेता आकाश दीप जैन। अमृत विचार

# उत्पीड़न बर्दास्त नहीं करेगा व्यापार मंडल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक मनोरमा मार्केट में संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा कि प्रशासन अपना गुडवर्क दिखाने के चक्कर में निर्दोष व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। हाल के दिनों में निर्दोष सराफा कारोबारी को जेल भेजना साथ ही आटोमोबाइल व्यापारी का थाने में बैठाकर उत्पीड़न करना शर्मनाक है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रशासन की एकतरफा कार्यवाही की निंदा करता है। शहर अध्यक्ष रजत जैन ने कहा खाद्य विभाग लाइसेंस के नाम पर व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न कर उनका शोषण कर रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा विद्युत विभाग चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न न करे। डॉ.सुधीर गुप्ता, आलोक गुप्ता, राजेश अग्रवाल, हिमांशू सैनी प्रशान्त दीक्षित, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, शहर उपाध्यक्ष सुनील तोमर रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन दिया इम्तिहान

बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया


परीक्षा केंद्र में निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार


परीक्षा केंद्र के अंदर जाने से पहले ली जाती तलाशी। अमृत विचार

- परीक्षाओं को नकल विहीन कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा

**73** परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा हुई

**856** ने हाईस्कूल परीक्षा में रहे अनुपस्थित

**949** ने इंटरमीडियट की परीक्षा छोड़ दी

**अमृत विचार।** गुरुवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरु हो गईं। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। जिले के 73 परीक्षा केंद्रों में नकलविहीन तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। पहले दिन हाईस्कूल की परीक्षा में 856 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में 949 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के बॉय-बॉय कर दिया। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। परीक्षा सीसीटीवी कैमरा में नजर में संपन्न हुई।

जिले में 73 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा हुई। हाईस्कूल में 22,707 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें 856 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न हुई। पंजीकृत 8763 में 949 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिले में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाएं आज गुरुवार से प्रारंभ हो गई हैं। इसको लेकर प्रशासन ने पूर्व में ही पूरी तैयारी कर ली थी। आज बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्टमूड में रहा, एवं विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निगरानी करते हुए पैनी नजर लगाए रहा। इसी क्रम में आज जिला अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधितों को व्यवस्थाओं व समयबद्धता एवं सजकता के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने यूपी बोर्ड की प्रारंभ हुई परीक्षाओं की व्यवस्थाओं को जनता इण्टर कॉलेज ककोर बुजुर्ग में पहुंचकर देखा और वहां तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के संबंध में जानकारी करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अपनी-अपनी ड्यूटी को समयबद्धता के साथ सजगता पूर्वक अंजाम दें। निरीक्षण के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग के अनुपस्थित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की डीएम ने भ्रमण के दौरान कक्षाओं में पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी साथ उपस्थित कक्ष निरीक्षकों आदि से जानकारी की और कहा कि किसी भी दशा में शासन की मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा कराना है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम भी देखा। बताते चलें कि जनपद की औरैया, अजीतमल एवं बिधूना तीनों तहसील क्षेत्र के कॉलेज में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ विधिवत हो गया है। परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिसके चलते जिला अधिकारी एवं उड़नदस्ता क्षेत्र में भ्रमण कर जायजा लेते रहे।


अजीतमल के बाल विकास इंटर कॉलेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


विसर्जन यात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रीमद भागवत कथा के विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**कंचौसी, औरैया।** नगर पंचायत कंचौसी के मनेपुर में आयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ समारोह का गुरुवार को भव्य समापन हो गया। विसर्जन में सैकड़ों की संख्या समाज के लोग शामिल रहे। आयोजित श्रीमद् भागवत कथा अनुष्ठान के समापन पर गुरुवार को भव्य विर्सजन यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ विर्सजन साथ कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर कंचौसी से निकली। निचली श्री राम गंगा पर पहुंची। जहां विधि-विधान से प्रतिमा का विर्सजन कर दिया गया। इससे पहले विधिवत पूजा प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना कर आयोजकों की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रामजी, शशांक दीक्षित, लवकुश, मोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### देवस्थान को जाने वाला रास्ता हुआ सकरा

**अजीतमल, औरैया।** जसवंत नगर निवासी कुलदीप कुमार पुत्र रमेशचंद्र दिवाकर ने देवस्थान को जाने वाले रास्ते को सकरा किये जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इकबालपुर अयाना में एक मंदि है, जिसका चकरोड गांव के कुछ लोगों ने खेत में दवा रखा है। जिसे खाली कराया जाना चाहिए। चकरोड हरीशंकर पुत्र दियालाल के खेत से भोलेनाथ के मंदिर तक है जो कि कई लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिसके कारण मंदिर पर कोई वाहन नहीं जा पाता है। रास्ते को खुलवाने के लिए एसडीएम राम अवतार ने लेखपाल को जांच के आदेश दिए। जल्द पैमाइश होकर चक को खुलवा दिया जाएगा।


बच्चे को प्रमाण पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अजीतमल, औरैया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नियामतपुर में गुरुवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मंडल स्तरीय कुश्ती के उप विजेता खिलाड़ी सागर, जिला स्तर पर योगासन में प्रथम स्थान टीम के सागर, आशिक, मोहित, रूद्र प्रताप, कृष्णा, आनंद को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर दूसरा स्थान पाने वाले योगासन टीम आयुषी राज, मोहनी, केतकी, साधना को भी सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### स्थाई लोक अदालत में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**औरैया।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बताया कि जनपद औरैया में गठित स्थाई लोक अदालत के लिए पेशकार, आशुलिपिक तथा चपरासी के पद पर नियुक्त के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी को जिला न्यायालय, अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय का सेवानिवृत्ति होना आवश्यक है। अर्हता, आवेदन प्रारूप एवं अधिक जानकारी के लिए जनपद न्यायालय औरैया की वेबसाइट पर अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरैया से प्राप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन दिनांक 11 मार्च समय सायं पांच बजे तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गर्मी में कस्बा होगा बिजली संकट से मुक्त

## जर्जर केबिलों व खंभों को बदलने का काम शुरू कर दिया गया

संवाददाता, फफूंद, औरैया


फफूंद बाजार में रखे ट्रांसफार्मर को चेक करते अवर अभियंता नरेंद्र गौतम।

**अमृत विचार।** कस्बे के उपभोक्ताओं को गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलती रहे, इसको लेकर केशमपुर विद्युत स्टेशन के अवर अभियंता ने कस्बे के ट्रांसफार्मर और जर्जर केबिलों का निरीक्षण करके उन्हे बदलवाने का कार्य शुरू करा दिया है। विद्युतकर्मी गुरुवार को मुख्य बाजार में रखे ट्रांसफार्मर की कमियां दुरुस्त करने और जर्जर केबिलो को बदलने में जुटे रहे।

कस्बे की 30 हजार से ज्यादा की आबादी को विद्युत आपूर्ति करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर 15 से अधिक ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। कई वर्षों से ट्रांसफार्मर की केबिल और बक्सों की मरम्मत न होने से केबिल बेहद जर्जर हो गई थी। गर्मियों में लोड से अक्सर जर्जर केबिलों के जलने से फेस गायब हो जाता था। मोहल्ले के लोगों को उमस और अंधेरे में रात गुजारना पड़ती थी। केशमपुर सब स्टेशन के अवर अभियंता नरेंद्र गौतम ने उपभोक्ताओं की शिकायत पर कस्बे के ट्रांसफार्मरों एलटी लाइन के तार और जर्जर विद्युत केबिलो का निरीक्षण किया और उनको बदलवाने का कार्य शुरू करा दिया। गुरुवार को लाइनमैनो की टीम में शामिल विशाल, उमेश और प्रेम कुमार ने कस्बे के मुख्य बाजार में पहुंचकर वहां रखे 250 और 400 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों में तेल डालने के साथ ही जर्जर केबिल और जल चुकी एल टी खूटियों को बदलकर नई केबिल और खूंटियां लगाई और ढीले तारों को कसा। अवर अभियंता ने बताया की कस्बे में जहां जहां ट्रांसफार्मरों में कमियां पाई गई है उनको सही करने के साथ ही ट्रांसफार्मर की जर्जर केबिलों को भी बदला जा रहा है ताकि गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति की मिल सके।

## विद्युत कटौती से बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर पड़ रहा असर

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है। परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। विद्युत कटौती से उनके तैयारियों में बाधा आ रही है। सुबह और शाम को होने वाली विद्युत कटौती परीक्षार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। कंचौसी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। अघोषित कटौती ने हर वर्ग को मुश्किल में डाल दिया है। सर्वाधिक परेशानी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों को हो रही है। पढ़ाई के समय बिजली नहीं मिल रही है।

छात्र अभिनव शुक्ला, दिव्या, दीपचंद्र, विकास आदि ने बताया कि बोर्ड परीक्षा चल है जिसकी तैयारी सुबह-शाम अध्ययन करके की जा रही है। लेकिन, शाम होते ही बिजली कटौती शुरू हो जाती है, जिससे पढ़ाई करने में असुविधा होती है। सुबह भी चार बजे जब पढ़ाई करने बैठो तो बिजली कट जाती है। असेनी पावर हाउस से जुड़े नोगवा फीडर की विद्युत आपूर्ति बीते बुधवार शाम 4 बजे कट गई जो रात 10 बजे के बाद बहाल हो सकी। वहीं, गुरुवार सुबह 4 बजे के बाद बिजली कट गई, फिर आपूर्ति सुबह 8 बजे के बाद बहाल हो सकी। छात्र-छात्राओं का कहना है कि बिजली कटौती दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। बिजली के अभाव में तमाम कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पढ़ाई के पीक समय में बिजली की कटौती की जा रही है। परीक्षार्थियों ने परीक्षा के समय में हो रही कटौती से निजात पाने की मांग की है। एसडीओ अनुराग पांडेय ने बताया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से कर दी जाएगी।

## सभासद ने अभद्रता कर गाली-गलौज किये जाने का लगाया आरोप

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में दबंगों ने सभासद के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। पीड़ित ने थाना में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

नगर के वार्ड नंबर एक तहारपुर के सभासद गौरव राजपूत ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि हमारे वार्ड में औरैया मार्ग पर तालाब के बगल में प्लाटिंग हुई है। प्लाटिंग करने वाले आरिफ ने मिट्टी डालकर नाले को बंद कर दिया। जिसकी वजह से जल निकासी की समस्या बन गई और फसलों व गलियों में पानी भरने लगा। वार्ड के लोगों ने समस्या को लेकर सभासद व नगर पंचायत को अवगत कराया। जिसके बाद में बुधवार की शाम को नगर पंचायत ने जेसीबी मशीन को भेज कर नाले को खुलवाया। तभी, वहां पर आरिफ अपने दो आज्ञात साथियों के साथ मे आ गये और वहां पर मौजूद सभासद गौरव राजपूत से अभद्रता करते हुये गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। तभी वार्ड के लोग आ गये। भीड़ देख मौके से तीनों लोग भाग गये।


प्राण प्रतिष्ठा करते श्रद्धालु।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार

**अजीतमल, औरैया।** विकास खंड के ग्राम लालपुर शाहपुर में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा में आचार्य संदीप और उनके सहयोगियों ने सकुशल प्राण प्रतिष्ठा कराई। अजीतमल ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। वहीं, ग्राम प्रधान सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया।

## गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर सामान्य सभा की बैठक 24 को

**औरैया।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश संबंधित की सामान्य सभा की बैठक को लेकर जिलाध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश संबंधित शाखा औरैया की सामान्य सभा की बैठक आगामी 24 फरवरी को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित स्थान अटल आश्रय गृह में संपन्न किया जाना है। सभी सदस्य बेहतर विचारों सहित समय से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष भीमसेन सक्सेना ने दी है।

# सामाजिक चिंतन व जनसंपर्क से बनेगा आदर्श समाज

कार्यालय संवाददाता, औरैया


राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोरवाल समूह द्वारा अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्द गुप्ता (डाबर) के नेतृत्व में गुरुवार को एक होटल में अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के शीर्ष राष्ट्रीय पदाधिकारियों के औरैया आगमन पर उनका स्वागत किया। पोरवाल समूह के सदस्यों ने कानपुर निवासी राष्ट्रीय महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पुरवार, राष्ट्रीय महामंत्री हरिहरनाथ गुप्ता को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

अभिनंदन समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पुरवार ने बताया कि जनवरी में पंचवर्षीय चुनाव के बाद महासभा का नया कार्यकाल (2023-2028) प्रारंभ हो गया है। जिसके अंतर्गत समूचे भारत में संचालित महासभा के नव निर्वाचित व नवगठित पदाधिकारियों आजीवन व साधारण सदस्यों तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों से जनसंपर्क तथा सामाजिक चिंतन के साथ आदर्श समूह व समाज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सजातीय निर्धन छात्रों-छात्राओं की शिक्षा, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह में मदद, शिक्षित बेरोजगारों को दैनिक रोजगार के लिए बिना ब्याज के आर्थिक मदद, महासभा द्वारा अधिक से अधिक स्थानों पर धर्मशाला की व्यवस्था, जरूरतमंद लोगों के लिए समाज कल्याण प्रकोष्ठ का विस्तार, टूटे व बिखरे परिवारों को जोड़ने के लिए न्याय समिति का गठन आदि जनहित की योजनाओं पर समाज के लोगों से विचार विमर्श करने के साथ उपरोक्त सामाजिक गतिविधियों को सर्वसम्मति से क्रियाशील किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री हरिहर नाथ गुप्ता व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सेवानिवृत्ति कैप्टन सुबोध गुप्ता ने कहा कि महासभा के पदाधिकारिओं द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया जा चुका है। महासभा के पदाधिकारियों द्वारा अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा औरैया के लिए शहर के प्रमुख समाजसेवी शिव कुमार पुरवार को जिलाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता कपिल गुप्ता को महामंत्री तथा आदित्य पोरवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय पोरवाल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, आनन्द नाथ गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजीव पोरवाल (रानू), आदित्य पोरवाल व अखिलेश पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

धर्म-अध्यात्म | कंस का वध होते ही जय श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा श्रीमद्भागवत कथा पंडाल

# कंस वध तथा रुक्मणि विवाह की कथा सुन श्रोता भावविभोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया


श्रीमद भागवत कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहार कस्बा के मां भगवती पर्थेश्वरी देवी मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से सुबोधानंद ने कंस वध व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का चित्रण किया।

आचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था।कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह-त्राह जब करने लगी, तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी।उन्होंने बताया कि कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। उन्होंने बताया कि रूकम्णी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह विदर्भ साम्राज्य की पुत्री थी, जो विष्णु रूपी श्रीकृष्ण से विवाह करने को इच्छुक थी। लेकिन रूकम्णी जी के पिता व भाई इससे सहमत नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने रूकम्णी के विवाह में जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह के लिए आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रूकम्णी को पता चली तो उन्होंने दूत के माध्यम से अपने दिल की बात श्रीकृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ। युद्ध के बाद अंततः श्री कृष्ण रूकम्णी का विवाह हो गया। इस दौरान पंडाल में बाल कलाकारों द्वारा सुन्दर झाकियों का भी प्रर्दशन किया गया। कृष्ण और रूकम्णी के रूप में सजे हुये बाल कलाकारों द्वारा विवाह की रस्म अदा की गयी और विवाह होते ही पंडाल में बधाईयां गायी जाने लगी। इस दौरान पूरा पंडाल में जय श्रीकृष्णा का जयघोष होने लगा। अंत में परीक्षित जगदीश स्वरूप पाण्डेय (राजू) ने अपनी पत्नी रमाकान्ति पाण्डेय के साथ आरती की। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिओम पाण्डेय, रवि पाण्डेय, बबलू, अश्वनी पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, नितिन पाण्डेय, श्रीकृष्ण गुप्ता, प्रदीप तिवारी आदि रहे।

# 'नशा नाश की जड़ इसकी लत से बचें'

संवाददाता, कंचौसी, औरैया


रीनू यादव।

- नशा की लत से समाज में होते हैं अपराध, खासकर युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

**अमृत विचार।** जनपद के हीरानगर कंचौसी निवासी एचडीएफसी बैंक की वित्तीय सलाहकार रीनू यादव ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम के विषय में समाज को जागरूक किया। कहा है कि समाज आज नशा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण समाज में जहां एक ओर अपराध बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर मार्ग दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। आज अपने देश में अधिकतर लोग नशे की चपेट में आ चुके हैं। पहले नशा ज्यादातर हमारे समाज के पुरुष वर्ग में देखने को मिलता था। लेकिन अब यह हर वर्ग-स्त्री, पुरुष, बच्चे, युवा, बूढ़ों सभी में देखा जा सकता है।

गांव हीरानगर निवासी एचडीएफसी बैंक की वित्तीय सलाहकार रीनू यादव ने बताया कि उन्होंने स्वयं एक गाँव के बाहर रास्ते में देखा कि एक महिला अपने छोटे से बच्चे को गोद में लिए जा रही थी और बीड़ी पी रही थी जबकि दूसरी महिला गुटखा स्वयं खाने को लिए थी। पूछने पर बताया कि उसके पेट में गैस बनती थी इसलिए वह बीड़ी पीती थी। पर अब आदत पड़ गई है वह क्या करे आदत छूटती ही नहीं है, जब गुटखा खाने वाली महिला से पूछा तो उसने बताया कि मैंने छोटी उम्र में एक बार दादा की जेब से तंबाकू निकाल कर खा ली थी तब से वह गुटखा खाने लगी और लत लग गई। पर अब इसे छोड़ना मुश्किल है। श्रीमती रीनू ने आगे कहा कि उनका ऐसा मानना है कि आज जिन घरों में नशा के नाम पर अपने बच्चों के समक्ष बड़ी शान से बड़े बुजुर्ग बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू आदि कुछ भी सेवन कर रहे हैं और अपने बच्चों को नशा मुक्ति का उपदेश दे रहे हैं। भविष्य में उन परिवारों में शिक्षा और अर्थ (धन) के अभाव में अंधकार के अलावा कुछ ना होगा। नशा मुक्त व्यक्ति शिक्षा के प्रति गंभीरता और लगन को बढ़ावा देता है। नशे के बिना विद्यार्थियों का मन अध्ययन में लगता है और उनके रोजगार के अवसरों में सुधार होता है। नशा मुक्त व्यक्ति अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति भी अधिक सजग रहता है। नशा मुक्त व्यक्ति अपनी योग्यता और क्षमता अनुसार काम पा सकता है और उचित कैरियर बना सकता है। समाज के जागरूक लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरणा देने की महत्ती आवश्यकता है।

## एक नजर

### सपा राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में राशिद अली, महेन्द्र यादव, अफ्सार सिद्दीकी (बब्बू), संजय कुमार मौर्य, प्रदीप सिंह 'बब्बू, छोटे लाल यादव प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त इजहार अहमद अमेठी को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य और मोहम्मद एरम रब्बानी प्रयागराज को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। पार्टी की तरफ से गुरुवार को यह जानकारी साझा की गई है।

### अयोध्या व गाजियाबाद के नए अस्पतालों में पद सृजित

अमृत विचार, लखनऊ: बहुत जल्दी ही अयोध्या व गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बिस्तर वाले अस्पताल में मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। अयोध्या में देवगांव स्थित अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने पर श्रद्धालुओं के इलाज के लिए पृथक व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। इसके लिए शासन द्वारा दोनो ही अस्पतालों लिए 34 विशेषज्ञ डाक्टर समेत 101 स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं।

# वाहनों में तत्काल लगवा लें एचएसआरपी नहीं तो जुर्माने से जेब हो जाएगी हल्की

## सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को कार्रवाई के लिए जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पुरानी नंबर प्लेट अब नहीं चलेगी। तमाम बार मौका दिए जाने के बाद भी जिन वाहन स्वामियों ने अब तक अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाई है वे तत्काल लगवा लें। बिना एचएसआरपी वाले वाहन सड़क पर नहीं चल पाएंगे। मार्ग पर अगर ऐसे वाहन चलते मिले तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। परिवहन विभाग ने सख्ती का मन बनाते हुए सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वाहनों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है। प्रवर्तन टीम को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने को कहा गया है।

इसे लेकर अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने पूरे प्रदेश के ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश पर अब न केवल व्यवसायिक वाहनों में बल्कि निजी वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी की गई अधिसूचना 01 अप्रैल, 2019 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत एचएसआरपी लगवाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

नए वाहनों में तो यह सुरक्षा प्लेट लगाई जा रही है लेकिन 01 अप्रैल, 2019 से पहले बने और पंजीकृत हुए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अब तक नहीं लगवाई गई है। यह नियम प्राइवेट और कमर्शियल दोनों तरह के वाहनों पर प्रभावी है। देखा जा रहा है कि कई बार तिथि बढ़ाए जाने के बाद भी लोग अपने वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगवा पाए हैं। इनमें सबसे ज्यादा वाहन दोपहिया हैं। वाहन स्वामियों को पुनः सचेत किया जाता है कि अब बिना एचएसआरपी के वाहन सड़क पर चलता पाया गया तो वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी।




▸▸ अब नहीं चलेगीपुरानी नंबर प्लेट

▸▸ पांच हजार रुपया लगेगा जुर्माना

**वाहन भी हो सकता है जब्त**

एचएसआरपी न लगवाए जाने पर अभियान के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माने के नियम हैं। इस दौरान वाहन जब्त किया जा सकता है।

> परिवहन आयुक्त के निर्देश पर इस आशय के आदेश प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरटीओ और पीटीओ को भेज दिए गए हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इन पर तय जुर्माना भी वाहन स्वामियों से वसूला जाएगा।
>
> -पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# 5 नकलची पकड़े, 7 छद्म परीक्षार्थियों और एक केंद्र व्यवस्थापक पर प्राथमिकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 8265 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुईं उप्र. बोर्ड की परीक्षाएं

अमृत विचार: उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को उप्र. में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरु हुईं।

इस दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 05 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 04 बालक एवं 01 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 07 छद्म परीक्षार्थियों के विरुद्ध जबकि, 01 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मंडलों, जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जिले में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही नकल माफिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए इस बार एसटीएफ की कई टोमें भी लगाई गई हैं।

**ऑनलाइन मॉनीटरिंग की गई**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस साल पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

**3,33,541 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29,43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# योगी डायनमिक मुख्यमंत्री, हर जिला उनके लिए हेडक्वार्टर

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की मुख्यमंत्री योगी की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकार्पण समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यहां योगी के लिए डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी, साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले वह चीफ मिनिस्टर हैं।

▸▸ गोरखपुर में आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुईं वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण के मुताबिक, योगी इंजन की तरह प्रदेशभर में घूमकर काम रहते हैं और हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर सीतारमण ने कहा, ''फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।

**2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड**

वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। साथ ही बीते साल अप्रैल से इस 10 जनवरी तक 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है।

## देश को हिन्दू-मुसलमान में बांट रही आरएसएस व भाजपा: स्वामी प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरएसएस व भाजपा देश को हिन्दू-मुसलमान में बांटने का काम कर रही है। मौर्य नई दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपने नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा की।उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश की सम्पत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस व भाजपा का कोई व्यक्ति देश की आजादी में शामिल नहीं हुआ।

ये अब सत्ता में रहकर देश की आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर देश भर में अशांति फैलाना चाह रही है, ये राम भक्त नहीं है, सिर्फ लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

# कांग्रेस जल्द घोषित करेगी लोस प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा महासचिव राजेन्द्र चौधरी को निमंत्रण पत्र देतें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय साथ में पूर्व सांसद पीएल पुनिया व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन में समझौते में मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जल्द प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने यह जानकारी दी।

बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर पार्टी जिताऊ व कर्मठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी। रायबरेली, अमेठी व वाराणसी सीटों पर प्रत्याशी पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी का नेतृत्व इसे तय करेगा। हालांकि, उन्होंने अमेठी व रायबरेली सीटों पर गांधी परिवार के लोगों व वाराणसी से खुद के चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत कर दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे।

**निमंत्रण देने पहुंचे अजय राय**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाम के वक्त सपा कार्यालय में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से सपा प्रमुख को लिखा गया पत्र सौंपा। उनके साथ पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।

# नीयत अच्छी हो तो आते हैं अच्छे परिणाम

▸▸ मुख्यमंत्री ने गीडा को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं सौंपीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उप्र. को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जिले के इस संकल्प को पूरा करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं सौंपने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास एवं 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

योगी ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

**निवेश का प्रदेश बना दिया: रविकिशन**

विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. को बीमारू और माफियागिरी की छवि से निकाल कर सुरक्षा और निवेश का प्रदेश बना दिया है। इस मौके पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक प्रदीप शुक्ल, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान महेंद्रपाल सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री का जताया आभार**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में वृद्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लिखा कि किसान बंधुओं की आय को दोगुना करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में आठ फीसदी की वृद्धि करते हुए 340 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

# प्रदेश में इस साल खोजे जाएंगे 6.50 लाख टीबी मरीज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ बीते साल में 6.32 लाख टीबी मरीजों का बना था रिकार्ड

अमृत विचार: टीबी मुक्त उप्र बनाने के लिए साल 2024 में 6.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4.30 लाख और निजी क्षेत्र में 2.20 लाख टीबी मरीजों के चिन्हित किये जायेंगे। टीबी की पुष्टि होते ही रोगी को नजदीकी अस्पताल में इलाज दिया जायेगा ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने गुरुवार को बताया कि सभी सीएमओ और जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजकर लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर जहां हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान चलाकर भी टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है।

निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. रतन पाल सिंह सुमन और राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि पिछले साल 5.50 लाख टीबी मरीजों के लक्ष्य के सापेक्ष 6.33 टीबी मरीज चिन्हित किये गये थे। इस बार बढ़े हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीमें सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मरीज के पहचान होते ही हर माह पांच सौ रुपये सीधे बैंक खाते में मिलने लगते हैं, निक्षय मित्र और टीबी चैम्पियन से जोड़कर उनके पोषाहार और मानसिक संबल प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाती है।

## वर्ग पहेली-351

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |

## वर्ग पहेली - 350 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ए | ■ | 2 पे | ■ | ■ |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | ■ |
| ■ | ने | ■ | र | ■ | ■ |
| ■ | जं | ■ | 4 बे | ठ | 5 क |
| ■ | 6 ग | डु | क | ■ | ल |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | हि |
| 7 भो | ग | ■ | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू -68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

## सुडोकू - 67 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 15.33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-आश्लेषा 19.25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

**वृष** - आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** - आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कर्क** - आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**सिंह** - आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**कन्या** - आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला** - आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**वृश्चिक** - आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**धनु** - आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

**मकर** - आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

**कुंभ** - आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मीन** - आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह
सुबह: 10.00
धड़कन
रात: 07.00

SONY MAX
स्टाइल
सुबह: 09.00
कैथी
शाम: 06.00

SONY PIX
हेलबॉय
सुबह: 10.20
लाइफ
रात: 09.00

ZEE CINEMA
बोस- द फॉरगेटेन हीरो
सुबह: 10.30
फितूर
रात: 07.30

colors CINEPLEX
हम तुम पे मरते हैं
दोपहर: 12.06
असुर
रात: 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

# 33 साल बाद दोहरे हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने 70 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया, 33 साल पूर्व आज के ही दिन हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नौ रूपेंद्र सिंह टोंगर ने कोतवाली क्षेत्र में 33 साल पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया है।दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई । इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 70 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह के कठोर कारावास की सजा भुगतनी पडेगी। इससे पहले इस मामले के तीन आरोपियों को पहले ही सजा हो चुकी थी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह तोमर ने बताया कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली जमीला पत्नी नबाब खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसके पुत्र हसन के पास दो बसें थी। एक बस में रामऔतार दीक्षित पार्टनर थे। बसों के हिसाब किताब को लेकर दोनों में अकसर विवाद होता रहता था।

22 फरवरी 1991 को हसन अपने घर पर था तभी रामऔतार दीक्षित का साला रामजी दुवे उसके घर आया और कहा कि बसों के हिसाब किताब के लिए पक्का तालाब वाले घर पर बुलाया है। उसके बुलाने पर वह हसन वह व उसके पति नबाब खां उसके साथ चल दिए। उसके पति पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात थे। जब तीनों दोपहर को करीब डेढ बजे रामऔतार दीक्षित के पक्का तालाब वाले मकान पर पहुंचे। वहां हिसाब किताब को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद में रामऔतार दीक्षित ने अपने साथियों के साथ मिलकर हसन व नबाब खां को गोली मार दी। गोली लगने से दोनों की मौत हो गई। उसने बचाने का प्रयास किया तो उन लोगो ने उसके ऊपर भी हमला कर दिया। बाद में उक्त लोग भाग गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानवीन की। मौके पर खोखे कारतूस के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। बाद में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामौतार दीक्षित राम जी दुवे गुड्डन उर्फ सिद्धेश्वर व दिलीप के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। बाद में सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनादी थी लेकिन फैसला आने के दिन गुड्डन फरार हो गया था। बाद में उसकी गिरफ्तारी हुई। उसके बाद उसके मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू की गई।

गुड्डन के मामले की सुनवाई अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नौ में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गुड्डन को भी दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 70 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा।

### युवती की हत्या में एक को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया, ढाई साल पहले खेतों पर चारा लेने गई थी तभी की थी हत्या

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडे ने ढाई साल पूर्व खेतों पर चारा लेने के लिए गई एक युवती की सिर पर रॉड व चाकू मारकर हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के गांव मडौली निवासी जबर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 21 जुलाई 2021 को उसकी 22 वर्षीय पुत्री रूचि उसके नाती अभय के साथ शाम करीब पांच बजे चारा लेने के लिए गई थी। तभी उसके पडोस में रहने वाला अमित बाबू उर्फ खुशीलाल खेत पर पहुंचा और अभद्रता करने लगा। जब रूचि ने विरोध किया तो उसने बाइक के शॉकर की रॉड से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह घायल होकर गिर पडी। बाद में अमित ने उसके ऊपर चाकू से भी वार किए। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल रूचि को जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमित बाबू उर्फ खुशीलाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं दस में हुई । अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अमित उर्फ खुशीलाल का हत्या का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

## कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के रामगंज के मुफ्ती टोला में थोक व फुटकर की मंसूरी कॉस्मेटिक शॉप की में मंगलवार देर रात आग लग गई। आग लगने का कारण दुकान के पास स्थित बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

शार्ट सर्किट के चलते विद्युत लाइन में आग लग गई और आग दुकान के अंदर प्रवेश कर गई। घटना की जानकारी पड़ोसियों के द्वारा दी गई। जिस पर दुकान मालिक शाबान मंसूरी मौके पर पहुंचे तब तक दुकान में रखा सामान जलकर पूरी तरीके से खाक हो चुका था। दमकल विभाग के कर्मियों ने कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दुकान संचालक शाबान मंसूरी के मुताबिक दुकान के अंदर करीब 14 से 15 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# 25 से पांच मार्च तक जोर-शोर से चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- भाजपा के आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने बैठकें कर बनाई रणनीति

**अमृत विचार।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। रोजाना बैठक कर आगामी कार्यक्रमो को सफल बनाएं जाने की रणनीति बनाई जाती है। पार्टी के जो विभिन्न अभियान चल रहे है, उसकी समीक्षा भी हो रही है।

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में भाजपा महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, आईटी विभाग की औरैया विधानसभा की बैठकें हुई। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, औरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया ने बैठकों में पार्टी द्वारा आगामी 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलने वाला लाभार्थी संपर्क अभियान में महिलाएं पदाधिकारी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं, वे सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। कहा कि 2024 में लोकसभा की सीट पर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आए। केन्द्र सरकार ने जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है। लाभार्थी सम्पर्क के दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और प्रधानमंत्री का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। जिले में 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा और 1 मार्च से 3 मार्च के बीच विशेष अभियान चलाया जाएगा। अलग अलग बैठको में भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान,अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बंटूराव दिवाकर, आईटी विभाग के जिला संयोजक कुनाल तिवारी के अलावा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री खुशबू पांडेय, अजीतमल बाबरपुर की पूर्व चेयरमैन रानी पोरवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीतमल बाबरपुर, लाभार्थी अभियान के लोकसभा इटावा के सह संयोजक राहुल गुप्ता, सोनू सोनी, कार्तिक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 35 मिनट रेल फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



जाम के झाम में फंसे शहरवासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार दोपहर रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थी भी जाम में फंस गए व क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग 35 मिनट लोगों को जाम की झाम झेलना पड़ा।

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर दोपहर 12:10 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 35 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट दोपहर 12:45 बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। वहीं, जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ कांस्टेबल ने कड़ी मशक्कत से जाम की स्थित से निजात मिली। इस दौरान अस्पताल से नगरिया गांव जा रही एम्बुलेंस भी 25 मिनट जाम में फंसी रही। फाटक पर जाम लगने से कानपुर जा रही सीमांचल एक्सप्रेस को 15 मिनट होम सिंग्नल पर रोकी गयी।



टीएलएम का प्रस्तुतीकरण करते शिक्षक। अमृत विचार

## विद्यालयों को निपुण बनाने की कार्य योजना तैयार करें

**ताखा, इटावा।** विकास खंड ताखा के दीग संकुल के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की बैठक कंपोजिट विद्यालय मेदीपुर में आहूत की गई। जिसमें विद्यालयों को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। ऐतिहासिक इमारतों को किसने बनवाया, कहां स्थित है, पर आधारित टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया गया।

बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल के निर्देश के क्रम में बैठक का आयोजन किया गया।संकुल शिक्षक अवधेश सिंह राठौर ने निर्धारित एजेंडे पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालय को निपुण बनाने की कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें। 31 मार्च तक विद्यालय को निपुण बनाएं। यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंडेंट डाटा को पूर्ण करें।समर्थ ऐप पर दिव्यांग बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज करें। समय सारणी के अनुसार शिक्षण कार्य करें।विज्ञान किट एवम गणित किट के माध्यम से शिक्षण कार्य करें। शिक्षक महेंद्र शर्मा के द्वारा निर्मित टीएलएम ऐतिहासिक इमारतें किसने बनवाई एवम कहां पर स्थित है का शानदार प्रस्तुतिकरण किया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप बाबू ने की। प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत सिंह ने आभार व्यक्त किया। संकुल शिक्षक विकास यादव, अजय कश्यप, सुधीर वर्मा,हरिकिशन, जितेंद्र कुमार, विक्रम यादव, विक्रांत, चंद्रकांत, राहुल कुमार, अहिवरन सिंह, सुधीर शरण, अवधेश पाल, सचेंद्र सिंह,जितेंद्र यादव,शोएब अजीम, हेमंत कुमार शिक्षक रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचे सैफई

**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार की शाम, सैफई पहुंचे। आज शुक्रवार को फिरोजाबाद एवं आगरा जिले का करेंगे दौरा। सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार की शाम मुजफ्फरनगर का दौरा खत्म करके इंडियन एयरपोर्ट गाजियाबाद से प्राइवेट वायुयान से सैफई हवाई पट्टी पर पहुंचे थे। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से फिरोजाबाद एवं आगरा जिले का भ्रमण करके लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# स्पीड पोस्ट से घर पहुंचेंगे मतदाता कार्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राजनीतिक दलों के साथ जिला प्रशासन ने की बैठक

**अमृत विचार।** चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके बातचीत की । इसमें यह भी बताया गया है कि मतदाताओं के मतदाता कार्ड स्पीड पोस्ट से उनके घरों पर भेज दिए जाएंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एवं निरंतर पुनरीक्षण 2024 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई। एडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिन लोगों ने मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था उनके पहचान पत्र निर्वाचन कार्यालय में पहुंचने शुरू हो गए हैं। आयोग के निर्देश पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके पते पर भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर नए मतदाता बनने व संशोधन के लिए आवेदन किए गए हैं उन सभी के भी कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदाता को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है उन सभी के कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील कि अगर किसी का मतदाता पत्र छूटा है या नहीं है उसको बनवाने के लिए संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें। बैठक में नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुग्रह सेंगर, जिला महासचिव बहुजन समाज पार्टी रवीन्द्र कुमार , यादव कोषाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ब्रजेन्द्र सिंह सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लाभार्थी सम्पर्क अभियान में किया कार्यशाला का आयोजन

**इटावा।** भाजपा इटावा प्रथम मण्डल के अन्तर्गत लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लाभार्थी सम्पर्क अभियान लोक सभा संयोजक सुप्रिया मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंर्तगत देश के कौने कौन में रहने वाले करोड़ों की संख्या में लोग किसी न किसी योजना का लाभ ले रहे है। अभियान के तहत इटावा प्रथम मण्डल के द्वारा लाभार्थियों से सम्पर्क किया जाएगा। नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, इटावा प्रथम मण्डल के प्रभारी संजीव भदौरिया, अभियान संयोजक अखिलेश कौशिक, सभासद शरद बाजपेई जिला आईटी सेल संयोजक भाजपा शरद तिवारी, सोशल मीडिया इटावा विभाग संयोजक आशीष चौहान अभियान के सह संयोजक अंकुल चौहान जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक शैलेन्द्र वर्मा , गजेंद्र वर्मा , ओमरतन कश्यप, कीर्ति वर्मा, मनोरमा वर्मा, प्रशांत दीक्षित, रोहित पटेल, राजू वर्मा रहे।

**पेयजल और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को चलेगा अभियान :**

**महेवा।** महेवा की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत दस टीमें गांव -गांव जाकर लोगों को पेयजल व स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी। जिला कार्यक्रम संयोजक रूबी कुमारी के नेतृत्व में सहायक जिला कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार, ट्रेनर संतोषी देवी के सहयोग से जागरूकता वाहन के साथ पहुंचकर नुक्कड़ नाटक ,सामग्री वितरण ,स्वच्छता मेला सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**इटावा।** थाना सिविल लाइन में आगरा के थाना जैतपुर कला क्षेत्र के गांव गढ़वार के बलराम सिंह ने कहा है कि 12 फरवरी को भाई सुभाष उर्फ सोनू गांव के सियाराम के साथ बाइक से जा रहे थे। गांव पुठन सकरोली के पास ट्रैक्टर ड्राइवर बाइक में टक्कर मारकर भाग गया। भाई की मौत हो गई जबकि सियाराम का इलाज किया जा रहा है।

### आग से जली वृद्ध महिला ने तोड़ा दम

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ा के कपिल देव की 60 साल की मां विद्यावती पत्नी राम लखन 28 जनवरी की शाम घर में आग तापते समय अचानक साड़ी में आग लगने से बुरी तरह से जल गईं थीं। सैफई मेडिकल कॉलेज में बुधवार की रात मौत हो गई।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक 23 को

**महेवा, इटावा।** क्षेत्र पंचायत महेवा की बैठक 23 फरवरी को ब्लॉक सभागार महेवा में 12 बजे से ब्लॉक प्रमुख पवित्रा देवी की अध्यक्षता में होगी । जिसमें वित्त वर्ष 2024- 25 के लिए मनरेगा लेबर बजट मनरेगा कार्यों व राज्य वित्त एवं 15 वे वित्त के कार्यों को कराने की कार्ययोजना तैयार की जायेगी। सचिव क्षेत्र पंचायत /खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने बताया कि बैठक का एजेंडा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ,पदेन सदस्यों सहित ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजा गया है।



खंड शिक्षा अधिकारी को विदाई देते शिक्षक। अमृत विचार

# खंड शिक्षा अधिकारी का हुआ स्थानांतरण

**अजीतमल।** खंड शिक्षा आधिकारी दीपक कुमार का गुरुवार को विदाई समारोह उच्च प्राथमिक विद्यालय न्यामतपुर में किया गया। खंड शिखा अधिकारी का स्थानान्तरण शासन स्तर से आगरा हो गया हे। विदाई समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक दुबे ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। शिक्षकों को कोई भी परेशानी नहीं हुई। उनके कार्यकाल को शिक्षक हमेशा याद रखेंगे। अरुण दीक्षित ने कहा कि बीआरसी स्तर पर भी कई सुधार के प्रयास किए गए खंड शिक्षा आधिकारी ने स्कूल के बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता में विजय छात्रों को पुरस्कार वितरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविन्द राजपूत ने की। समारोह के दौरान प्रधानाध्यपक सतेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, राम जीवन, ओमेंद्र चौहान, महेश आदि मौजूद रहे।

**प्रशासन सख्त** नंबर प्लेट हटाने व नंबर छुपा कर वाहन चलाने वालों पर डीएम ने सख्ती करने का दिया आदेश

# दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किये कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान निर्देश देती डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम। अमृत विचार

- डीएम व एसपी ने मानस सभागार में बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम व एसपी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए की जो जिम्मेदारी कार्य करने के लिए सौंपी गयी है। उसको बखूबी निभाते हुए पूर्ण करें जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि जहां भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। वहां पर संकेतांक यातायात नियमों से संबंधित साइन बोर्ड स्थापित काराये, जिससे राहगीरों को जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि गति को कम करने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगायें जाए, जिससे उनके द्वारा नियम विरुद्ध चालन एवं परिचालन करने वालों को चिन्हित करके कार्यवाही की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नियम विरुद्ध चलने वाले के खिलाफ प्रवर्तन की कार्यवाही करें और यदि किसी के द्वारा पुनरावृत्ति की जाती है तो उसके लाइसेंस निरस्तीकरण की भी कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर जनपद औरैया के लिए आने वाले कट पर जनपद का साइन बोर्ड स्थापित काराये, जिससे वाहन चालक आसानी से उस कट पर उतरकर जनपद में प्रवेश कर सके। उन्होंने निर्देशित किया कि एंबुलेंस व हाइड्रा दुर्घटना के समय तत्काल पहुंचे। इसके लिए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जायें। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था को भी यह निर्देश दिए की दुर्घटना के समय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को समय रहते चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस को नेशनल हाईवे पर स्थान चिन्हित कर एम्बुलेंस को तैनात करने को कहा जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को शीघ्र उपचार मिल सके। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यातायात नियमों के जागरूकता के लिए विद्यालयों में की जा रही गतिविधियों के संबंध में की गई कार्यवाही की सूचना अति शीघ्र अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध काराये।

बैठक में अवगत कराया गया कि कुछ वाहनों पर नंबर प्लेट हटाकर अथवा नंबरों को छुपा कर वाहनों का संचालन किया जाता है। जिससे प्रवर्तन कार्य के समय सही जानकारी नहीं होती है।

जिस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रवर्तन कार्य पुलिस विभाग, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं खनन विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर प्रवर्तन कार्य करें और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यूपीडा से संबंधित अधिकारी से कहा कि वह यह सुनिश्चित करें कि रोड पर कोई भी खराब वाहन न खड़ा रहे और इसके लिए उसे हटवाने की व्यवस्था काराये।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधितों को यह भी निर्देश दिए की सड़क सुरक्षा से संबंधित की गई कार्यवाहियों की सूचना अति शीघ्र अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दें, जिससे दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या तैयार हो सके और कार्यों की स्थिति का सत्यापन भी कराया जा सके। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार, सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## जान देने जा रहे युवक को आरपीएफ ने बचाया

**अछल्दा औरैया।** कस्बे में मेला देखने के लिए पति अपनी पत्नी और साली साले के साथ मेला घूमने आये थे तभी किसी की बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हो गया । मामला इतना बढ़ गया कि साले ने जीजा के साथ मारपीट करदी जीजा को अपनी बेइजती होने पर ट्रेन से कटने पहुचा। जहां पर पहले से ड्यूटी दे रहे आरपीएफ ने बचाया।

दिल्ली- हावड़ा रूट पर गुरुवार की शाम 6 बजे को जीजा अपने ससुराल निवासी बघुआ ससुर उदयवीर सिह के यहाँ आये थे। तभी कानपुर गांव बैना पोस्ट राजपुर निवासी मोहित पत्नी पिंकी और साले रमन साली के साथ में मेला घुमने के लिए गए हुए थे लेकिन मोहित ने किसी बात को लेकर मेला मे अपनी पत्नी के साथ पर मारपीट कर दी। इतने में साले ने जीजा के साथ मारपीट कर दी। इससे गुस्साए अछल्दा स्टेशन पर कटने को पहुंच गए। तभी आरपीएफ के गुरमीत ने बचा लिया। इसके बाद पति- पत्नी को समझा कर घर भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है 1 फार्म 38 न0- FF-0146115 एवं 2 फार्म C न0. 0558729, 0558730 Might Scientific Sales के नाम से जारी हुए जो की वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**

पहले मेरा नाम HINA KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAYMA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: SARFRAZ AHMAD KHAN R/O: 51, SHADAB COLONY RAHEEM NAGAR MAHANAGAR, LUCKNOW**

**सूचना**

सूचित हो कि मै पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली, शादी से पूर्व नाम पूजा शर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासिनी- 2/321 एन0टी0पी0सी0 ऊँचाहार, रायबरेली था जिसे बदलकर शादी के बाद पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली कर लिया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह, निवासी- ग्राम-सतांव, पर0तह0व जिला रायबरेली,** परिवार रजिस्ट्रर्ड नकल में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्ण कुमार पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित हो गया है जिसके स्थान पर मेरा सही नाम कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित किया जाय तथा मेरे पुत्र का नाम कामाक्षा पुत्र कृष्ण कुमार के स्थान पर सही नाम गुरू महंत बाबा पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह अंकित किया जाय।

**सूचना**

मेरा फ्लैट नं. G 903, KDA Signature Greens विकास नगर कानपुर, कब्जा एवं आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **बृजमोहन कानोड़िया पुत्र स्व. लालचन्द्र कानोड़िया मयंक कानोड़िया पुत्र बृजमोहन कानोड़िया कानपुर नगर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री हर्षिता साहू को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। इनके द्वारा कारित किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **अनीता साहू पत्नी स्व0 सन्तोष साहू निवासिनी- म.नं. 290/65/5, पाण्डेय का तालाब, मालवीय नगर, बत्रा पट्रोल पम्प के पास तालकटोरा, लखनऊ- 226017**

**NOTICE**

In my army record my father's name is wrongly mentioned as Shri Bala Prasad and date of birth as 01.01.1975 instead of name Bala Prasad Chourasiya date of birth 01.01.1966. Mother's name is wrongly mentioned as Beban Bai, date of birth 01.07.1980 instead of Beban Bai Chourasiya date of birth 01.01.1968. Army No 14834512W, Havildar/ MT Manohar Chourasiya S/o Bala Prasad Chourasiya, Resident- Ward- 16, Chourasiya Mohalla, Bilhari, Katni, Madhya Pradesh-483501.

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| अनाज (प्रति क्वि.) | |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| दलहन (प्रति क्वि.) | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| दाल (प्रति क्वि.) | |
| अरहरफूल | 14600-14800 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चना दाल | 7200-7300 |
| मटर दाल | 5100-5200 |
| मसूर मलका | 6950-7000 |
| मसूर दाल | 7000-7050 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| चावल (प्रति क्वि.) | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं2. | 6500-7500 |
| आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000 |
| सौंफ | 20000-35000 |
| हल्दी | 13500-16500 |
| काली मिर्च | 55000-70000। |

# महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

- दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

## बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

## इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी




इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,970 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

- फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

## बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नयशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

## धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होगा

मुंबई, एजेंसी

- एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा



देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# राष्ट्रीय

# आगामी चुनाव देश का भविष्य तय करेगा

## गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

जांजगीर, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''

शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।



पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर इन दिनों सपरिवार कश्मीर में हैं। गुरुवार को उन्होंने बेटी सारा और पत्नी अंजलि के साथ डल झील में शिकारे का आनंद लिया।

## एक नजर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई।

## बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण-पोषण दे पत्नी : अदालत

इंदौर, एजेंसी

- इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

**जयपुर।** राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

## दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

## किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाये सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

## ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

## कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा



आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

## शिवसेना नेता का दावा

## 1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

## एक नजर

### उत्तर भारत में कल से 27 फरवरी तक बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता होने वाली है। यह सक्रियता कल से 27 फरवरी तक बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक चार दिनों तक बने रहने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) का व्यापक असर पड़ने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन बाद आने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' की सक्रियता का कितना असर पड़ने वाला है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक बार फिर से जमकर बारिश और बर्फबारी होगी। पिछले हफ्ते सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अभी भी लगातार बर्फबारी और बारिश हो रही है।

### वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, 15 की मौत, दर्जनों फंसे

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने की खदान ढहने से करीब 15 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है।



हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है। घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 15 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है।

### मंगोलिया में कड़ाके की ठंड से 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत

**उलान बतोर।** मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से पशुओं की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। मंगोलिया के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार ठंड के कारण पूरे देश में कम से कम 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है। मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

### अमेरिका: भारतीय छात्रों से वाणिज्य दूतावास के अफसरों ने की बातचीत

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने देश में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है।

# 11 माह पहले पारित आदेश संशोधित मैतेई समुदाय एसटी सूची से बाहर

- 27 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने किया था पारित, इस आदेश से मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हुआ था जनजातीय संघर्ष


**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर रखने का फैसला लिया है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिल्लू की पीठ ने पुराने आदेश को संशोधित करते हुए साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (3) हटाया जा रहा है। बता दें कि लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में मैतेई और कुकी आदिवासी समुदाय के बीच जनजातीय संघर्ष हुआ था।

गौरतलब है कि मार्च, 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक चीफ जस्टिस एमवी मुरलीधरन की पीठ ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। अप्रैल में आदेश की प्रति सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में जमकर हिंसा भड़की थी। हाईकोर्ट के फैसले को संशोधित करने का आदेश देते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की पीठ ने बुधवार, 21 फरवरी को पारित आदेश में कहा, 'अदालत इस बात से संतुष्ट है कि एकल न्यायाधीश की पीठ में 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश के पैराग्राफ 17 (3) में दिए गिए निर्देशों की समीक्षा जरूरी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ किया कि एकल पीठ के निर्देश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ है। खंडपीठ में संशोधन का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार ने प्रक्रिया निर्धारित की है। उन्होंने लगभग 11 महीने पहले पारित आदेश के पैरा 17 (3) में निहित हाईकोर्ट के निर्देश को हटाने पर जोर दिया। अदालत ने साल 2013-14 में जारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल विस्तृत संवैधानिक प्रोटोकॉल का उल्लेख भी किया।

# हाईवे पर आपात हालात में 1033 या 108 पर मांगें मदद

*आजकल लोकल सड़क से लेकर बड़े-बड़े हाइवे सभी सुरक्षा के लिहाज से नजर हटी, दुर्घटना घटी वाली स्थिति में हैं। नेशनल हाईवे पर लोग लंबी-लंबी दूरी का सफर तय करते हैं, सफर करते समय सुरक्षा की दृष्टि से डर सा होता है, कि किसी गंभीर स्थिति में इस सड़क पर कौन मददगार बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं है, बड़े-बड़े हाईवे पर यात्रा के समय भी आप निश्चिंत होकर यात्रा कर सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर मदद उपलब्ध कराता है। जानते हैं कैसे पा सकते हैं मदद...*

**24** घंटे हाईवे फैसेलिटी में टोल प्लाजा एम्बुलेंस पेट्रोल व्हीकल क्रेन सेवाएं है शामिल



### टोलबूथ की टैक्स रसीद पर होता है हेल्पलाइन नंबर

इसके अलावा आप जिस नेशनल हाईवे पर जा रहे हैं, वहां टोलबूथ पर पैसे देने के बाद जो रसीद मिलती है, उस पर भी चार फोन नंबर आगे-पीछे के हिस्से में मिलते हैं। इन फोन नंबर हेल्पलाइन, क्रेन सर्विस, एंबुलेंस सर्विस मिल सकती है।

हाईवे पर परेशानी से बचने का कोई जरिया ? एनएचएआई का राजमार्गयात्रा मोबाइल एप भी है। इससे यात्री रियल टाइम मौसम के हालात, समय पर प्रसारित सूचनाएं और नजदीकी टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### आपात स्थिति में कैसे मिलेगी मदद

हाईवे पर सफर करते समय अगर वाहन खराब हो जाए, हादसा हो या मेडिकल इमरजेंसी हो तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी के हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 पर फोन कर सकते हैं। ये सेवा 24 घंटे चलती है। हाईवे फैसेलिटी में- टोल प्लाजा एम्बुलेंस, पेट्रोल व्हीकल, क्रेन या एंबुलेंस सेवा शामिल है। ये नंबर 24 घंटे सातों दिन काम करते हैं।

### 'राजमार्ग यात्रा मोबाइल' एप से मिलेगी मदद

राजमार्ग यात्रा एप पर रजिस्टर्ड शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है। ये विभिन्न बैंक पोर्टलों के साथ जुड़ा है, इस तरह यूजर्स के लिए फास्टैग को रिचार्ज करना सुविधाजनक बनाता है। सफर के दौरान हाइवे पर पड़ने वाले पर्यटन स्थल की जानकारी भी मिलती है। साथ ही ब्लैक स्पॉट कहां पर है, इसकी जानकारी भी मिलती है।

# चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी समिति चुनाव आयोग को सौंपेगी रिपोर्ट

## पाकिस्तान: उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित करने का था आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी में चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी कर ली है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट चुनाव निकाय को सौंपेगी। दरअसल, ये आरोप एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए गए हैं।

गौरतलब है, पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। वहीं, 17 फरवरी को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जांच की मांग उठने लगी थी।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आरोपों की जांच के लिए रविवार को समिति का गठन किया था। लियाकत अली ने कहा था कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया। वहीं, पद से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए गठित की गई ईसीपी की जांच समिति को तीन दिन का समय दिया गया था। समिति ने अपनी जांच तय समय में पूरी कर ली और जल्द चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, 'समिति ने रावलपिंडी संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए हैं। डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामों में हेरफेर के आरोपों से इनकार कर दिया है।

### इमरान समर्थित पीटीआई का तीन मार्च को संगठनात्मक चुनाव



पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई भले ही देश के आम चुनाव में भाग नहीं ले पाई हो, लेकिन पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भारी संख्या में नेशनल एसेंबली का चुनाव जीता है। इमरान खान की संकटग्रस्त पार्टी अब तीन मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव करवाने जा रही है। इससे पहले पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के अंदरूनी चुनाव को रद्द कर दिया था। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई ने घोषणा की है कि वह तीन मार्च को नए सिरे से पार्टी के अंदरूनी चुनाव करवाएगी। पार्टी के सदस्य शुक्रवार-शनिवार तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पार्टी के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 25 फरवरी तक पूरी होगी और नामांकन पर फैसला 27 फरवरी तक किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई के संगठनात्मक चुनावों के लिए वोटिंग पार्टी के केंद्रीय सचिवालय समेत देश के सभी चार प्रांतों में पीटीआई कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैरिस्टर गौहर अली खान को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, जबकि रऊफ हसन पार्टी चुनाव के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। पीटीआई ने चुनाव आयोग के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में पार्टी के अंदर एक अंदरूनी चुनाव करवाया गया था, जिसमें गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने पार्टी के चुनाव को रद किया था। हालांकि, इसके बाद कुछ असंतुष्ट पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पार्टी के चुनाव को चुनौती दे दी और अदालती लड़ाई के बाद चुनाव को रद्द कर दिया गया था।

# तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला 1 घायल, 3 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट में अब न्याय के साथ-साथ इलाज भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का सीजेआई ने किया उद्घाटन

सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को न्याय के साथ-साथ इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया।

सीजेआई ने कहा, 'मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया, 'मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे।

सीजेआई ने कहा, 'जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो।

## बर्फबारी का आनंद लेते सैलानी...





**श्रीनगर :** फोटो जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की है। जहां पिछले 48 घंटों से भारी बर्फबारी हो रही है। सैलानी बर्फबारी का आनंद ले रहें हैं। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में मौसम की दूसरी भारी बर्फबारी हो रही है। इस बीच, कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले राजमार्ग मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड सहित कई मार्ग पूरी तरह से बंद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इसके कारण राज्य की 405 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। सिक्किम में भारी बर्फबारी से भारत-चीन सीमा पर फंसे 500 पर्यटकों को भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया है। ● एजेंसी

# मंदिरों पर 10% टैक्स लगाएगी कर्नाटक सरकार, विधेयक पास

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- विधानसभा में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित, फैसले से भड़की भाजपा

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित हो गया। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है। इस पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा 'कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' अपने खाली खजाने को भरने के लिए पारित किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की एक करोड़ से ज्यादा की कमाई पर 10% टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा।

# यूएन पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर फिर भड़के जयशंकर बोले-बहुपक्षीय समाधान नहीं मिल रहे

नई दिल्ली में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा कि 'कई मामलों में हम बीच का रास्ता नहीं निकाल सके। पुराने मुद्दों के अलावा, नए मुद्दे भी हैं। कनेक्टिविटी, कर्ज, व्यापार आदि मुद्दे भी हैं और कैसे इनसे फायदा उठाया जा रहा है। ये जरूरी नहीं है कि ये सब कुछ पश्चिमी देश कर रहे हैं, लेकिन शुरुआत में पश्चिमी देशों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा था और आज जो स्थिति है, उसके लिए पश्चिमी देश भी जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र के जो नए सदस्य बन रहे हैं, उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बात करें तो वहां सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। ऐसे में यह एक समग्र समस्या है और हमें बदलाव के लिए धीरे-धीरे संघर्ष करना होगा।

# चीन के जाल में फंसा मालदीव भेजा जासूसी पोत, भारत चिंतित

**माले, एजेंसी**

- अमेरिकी थिंक-टैंक ने लगाया आरोप, चीनी अनुसंधान पोत हिंद महासागर से कर रहा डाटा एकत्र



चीन का समुद्री अनुसंधान जहाज हिंद महासागर में लगभग एक महीना बिताने के बाद गुरुवार को मालदीव के पास पहुंच गया। इस जहाज को जासूसी जहाज बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि, चीनी अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 उसी दिन मालदीव पहुंचा है जब भारतीय और श्रीलंकाई जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए इस द्वीपसमूह पर पहुंचे। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही के बारे में भारत पहले ही चिंता जता चुका है। अमेरिकी थिंक-टैंक ने आरोप लगाया है कि चीन के अनुसंधान जहाजों का बेड़ा सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डाटा एकत्र कर रहा है। हालांकि बीजिंग ने आरोप से इनकार किया है। दुनिया भर में सभी समुद्री जहाजों पर नजर रखने वाली समुद्री यातायात वेबसाइट के हवाले से बताया कि जियांग यांग होंग 03 गुरुवार सुबह माले शहर के करीब दिखा, वहीं दोपहर में यह थिलाफुशी के पास था। चीनी अनुसंधान जहाज ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन की यात्रा समाप्त होने के बाद 14 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद यह गुरुवार को माले के पास पहुंचा। दावा किया गया कि जहाज 22 जनवरी से ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था।

**विज्ञान** | दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से करेंगे आगाह

# जलवायु परिवर्तन को लेकर नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** दिन पर दिन गंभीर होते जा रही जलवायु परिवर्तन की समस्या पर नजर रखने के लिए नासा एक साथ दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी के अंतिम छोर पर पहुचाने जा रहा है। दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से आगाह करेंगे। दोनों मिशन जल्द लॉन्च किए जाएंगे।

वर्तमान समय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ गंभीर लड़ाई का है। भले ही नासा इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इसमें अपने शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। नासा के अनुसार पिछले 20 साल के अंतराल में जलवायु परिवर्तन में बड़ा असर देखने को मिला है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक तेजी से बढ़ रहे हैं।



नासा ध्रुवों पर इस तरह से लॉन्च किए जाएंगे उपग्रह।

जिसका विपरीत असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहा है। इस वैश्विक समस्या पर नजर रखने के लिए फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट (प्रीफायर) उपग्रह लॉन्च करने जा रहा है। यह दो उपग्रह होंगे, जिन्हें अगले माह लॉन्च कर दिया जाएगा। 470 से 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर दोनों अंतरिक्ष यान वायुमंडल में एक-दूसरे को पार करते हुए निकट-ध्रुवीय कक्षाओं में स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन से पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से होने वाली गर्मी के पूर्ण वातावरण को मापा जा सकेगा। पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जलवायु से संबंधित सटीक जानकारी देने में सक्षम होगा।

### ध्रुवों की जलवायु की जानकारी अभी भी अधूरी

ध्रुवों की जलवायु को लेकर हमारी जानकारी अभी भी अधूरी है, जबकि हमारे वातावरण में कई तरह का मापन इन्ही क्षेत्रों को आधार माना जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में विकिरण का असर भी देखने को मिलता है। ध्रुवीय क्षेत्र मानवीय दखल से अभी भी दूर हैं। जिस कारण पृथ्वी के ध्रूव आज भी स्वच्छ माने जाते हैं, लेकिन जलवायु में तेजी से आ रहे बदलाव से संभवत: ध्रुव भी अछूते नही रह सकते। जिस कारण इनकी निगरानी अधिक जरूरी हो गई है।

# भू-राजनैतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान जरूरी: वी मुरलीधरन

**रियो डि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



- जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की दो टूक

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ब्राजील में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा, भारत ने साफ किया कि दुनिया के कई देशों को प्रभावित करने वाले भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

बता दें कि कुछ महीने पहले भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित हुआ था। अब इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक में दो टूक कहा, 'दुनियाभर में टकराव की कई घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान काफी रचनात्मक तरीके से किया जाए। भारत ने जी-20 देशों के मंत्रियों की बैठक में जटिल मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर भी जोर दिया।

गौरतलब है कि भारत ने ब्राजील को जी-20 देशों की अध्यक्षता एक दिसंबर, 2023 को सौंपी। रियो डि जेनेरियो में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई। बुधवार को उद्घाटन के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 देशों की भूमिका पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं पर बात की।